सूर्योदय 7:13 सूर्यास्त 5:34

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.4 न्यू | 13.0 अधि |
| धर्मशाला | 4.4 न्यू | 12.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78699.07 |
| निफ्टी | 23813.40 |
| सोना 76,130 | चांदी 92,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



अगर नतीजे नहीं आए तो टेनिस को कह देंगी अलविदा : ओसाका

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 30 दिसंबर 2024 | 16 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 12, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### मध्य प्रदेश: बोरवेल में गिरे 10 वर्षीय बच्चे की मौत



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में 140 फुट गहरे बोरवेल में गिरे 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कई एजेंसियों की मदद से 16 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार को बच्चे को बाहर निकाला था। बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सुमित मीणा नाम का बच्चा पिपलिया गांव में शनिवार शाम करीब पांच बजे बोरवेल में गिर गया था।

### पंजाब में दो गिरोहों के पांच बदमाश गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने जग्गू भगवानपुरिया और अमृतपाल बाठ गिरोह के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया है, जिन पर लक्षित हत्याओं की योजना बनाने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के पास से चार हथियार भी बरामद किए हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने 'एक्स' पर बताया कि तरनतारन पुलिस ने जग्गू भगवानपुरिया और अमृतपाल बाठ गिरोह के पांच साथियों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से नौ एमएम की एक ग्लॉक पिस्तौल समेत चार हथियार जब्त किए हैं।

### गुजरात के कच्छ में 3.2 तीव्रता का भूकंप

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में रविवार सुबह 3.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिला प्रशासन ने कहा कि किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने बताया कि किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप सुबह 10.06 बजे आया और इसका केंद्र भचाऊ से 18 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व में स्थित था। इस महीने जिले में तीन से अधिक तीव्रता वाला यह तीसरा भूकंप है।



### जहरीली गैस लीक होने से 4 कर्मचारियों की मौत

**भरूच।** गुजरात में भरूच जिले के दहेज स्थित एक रासायनिक संयंत्र में जहरीली गैस का रिसाव होने से चार कर्मचारियों की मौत हो गई। दहेज थाने के निरीक्षक बीएम पाटीदार ने बताया कि शनिवार रात को गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड (जीएफएल) की एक उत्पादन इकाई में पाइप से जहरीली गैस के रिसाव की चपेट में आने से कर्मचारी बेहोश हो गए। चारों कर्मचारियों को भरूच के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से तीन की रविवार तड़के करीब तीन बजे मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने सुबह छह बजे दम तोड़ दिया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सरकार हर तरह से व्यवस्था पतन पर उतारू : जयराम -पेज 3
- मनाली-केलांग मार्ग फोर व्हील वाहनों के लिए बहाल -पेज 11
- अटल टनल के दीदार को अभी करना होगा इंतजार -पेज 12
- असम में 15 करोड़ की ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार -पेज 13
- कोनेरू हंपी ने विश्व रैपिड शतरंज खिताब जीता -पेज 14


# दक्षिण कोरिया में प्लेन क्रैश, 179 की मौत

## लैंडिंग के दौरान नहीं खुले पहिए; एयरपोर्ट बाउंड्री से टकराकर ब्लास्ट, पक्षी टकराने का मिला था अलर्ट

**एजेंसी, सियोल**

**दक्षिण** कोरिया में मुआन एयरपोर्ट पर जेजू एयर का विमान क्रैश हो गया। विमान में 175 पैसेंजर और 6 क्रू मेंबर समेत 181 लोग थे। 179 शव बरामद किए जा चुके हैं। रेस्क्यू टीम ने 2 लोगों को जिंदा बचा लिया है।

11 शवों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। यह हादसा भारतीय समय के मुताबिक, रविवार सुबह 9:07 बजे हुआ। बैंकॉक से आ रहा प्लेन एयरपोर्ट पर लैंड करने वाला था, लेकिन लैंडिंग गियर में खराबी की वजह से विमान के पहिए नहीं खुले। इमरजेंसी में विमान की बेली लैंडिंग कराई गई। इसमें प्लेन की बॉडी सीधे रनवे से टकराती है। इस दौरान विमान रनवे पर फिसलता हुआ एयरपोर्ट की बाउंड्रीवाल से जा टकराया। उसमें धमाके के साथ आग लग गई। सूत्रों के अनुसार, हादसे के पहले मुआन एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से प्लेन से पक्षी टकराने का अलर्ट भेजा था।

**सिर्फ दो लोग ही बच पाए**



### बैंकॉक से लौट रहा था प्लेन

**कोरिया** के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि विमान 15 वर्ष पुराना बोइंग 737-800 जेट था, जो बैंकॉक से लौट रहा था। मुआन अग्निशमन केंद्र के प्रमुख ली जियोंग-ह्योन ने कहा कि विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया है और मलबे के बीच केवल 'टेल असेंबली' ही पहचानी जा सकती है। कर्मचारी दुर्घटना के कारणों के बारे में विभिन्न संभावनाओं की जांच कर रहे हैं। इसमें विमान के पक्षियों से टकराने के पहलू की भी जांच की जा रही है।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

**कंपनी** ने घरेलू और विदेशी नागरिकों के घर वालों के लिए दो नंबर जारी किया है। घरेलू यात्रियों के लिए 080-898-1500 और विदेश यात्रियों के लिए +82-1599-8629 नंबर जारी किया गया है। विमान में दो थाईलैंड नागरिकों को छोड़कर अधिकांश यात्री कोरिया के थे। स्थानीय टीवी स्टेशनों की ओर से प्रसारित वीडियो में विमान को बिना लैंडिंग गियर लगाए उतरने का प्रयास करते हुए दिखाया गया है।

### दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश में हुआ हादसा

जेजू एयरलाइन का जो प्लेन क्रैश हुआ है, वह अमेरिकी कंपनी बोइंग का 737-800 प्लेन था। प्लेन ने एयरपोर्ट पर लैंडिंग के लिए दो बार कोशिश की। पहली बार में लैंडिंग गियर नहीं खुलने की वजह से प्लेन लैंड नहीं हो पाया था। इसके बाद प्लेन ने एयरपोर्ट का एक चक्कर लगाया था। पायलट ने दूसरी बार प्लेन को बिना लैंडिंग गियर के ही बैली लैंडिंग (बॉडी के बल) कराने का फैसला किया। कई मीडिया रिपोर्ट्स में मुताबिक, प्लेन के विंग से पक्षी के टकराने का दावा किया जा रहा है। इसकी वजह से लैंडिंग गियर खराब हुआ और लैंड करते वक्त खुल नहीं पाया। मुआन एयरपोर्ट के दमकल अधिकारी ने बताया कि प्लेन में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि आग को बुझाने में 43 मिनट का वक्त लगा। फिलहाल क्रैश साइट पर बचाव कार्य जारी है। ज्यादातर लोग प्लेन के पिछले हिस्से में थे। प्लेन में सवार यात्रियों में 173 साउथ कोरियाई और 2 थाईलैंड के नागरिक थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जिंदा बचे दोनों लोग क्रू मेंबर्स हैं।

**24 घंटे में तीन हादसे**

### कनाडा में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**हेलिफैक्स** एयरपोर्ट पर शनिवार देर रात को एयर कनाडा के एक विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी। पीएएल एयरलाइंस की फ्लाइट एएसी-2259 क्रैश होने से बाल-बाल बची। फ्लाइट में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। विमान में आई तकनीकी खराबी विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद फ्लाइट में आग लग गई। लैंडिंग में थोड़ी सी भी देरी किसी बड़े हादसे की वजह बन सकती थी।

### जेजू एयरलाइंस ने कहा- हम सिर झुकाकर मांगते हैं माफी

**हादसे** के बाद कोरिया की जेजू एयरलाइंस ने बयान जारी कर कहा कि मुआन प्लेन क्रैश के लिए हम उन सभी लोगों से सिर झुकाते हुए माफी मांगते हैं, जिन्हें नुकसान पहुंचा है। हमारी तरफ से होने वाली किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है। सबसे पहले हम दुर्घटना को सुलझाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। जेजू एयर वर्तमान में एक कंपनी-व्यापी आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली संचालित कर रही है। कंपनी ने शोक संतप्त परिवारों के लिए एक सहायक स्टाफ का गठन किया है और हताहतों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान की है।

### नॉर्वे में रनवे पर फिसला विमान, बाल-बाल बचे 182 यात्री

**नॉर्वे** के ओस्लो टॉर्प सैंडफियोर्ड एयरपोर्ट पर शनिवार देर रात को केएलएम रॉयल डच एयरलाइंस का विमान इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान फिसल गया। ओस्लो एयरपोर्ट से एम्स्टर्डम की ओर जा रहा बोइंग 737-800 विमान के हाइड्रोजन सिस्टम में खराबी आ गई थी। इसके बाद विमान को ओस्लो से 110 किमी दक्षिण सैंडफियोर्ड एयरपोर्ट पर उतारने का फैसला किया गया। सुरक्षित लैंडिंग के बावजूद विमान रनवे से फिसल गया और पास के घास वाले क्षेत्र में जाकर रुका। इस विमान में कुल 182 लोग सवार थे।

# हिमाचल में शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक सुधार पर फोकस: सीएम सुक्खू

## बोले- 6 राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार लाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

शिक्षा की गुणात्मक में सुधार लाने पर सरकार का फोकस है। राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें हर स्कूल में प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक कम से कम 1,000 छात्रों को समायोजित करने की क्षमता होगी। कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां, ज्वालामुखी, फतेहपुर, पालमपुर और जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्रों के साथ-साथ हमीरपुर जिले के भोरंज विधानसभा क्षेत्र में छह स्कूलों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इसके अलावा राज्य सरकार ने 10 स्थानों पर स्थापित किए जाने वाले इन स्कूलों के लिए वास्तुशिल्प योजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### स्कूलों में होंगी हाईटेक सुविधाएं

**सुक्खू** ने कहा कि राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं जैसे हाईटेक स्मार्ट क्लासरूम, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम और स्विमिंग पूल आदि से सुसज्जित किया जाएगा। ये सरकारी स्कूल शिक्षण संस्थानों के मानकों में उल्लेखनीय सुधार लाएंगे और ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों में जीवन की चुनौतियों को प्रभावी ढंग से सामना करने का आत्मविश्वास पैदा करेंगे।

# हिमाचल हाईकोर्ट के 30वें चीफ जस्टिस बने गुरमीत

## राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जस्टिस संधावालिया को दिलाई पद की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने रविवार को हिमाचल हाईकोर्ट के 30वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। शिमला स्थित राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने जस्टिस संधावालिया को पद की शपथ दिलवाई। इस दौरान हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राज्य सरकार में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया और विधायक रघुबीर सिंह बाली आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वह हिमाचल प्रदेश के साथ लगते पंजाब से ही आए हैं और हिमाचल प्रदेश को अच्छे ढंग से समझते हैं।



हिमाचल हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस को शपथ दिलाते राज्यपाल शुक्ल।

### तारीख की बजाय न्याय देने की होगी कोशिश

**मुख्य** न्यायाधीश गुरमीत सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आना उनके लिए घर आने जैसा है। पहले भी हिमाचल प्रदेश आते रहे हैं। यह तुलनात्मक तौर पर छोटा राज्य है और यहां अपराध के मामले भी कम हैं। यहां ज्यादातर मामले सर्विस और सिविल से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह कोशिश करेंगे कि सभी का सहयोग लेकर जल्द से जल्द मामलों का निपटारा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह खुद एक वकील भी रहे हैं। ऐसे में लोगों को आने वाली परेशानियों को भी बेहतर तरीके से समझते हैं। वह कोशिश करेंगे कि लोगों को तारीख की बजाय न्याय मिले।

# बर्फबारी से होगा नववर्ष का स्वागत

## पहली से तीन जनवरी तक बारिश-बर्फबारी की संभावना, प्रदेश में बढ़ा ठंड का प्रकोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में रविवार को मौसम साफ रहा। प्रदेश में बारिश और बर्फबारी से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऊपरी पहाड़ी इलाकों और मध्य पर्वतीय इलाकों में दो दिन हुई बर्फबारी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विभाग ने नववर्ष पर बर्फबारी-बारिश होने की संभावना जताई है। ऊपरी और मध्य पहाड़ी इलाकों में पहली जनवरी से लेकर 3 जनवरी तक बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। वहीं, निचले व मैदानी इलाकों में पहली जनवरी तक शीतलहर को लेकर चेतावनी जारी की है। 31 दिसंबर तक बिलासपुर और मंडी जिले के कई हिस्सों में घना कोहरा छाने को लेकर अलर्ट जारी किया है।

### 6 शहरों का पारा माइनस में

| | |
|---|---|
| ताबो | -12.3 डिग्री |
| कुकुमसेरी | -7.0 डिग्री |
| कल्पा | -3.4 डिग्री |
| भरमौर | -1.7 डिग्री |
| नारकंडा | -1.4 डिग्री |
| मनाली | -0.2 डिग्री |



रविवार को निकली धूप के बीच रिज मैदान में घूमने का आनंद लेते पर्यटक।

**न्यूनतम तापमान** शिमला में न्यूनतम तापमान 3.4, सुंदरनगर में 7.9, भुंतर में 4.0, धर्मशाला में 4.4, ऊना में 5.0, नाहन में 6.6, पालमपुर में 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा कांगड़ा में 5.6, मंडी में 7.9, बिलासपुर में 9.7, हमीरपुर में 6.4, चंबा में 3.1, डलहौजी में 0.4, जुब्बरहट्टी में 5.4, कुफरी में 0.9, कसौली में 4.7, पांवटा साहिब में 8.0, सराहन में 0.5, देहरा गोपीपुर में न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पहाड़ी से गिरा मलबा; महिला की मौत, दो जख्मी

## पंडोह के समीप 4 मील में पेश आया हादसा, महाराष्ट्र की रहने वाली थी महिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**किरतपुर**-मनाली फोरलेन पर 4 मील में टैक्सी पर पहाड़ी से मलबा गिरने से एक महिला की मौत, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक महिला की पहचान प्रिया यादव (30) पत्नी चंचल यादव निवासी नवी मुंबई (महाराष्ट्र) और घायलों की चंचल यादव (32) पुत्र कृष्णा चंद्रा निवासी नवी मुंबई व टैक्सी चालक शिव सिंह (27) पुत्र जय सिंह निवासी वसंत विहार करनाल हरियाणा के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव का जोनल अस्पताल मंडी में पोस्टमार्टम करवाया।



रविवार को किरतपुर-मनाली फोरलेन पर टैक्सी नंबर एचआर-45ई-4591 मनाली की ओर से चंडीगढ़ जा रही थी। जैसे ही गाड़ी मंडी के पंडोह के समीप स्थित 4 मील पहुंची तो अचानक पहाड़ी से मलबा टैक्सी पर गिर गया। गाड़ी में सवार 3 लोग घायल हो गए। लोगों की सहायता से घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से जोनल अस्पताल मंडी भेजा, लेकिन रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि हादसे में एक महिला की मौत हो गई है।

दो घायलों का इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि फोरलेन पर कई जगह पहाड़ी से मलबा गिरने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से सावधानी से सफर करने की अपील की है।

**कार्यक्रम** पीएम बोले- महाकुंभ में भाग लें तो समाज में विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करने का लें संकल्प

# समय की हर कसौटी पर खरा उतरा संविधान: मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने साल के आखिरी रविवार को 117वीं बार मन की बात कार्यक्रम में संविधान दिवस और महाकुंभ का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब हम महाकुंभ में भाग लें, तो समाज में विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करने का संकल्प लें।

पीएम ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट, कालाहांडी की सब्जी क्रांति, बस्तर ओलंपिक और कुरुक्षेत्र के मलेरिया रोकथाम के प्रयासों के बारे में भी बात की। यह इस साल 9वां और आखिरी एपिसोड था। लोकसभा चुनाव के कारण मार्च, अप्रैल और मई में एपिसोड टेलीकास्ट नहीं हुए थे। पीएम ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है वह समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए गाइडिंग लाइट है और हमारा मार्गदर्शक है। मोदी ने कहा कि महाकुंभ का संदेश एक हो पूरा देश। उन्होंने कहा कि गंगा की अविरल धारा, न बनते समाज हमारा।




उन्होंने प्रयागराज में अगले साल 13 जनवरी से आयोजित इस समागम में शामिल होने वाले लोगों की विविधता के मद्देनजर कहा कि विविधता में एकता के ऐसे दृश्य का कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। महाकुंभ की विशेषता न केवल इसकी विशालता, बल्कि इसकी विविधता में भी है। यह विशाल धार्मिक आयोजन हर 12 साल में आयोजित किया जाता है।

### 'वेव्स' शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत


**पीएम** ने कहा कि भारत अगले साल फरवरी में पहली बार 'वैश्विक ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन' (वेव्स) की मेजबानी करेगा, जो देश की रचनात्मक प्रतिभाओं के लिए एक वैश्विक मंच होगा, सहयोग को बढ़ावा देगा और विश्व स्तरीय मनोरंजन सामग्री निर्माण के केंद्र के रूप में देश की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। पीएम ने काह कि बस्तर में एक अनूठा ओलंपिक शुरू हुआ है। पहली बार हुए बस्तर ओलंपिक से बस्तर में एक नई क्रांति जन्म ले रही है। मेरे लिए यह बहुत ही खुशी की बात है कि बस्तर ओलंपिक का सपना साकार हुआ है।

### राज कपूर और मोहम्मद रफी को किया याद

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि राज कपूर जी ने फिल्मों के माध्यम से दुनिया को भारत की सॉफ्ट पावर से परिचित कराया। रफी साहब की आवाज में वह जादू था जो हर दिल को छू जाता था। भक्ति गीत हों या रोमांटिक गाने, दुख भरे गाने, उन्होंने अपनी आवाज से हर भावना को जीवंत कर दिया।

### जनवरी में बदलेंगे सात राज्यों के भाजपा अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भाजपा में फरवरी तक संगठन स्तर पर बड़ा फेरबदल होगा। नए साल में जनवरी के आखिरी या फरवरी के पहले हफ्ते में पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। इसके अलावा 15 जनवरी तक मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर और झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष भी बदले जाएंगे। संगठन चुनाव को लेकर रविवार को दिल्ली में बैठक हुई। संगठनात्मक चुनाव और सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुई। बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष के अलावा राष्ट्रीय महासचिव और संगठन चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी भी मौजूद रहे। इसके अलावा राज्यों से प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री और चुनाव अधिकारी शामिल हुए। बैठक मंडल, जिला और प्रदेश पदाधिकारियों के चुनाव पर केंद्रित रही।



## न्यूज ब्रीफ

### रक्तदान शिविर में 20 ने किया रक्तदान




**अनंत ज्ञान, जाहू।** शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 20 युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कै. अश्विनी कटोच रहे। उन्होंने अपनी ओर से ट्रस्ट को 3 हजार रुपए की राशि प्रदान की। वहीं कांगड़ा बैंक के पूर्व प्रबंधक नंदलाल रणौत ने एक हजार रुपए की राशि दी। इस रक्तदान शिविर में शहीद अंकुश ठाकुर की माता और ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा रानी ने भी रक्तदान किया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष उषा रानी, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, कोष अध्यक्ष प्रदीप कुमार, सचिव शिव प्रकाश, सदस्यों में मनीष और विनय के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### हिमाचली छात्र तेलंगाना की संस्कृति से होंगे रू-ब-रू




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए छात्र-छात्राओं का एक समूह युवा संगम के पांचवें चरण के तहत तेलंगाना की समृद्ध पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना हुआ। इस पहल के नोडल संस्थान, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) हमीरपुर ने अपने परिसर में एक गरिमामय फ्लैग ऑफ समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनआईटी हमीरपुर के निदेशक डॉ. एचएम सूर्यवंशी ने की जो मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर डॉ. सूर्यवंशी ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सीखने के महत्व पर जोर देते हुए प्रतिभागियों से इस अनूठे अवसर का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। डॉ. सूर्यवंशी ने डीन फैकल्टी वेलफेयर डॉ. अनूप कुमार और एसोसिएट प्रो. डॉ. प्रदीप सिंह व डॉ. कुलदीप के शर्मा के साथ बस को झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. परम सिंह और सहायक नोडल अधिकारी, डॉ. श्रीराम टीएस ने इस आयोजन के लिए सुचारु प्रबंधन सुनिश्चित किया। फैकल्टी सदस्यों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं और प्रेरणा दी, जिससे इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान पहल के महत्व को रेखांकित किया गया। युवा संगम कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक एकीकरण और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। यह यात्रा राष्ट्रीय एकता की दिशा में एक सार्थक कदम है।

# राजनीति की दलदल में फंसा फोरलेन!

## हमीरपुर-भगेड़ टू-लेन या फोरलेन, यक्ष प्रश्न यही, कब बनेगा?

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



फाइल फोटो

**अभी सर्वे में फंसा है पेंच, सीएम सुक्खू कह चुके हैं फोरलेन ही होगा, लेकिन कैसे?**

शिमला-मटौर फोरलेन की कहानी भी अलग-अलग 'पैचेज' के हिसाब से राजनीति के 'हिचकोले' खाने लगी है। कहीं फोरलेन बन रहा, तो कहीं टू-लेन, कहीं अभी पता ही नहीं, होगा क्या? क्या इस सड़क मार्ग को मुकम्मल तौर पर फोर-लेन बनाने में ट्रैफिक लोड का सर्वे आड़े आ रहा है या फिर कोई और वजह। कोहली-भगेड़ के 40 किमी के सबसे महत्वपूर्ण 'पैच' पर भी यही 'पेंच' हावी होता हुआ दिखाई दे रहा है।

सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि जवाब कहीं से नहीं आ रहा। भू-तल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी फोरलेन बनाने की घोषणा कर चुके हैं। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू गडकरी साहब से मिलकर फोरलेन का दावा जता चुके हैं। रानीताल से थोड़ा आगे से कोहली तक टू-लेन ही बन रहा है। इसके आगे मनाली-किरतपुर फोरलेन से कनेक्ट करने वाले जिस सबसे महत्वपूर्ण पैच के निर्माण में देरी हो रही है। उसे लेकर कई सवाल और परेशानियां मुंह फुला कर खड़ी हो रही हैं। कारण यह है कि इस नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक लोड लगातार बढ़ रहा है। घुमारवीं के आसपास ट्रैफिक जाम हो रहा है। हमीरपुर से जाने वाला ट्रैफिक तो इस सड़क मार्ग पर है ही आसपास का ट्रैफिक भी अब इस पर बढ़ चुका है, लेकिन इस नेशनल हाईवे का रूप स्वरूप क्या होगा अभी स्थिति साफ ही नहीं है।

सर्वे कब पूरा होगा? फोरलेन बनेगा या टू-लेन, टेंडर कब होगा? यह सारे सवाल नेताओं की बोलवाणी पर भी सवाल उठा रहे हैं। कितने सर्वे इस टच के होंगे तीन सर्वे हो चुके हैं, लेकिन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को भी खुद पता नहीं है कि यह नया रोड किस तरह का बनेगा वे इस पर अप्रैल तक इंतजार करने को कह रहे हैं। कारण साफ है उन्हें भी इसके बारे में दिल्ली ऑफिस से कोई गाइडलाइन नहीं मिल पाई हैं। इसीलिए सारी स्थिति ऊहापोह में फंसी हुई है। (अनंत ज्ञान)

### यह कह चुके हैं सुक्खू अनुराग और गडकरी

**निकले** हिमाचल की लाइफ लाइन को बहुत बेहतर बनाने वाले इस प्रोजेक्ट को लेकर नेताओं के बयान भी समय के हिसाब से अलग-अलग ही रहे हैं। सीएम सुक्खू ने कहा था नितिन गडकरी से बात हो गई है, उन्होंने पूरे प्रोजेक्ट को फोरलेन बनाने का ही प्रॉमिस किया है, जबकि सांसद अनुराग ठाकुर कहते हैं कि ट्रैफिक लोड के मुताबिक ही इसका निर्माण मंत्रालय करेगा। परिवहन मंत्री नितिन गडकरी फोरलेन का ऐलान कर चुके हैं। कोहली से ज्वालामुखी, रानीताल तक का तकरीबन 40 किमी पैच टू-लेन तैयार हो रहा। इसकी जमीन भी 30 मीटर के हिसाब से ही एक्वायर हुई है, जबकि फोरलेन के लिए 45 मीटर चाहिए है। फिर फोरलेन कैसे बनेगा? जुलाई 2025 तक इस रोड के बनते ही कोहली से भगैड़ तक ट्रैफिक और ज्यादा बढ़ेगा, लेकिन आगे का निर्माण होगा कब, यही यक्ष प्रश्न खड़ा है। हमीरपुर स्थित एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम मीणा पहले ही कह चुके हैं कि कोहली-भगेड़ नेशनल हाईवे टू-लेन होगा या फोरलेन? अभी मिनिस्ट्री से कोई डायरेक्शन नहीं है। मार्च के बाद ही पता चल पाएगा। सर्वे रिपोर्ट्स जमा करवाई हुई है।

# सरकारी खजाना संकट में, बिल रोककर ट्रेजरी बंद करने वाली पहली सरकार: राजेंद्र राणा



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के इतिहास में पहली बार कोषागार (ट्रेजरी) बंद करने की नौबत आई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आर्थिक स्थिति को बेहतर बताने के दावे कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि करोड़ों रुपए के बिल पास होने के बावजूद उनका भुगतान नहीं हो रहा है और ट्रेजरी पर ताले लग गए हैं।

राणा ने जारी प्रेस बयान में यह भी आरोप लगाया कि नाबार्ड और केंद्रीय योजनाओं का धन भी कर्मचारियों की वेतन जरूरतें पूरी करने के लिए डायवर्ट किया जा रहा है, जिससे प्रदेश का आर्थिक ढांचा बुरी तरह चरमरा गया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपने चहेतों पर सरकारी खजाना लुटाने में व्यस्त है, लेकिन आम जनता और कर्मचारियों को राहत देने में पूरी तरह विफल रही है।

उन्होंने ठेकेदारों की हालत पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार द्वारा काम करवाने के बावजूद उनके बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बैंक से ऋण लेकर काम पूरे करने वाले ठेकेदार अब आर्थिक संकट में हैं। सरकार की कार्यशैली को कर्मचारियों और आम आदमी के खिलाफ बताते हुए कहा कि यह सरकार प्रदेश की जनता के भरोसे को तोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार चंद दिनों की है ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है, यह सरकार खुद जो है अपने वजन से गिरने वाली है।

# बड़सर की दीक्षा पठानिया को पीएचडी लॉ में गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, बड़सर**



जिला हमीरपुर के तहसील बड़सर की दीक्षा पठानिया पुत्री कमल पठानिया ने पीएचडी लॉ में गोल्ड मेडल हासिल किया है। उन्होंने अपना यह मुकाम कैरियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर से पूरा किया। दीक्षा ने 12वीं की शिक्षा ब्राइट सन सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैहरे से की है। दीक्षा के पिता कारोबारी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं और माता असिस्टेंट प्रोफेसर और भाई मैकेनिकल इंजीनियर हैं। दीक्षा की इस उपलब्धि से पूरा परिवार गर्व महसूस कर रहा है। दीक्षा पठानिया इस सफलता से पूरे बड़सर के साथ साथ पूरे हमीरपुर का नाम रोशन हुआ है।

# मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में डॉक्टर की लापरवाही गर्भवती महिला पर पड़ी भारी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गायनी के डॉक्टर का गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। मेडिकल कॉलेज में प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई, जिसको को लेकर परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और प्रसव करवाने वाली प्रशिक्षु के खिलाफ सदर थाना हमीरपुर में शिकायत दर्ज करवा दी है।

बता दें कि यह मामला शुक्रवार शाम का है और ग्राम पंचायत री के टिक्कर गांव की शबनम को प्रसव के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया था। गर्भवती महिला को प्रसव का इंजेक्शन तो दे दिया, लेकिन उसके बाद मेडिकल कॉलेज में तैनात स्टाफ ने महिला की कोई सुध नहीं ली। जब परिजनों ने

**नवजात बच्चे की हुई मौत परिजनों ने डॉक्टर और प्रशिक्षु पर लगाए आरोप**

गर्भवती महिला की हालत स्टाफ को बताई तो स्टाफ का कहना था कि अभी प्रसव के लिए समय है। उसके बाद जब तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो गर्भवती महिला की मां और सास ने लेबर रूम में महिला को पहुंचाया। उसके बाद स्टाफ भी लेबर रूम में प्रसव करवाने के लिए आ गया। प्रसव के दौरान पता चला कि नवजात की हार्ट वीट नहीं है और उसकी मौत हो गई है।

परिजनों से ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर से इस बारे में बात की तो डॉक्टर ने भी अपनी गलती मानी और पोस्टमार्टम करवाने के लिए

**महिला के पति ने सदर पुलिस थाना हमीरपुर में दर्ज करवाई शिकायत**

भेज दिया। शनिवार को छुट्टी होने के कारण पोस्टमार्टम करवाने में भी परिजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर से इस बारे में बात की उसके बाद डॉक्टर ने नवजात का पोस्टमार्टम किया।

परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने नवजात बच्चे के जीवन से खिलवाड़ किया है और प्रसव के समय डॉक्टर को जो प्रशिक्षु जिसने प्रसव करवाया उसे बताना चाहिए था। यही नहीं उन्होंने बताया कि प्रशिक्षु को पूरा चार्ज भी प्रशिक्षण होने के बाद दिया जाना चाहिए था, जिससे वे पूरे तरीके से प्रसव करवा सके। परिजनों ने बताया कि डेढ़ साल पहले भी महिला का केस मेडिकल कॉलेज में खराब हुआ था। उसके बाद इस केस में भी लापरवाही से नवजात की मौत हो गई। महिला के पति विशाल ने बताया कि जिस ट्रेनी ने प्रसव करवाया है और जो डॉक्टर ड्यूटी पर था उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि डॉक्टर और प्रशिक्षु के खिलाफ सदर थाना हमीरपुर में लापरवाही की शिकायत दर्ज करवा दी है। इस बारे में सदर थाना हमीरपुर के प्रभारी बाबू राम ने बताया कि प्रसव के दौरान नवजात की मौत को लेकर महिला के पति ने शिकायत दर्ज करवाई है। (अनंत ज्ञान)

# बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए कड़ाके की ठंड भी नहीं रोक पाई श्रद्धालुओं के कदम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लगातार दो दिन से हो रही मूसलाधार बारिश के बाद कंपकपाती ठंड भी बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध मंदिर जाने वाली पैदल यात्रा श्रद्धालुओं के कदम नहीं रोक पाई। इस 27वीं वार्षिक हमीरपुर से दियोटसिद्ध मंदिर तक पैदल 40 किलोमीटर यात्रा में बच्चों से लेकर महिलाओं और शहर के अन्य 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। यह यात्रा शिव मंदिर हमीरपुर से रात 2 बजे शुरू हुई और लगभग 10 बजे बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध पहुंची।

इस दौरान बाबा के भक्त बाबा के जयकारे लगाते हुए एक-दूसरे को साथ लेकर यात्रा कर रहे थे। यात्रा में जा रहे श्रद्धालुओं को रास्ते में डिडवीं टिक्कर के व्यापारियों ने चाय की पिलाई, उसके बाद भोटो में भी चाय की व्यवस्था भोटो व्यापारियों ने कर रखी थी। साथ ही सुबह का नाश्ता भी बिझड़ी से 2 किलोमीटर पहले किया हुआ था। उसके बाद चकमोह में भी चाय की व्यवस्था की हुई थी और सभी श्रद्धालुओं को वापसी के लिए बस की व्यवस्था की हुई थी।






इस यात्रा में व्यापारियों के साथ बहुत से लोग भी यात्रा करते हैं। यात्रा में लगभग 7 से 8 घंटे का समय लगता है और यह यात्रा लगभग 40 किलोमीटर की होती है, जिसे पूरी श्रद्धा के साथ श्रद्धालु करते आ रहे हैं। इस यात्रा में प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग रहता है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु आसानी से बाबा बालक नाथ के दर्शन कर सकें, उसकी भी पूरी व्यवस्था होती है।

यात्रा की मुख्य संयोजक राजेंद्र सोनी, विनोद शर्मा, जुगल किशोर, दिनेश कुमार, अशोक ठाकुर, नीरज भाटिया और उनकी समस्त टीम इस यात्रा को करवाती आ रही है। राजेंद्र सोनी ने इस सफल आयोजन के लिए समस्त टीम और श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया है।

# नववर्ष में उचित मूल्य की दुकानों में मिलेगा मक्की का आटा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



प्रदेश के सस्ते राशन के डिपुओं में नए साल से राशनकार्ड उपभोक्ता मक्की का आटा भी खरीद सकेंगें। हिम मक्की आटा के नाम से डिपुओं में एक किलो से लेकर पांच किलो की पैकिंग में प्राकृतिक मक्की का आटा 50 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीद सकेंगें। सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी डिपुओं में मक्की का आटा जनवरी माह से मुहैया करवाने जा रही है, ताकि राशनकार्ड धारकों को घरद्वार के नजदीक बेहतर क्वालिटी का आटा खरीदने को मिल सकें।

बता दें कि प्रदेश सरकार ने पहली बार प्राकृतिक खेती में स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतू राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट अप योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के 10 जिलों में सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन के माध्यम से किसानों से प्राकृतिक खेती से तैयार 3905 क्विंटल मक्की खरीदी थी। जिससे 3593 क्विंटल मक्की का आटा तैयार किया गया है। सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की आटे को डिपुओं में नए साल से हिम भोग के नाम से बेचने जा रहा है। प्रदेश के सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मक्की का आटा एक किलो की पैकिंग से लेकर पांच किलो की पैकिंग तक मुहैया करवाया जाएगा। राशनकार्ड उपभोक्ता 50 रुपए प्रति किलो के हिसाब से हिम भोग आटा खरीद सकेंगें। अगर हम हमीरपुर जिला की बात करें, तो यहां पर 49.09 क्विंटल और ऊना जिला में 102.59 क्विंटल मक्की आटा राशनकार्ड धारकों को मुहैया करवाया जाएगा। राशनकार्ड धारक भी डिपुओं में मक्की का आटा मिलने से काफी खुश हैं। क्योंकि शहरी क्षेत्रों में मक्की का आटा आसानी से मिल पाना मुश्किल है। लोग दूर-दराज गांवों से लाकर मक्की का आटा खाने में प्रयोग करते हैं। ऐसे में मक्की का आटा ग्रामीण क्षेत्रों की बजाए शहरी क्षेत्रों में ज्यादा सेल आउट होने की उम्मीद है। यही नहीं लोग भी मोटे अनाज को लेकर ज्यादा जागरूक हो रहे हैं और चावल व गेहूं की बजाए मक्की का आटा प्रयोग करना ही बेहतर समझ रहे हैं। ऐसे में आने वाले समय में मक्की के आटे की डिमांड डिपुओं में बढने् की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

**50 रुपए प्रतिकिलो के हिसाब से मिलेगा मक्की का आटा**

> सस्ते राशन के डिपुओं में नए साल से प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की का हिम भोग आटा मुहैया करवाया जाएगा। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के डिपुओं में एक किलो से लेकर पांच किलो की पैकिंग में हिम मक्की आटा उपलब्ध करवाया जा रहा है। राशनकार्ड उपभोक्ता 50 रुपए प्रति किलो के हिसाब से मक्की का हिम भोग आटा खरीद सकेंगें।
>
> **संजीव वर्मा, एरिया मैनेजर, सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन हमीरपुर**

# बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के गेट नंबर 5 से मेटल डिटेक्टर गायब

**एसके ठाकुर, बड़सर**




उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में वैसे तो प्रत्येक रविवार श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है, लेकिन नववर्ष पर श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक बढ़ जाती है। श्रद्धालओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा मेटल डिटेक्टर भी लगाए गए हैं, लेकिन यदि गेट नंबर 5 की बात की जाए तो यहां पर लगाया गया मेटल डिटेक्टर गायब हो गया है। नववर्ष को शुरू होने में सिर्फ एक दिन बचा है और गेट नंबर 5 मेटल डिटेक्टर न होना कहीं बड़ी लापरवाही साबित न हो।

गौर रहे कि गेट नंबर पांच से वीआईपी, दिव्यांग और बुजुर्गों की एंट्री भी इसी गेट से होती है। इसके अलावा अन्य श्रद्धालु भी इसी रास्ते से मंदिर में शीश नवाने के लिए जाते हैं। मेटल डिटेक्टिव का न होना मंदिर प्रशासन की लापरवाही बयां कर रहा है। नववर्ष के आगमन पर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी हो जाती है इसी गेट से होकर श्रद्धालु लंगर भवन एवं मौजूदा महंत श्रीश्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरी के दरबार में भी पहुंचते हैं। (अनंत ज्ञान)

### सुरक्षा में चूक होना बड़े हादसे को बुलावा देना

नववर्ष आगमन पर बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु बाबा पौणाहारी के जयकारों के साथ मंदिर में हाजिरी लगाते हैं तथा नव वर्ष की संध्या पूर्व गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लेते हैं, ताकि आने वाला वर्ष मंगल में बीत सके।

### क्या कहते हैं मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर

**मैं** विभागीय ट्रेनिंग के चलते अपने क्षेत्र बाहर हूं मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी का कहना है की हो सकता है मेटल डिटेक्टिव में कोई खराबी आ गई होगी। इसके चलते उसे गेट नंबर 5 से हटा दिया होगा। नववर्ष की संध्या से पूर्व मेटल डिटेक्टिव गेट नंबर 5 पर रिस्टोर कर दिया जाएगा।

**सियासत** कब होगी पांच मंडलों और जिला अध्यक्ष की अनाउंसमेंट, ऊहापोह में नेता और चाहवान

# भाजपा में मंडलाध्यक्षों व जिलाध्यक्ष की तैनाती पर पेंच

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

नेताओं की पैंतरेबाजी की वजह से हमीरपुर जिला में भाजपा सीधे तौर पर दो गुटों में बंटी हुई है। इसका सीधा असर संगठनात्मक चुनाव पर खूब असर दिखा रहा है। मसला चाहे बचे हुए मंडल अध्यक्षों की तैनाती का हो या फिर जिला अध्यक्ष की अनाउंसमेंट का। दोनों ही मामलों में यही चर्चा हो रही है कि मौका वफादार को मिलेगा या रूट स्तर के व्यक्ति को, क्योंकि 31 दिसंबर तक सारी प्रक्रिया पूरी होनी है। जिन मंडलों में दिक्कत चल रही है उनमें हमीरपुर, सुजानपुर, बड़सर शामिल हैं। इनमें हमीरपुर और सुजानपुर के लिए तो बैठक ही आयोजित नहीं हुई है। बड़सर में भी एक मंडल का चुनाव शोर शराबे और आरोपों प्रत्यारोपों के बीच विवादित होकर स्थगित हो गया था।

मंडल चुनाव की प्रक्रिया मुकम्मल होने के बाद जिला अध्यक्ष की अनाउंसमेंट होनी है, लेकिन क्योंकि कभी मुकम्मल तौर पर भाजपा के प्रभाव वाले इस जिले में इस वक्त नेताओं के दरमियान जितना फासला आ चुका है, उसी की वजह से कार्यकर्ता तो असमंजस में है ही संगठनात्मक ढांचे को एक सूत्र में यह चुनाव बांध पाएंगे या नहीं? इस पर फिलहाल सवालिया निशान हैं।

**गुटबाजी दिखा रही है असर**



### कौन होगा जिले का सरदार

**अब** क्योंकि वक्त बचा नहीं है और एक-दो दिनों के भीतर बड़सर के एक मंडल अध्यक्ष और हमीरपुर, सुजानपुर के दो-दो मंडल अध्यक्षों का ऐलान हो ही जाना है, लेकिन जिलाध्यक्ष की सरदारी किसके हवाले होगी, यह सबसे अहम सवाल है। चर्चा एक ही हो रही है कि समीरपुर की चलेगी या बिलासपुर की? इसी की गुणवत्ता की बेहतर परख अदला-बदली के इस माहौल में देखी जाएगी। मतलब साफ है कि दिल्ली दरबार की चलेगी या फिर जिला में परंपरागत ढांचे का असर दिखेगा? हिमाचल में अभी कल 171 मंडल अध्यक्षों में तकरीबन 30 मडल अध्यक्षों की तैनाती का मसला फंसा हुआ है। यह प्रक्रिया इस वक्त तक मुकम्मल हो जानी चाहिए थी।

### केंद्रीय नेतृत्व की वजह से फर्क

**दरअसल** ऑपरेशन 'लोटस' के समय जिला के जिन तीन विधायकों की वजह से पार्टी के ढांचे में अब नया माहौल सवार हुआ है, उसी के कारण पार्टी के चुनाव में भी इसका असर दिख रहा है। कांग्रेस से आए इंद्रदत्त लखनपाल तो विधायक बन गए, हमीरपुर में निर्दलीय आशीष शर्मा भी भाजपा के हो गए। सुजानपुर में पूर्व विधायक राजेंद्र राणा की नए घोड़े की राजनीतिक सवारी जिस अंदाज में जिला की राजनीति में कदमताल कर रही है, उसका भी अलग प्रभाव है। अब इन चीजों को कोई नजर अंदाज भी नहीं कर सकता। हालात ही ऐसे हैं, जिस कारण पार्टी की भीतरी परिस्थितियां नई राहें तलाशती हुई भी नजर आ रही हैं। केंद्रीय नेतृत्व इन तीन नेताओं के लिए जिस तरीके से नई बुनियाद बनाने में जुटा हुआ है। उसका असर परंपरागत भाजपा पर भी प्रभाव दिखाने में अपना आधार दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा।

# प्रदेश में नए साल का जश्न मनाने उमड़ेगा पर्यटकों का जनसैलाब

## बीते 48 घंटे में शिमला पहुंचे एक लाख से अधिक वाहन

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में क्रिसमस की भीड़ जुटने के बाद नए साल के जश्न को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। नए साल का जश्न मनाने के लिए पर्यटक भारी संख्या में पहाड़ों का रुख कर रहें हैं। आगामी 4 जनवरी तक होटलों में कमरों की एडवांस बुकिंग चल रही है। उम्मीद की जा रही है कि बर्फ की चाह में पर्यटकों की संख्या पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ सकती है। शिमला, मनाली, धर्मशाला, खजियार, कसौली, चायल, कुफरी और नारकंडा सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

शिमला में बीते 24 घंटे में 1 लाख से ऊपर पर्यटक के वाहन शिमला पहुंचे है। इन दिनों राजधानी शिमला की बात की जाए तो यहां पर कुफरी में पर्यटक बर्फ देखने की चाह में जा रहे है। वहीं मनाली में भी पर्यटकों की काफी भीड़ जुट चुकी है। इस बार समय से बर्फ पड़ने के चलते पर्यटन कारोबार को पंख लगे है। कारोबारियों के चेहरे खिल गए है। हिमाचल में चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, यूपी, राजस्थान, दिल्ली और मुंबई से पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटकों का कहना है कि वह हिमाचल में बर्फ का सबसे बढ़िया नजारा है। ऐसे में यहां की वादियों में घूमने का कुछ अलग ही मजा है। (अनंत ज्ञान)



### ट्रैफिक से निजात दिलाने को सड़कों पर उतरे उपायुक्त व एसपी



**न्यू** ईयर पर पर्यटकों की संख्या अधिक बढ़ने की संभावना हुई। ऐसे में ट्रैफिक से निजात दिलाने के लिए उपायुक्त शिमला और एसपी स्वयं सड़कों पर उतर गए है। इन दिनों कुफरी में बर्फबारी के चलते फिसलन ज्यादा बढ़ गई है। ऐसे में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कुफरी, फागू में ट्रैफिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसपी शिमला संजीव गांधी ने भी सभी पुलिस जवानों को गंभीरता से ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए है। शिमला शहर में इन दिनों जाम की स्थिति भी पैदा हो गई है। ऐसे में पुलिस जवानों को सतर्क किया गया है।

> क्रिसमस के दौरान तीन दिनों के भीतर करीब 15 हजार पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे जबकि लगभग 60 हजार पर्यटक वाहनों की आवाजाही शिमला शहर में हुई। शिमला जिला पुलिस की माने तो 23 दिसंबर से 25 दिसंबर तक शिमला में 60 हजार से ज्यादा वाहनों का आवागमन हुआ। वाहनों की ये संख्या नए साल पर ओर अधिक बढ़ सकती है, जिसके लिए शिमला पुलिस ने कमर कस ली है।
> –संजीव गांधी, एसपी शिमला

> शिमला, मनाली और धर्मशाला में 80 से 90 फीसदी तक एडवांस बुकिंग हो चुकी है। मनाली और धर्मशाला में क्रिसमस पर 80 फीसदी तक ऑक्यूपेंसी रही। बर्फ पड़ने की वजह से इस साल पिछले वर्ष के मुकाबले पर्यटकों का ज्यादा रुझान देखने को मिल रहा है। मौसम ने साथ दिया, फिर बर्फ पड़ी तो इस बार पर्यटन सीजन पिछले रिकॉर्ड तोड़ सकता है।
> –राजीव कुमार
> हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के एमडी

## एचपीयू की दिव्यांग पीएचडी छात्रा को परीक्षा में अतिरिक्त समय न देने की शिकायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की कंप्यूटर साइंस विभाग की दिव्यांग पीएचडी स्कॉलर मीनू चंदेल ने परीक्षा में अतिरिक्त समय न दिए जाने पर कुलपति प्रो. एसपी बंसल से शिकायत की है। उसका कहना था कि इससे उसकी परीक्षा पर असर पड़ा और मानसिक आघात लगा। उसने संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

डिसेबल्ड स्टूडेंट एंड यूथ एसोसिएशन (डीएसवाईए) के संयोजक और विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में पीएचडी स्कॉलर मुकेश कुमार ने बताया कि मीनू चंदेल की कोर्स-वर्क की परीक्षा 24 और 26 दिसंबर को विश्वविद्यालय बिजनेस स्कूल में शाम 2 बजे से 5 तक थी। परीक्षा केंद्र अधीक्षक ने मीनू चंदेल के आग्रह के बावजूद उसे यूजीसी और विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप 3 घंटे की परीक्षा पर 1 घंटे का अतिरिक्त समय देने से मना कर दिया। मीनू चंदेल ने कुलपति को भेजी शिकायत में कहा है कि परीक्षा केंद्र अधीक्षक का कहना था कि जिन विद्यार्थियों को राइटर इस्तेमाल करने की सुविधा दी जाती है, उन्हें अतिरिक्त समय नहीं दिया जाता। मुकेश कुमार के अनुसार यह यूजीसी, हिमाचल प्रदेश सरकार और हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के एक फैसले का खुला उल्लंघन है। नियमों के अनुसार दृष्टिबाधित और किसी दिव्यांगता के कारण हाथ से लिखने में असमर्थ विद्यार्थियों को परीक्षा में लिखने के लिए राइटर की सुविधा दी जाती है। इसके अलावा उन्हें हर एक घंटे की परीक्षा पर 20 मिनट का अतिरिक्त समय मिलना चाहिए।

## डॉ. मनमोहन सिंह को जीते जी कभी सम्मान नहीं दे पाई कांग्रेस : टंडन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल एवं संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में 'संगठन पर्व 2024-25' की बैठक में भाग लिया। यह महत्वपूर्ण बैठक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में आयोजित हुई, इसके साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित कई अन्य गणमान्य नेताओं, राष्ट्रीय पदाधिकारियों और विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों व संगठन महामंत्रियों ने बैठक में भाग लिया।



सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि ये वास्तव में विडंबना है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ, मनमोहन सिंह जी के दुखद देहावसान पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे। कांग्रेस, जिसने डॉ. मनमोहन सिंह जी को जीते जी कभी वास्तविक सम्मान नहीं दिया, अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है।

### गांधी परिवार ने अपने परिवार को छोड़ कर देश के किसी भी बड़े नेता को सम्मान नहीं दिया : श्रीकांत

**भाजपा** प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा ये वहीं कांग्रेस है जिसने पीएम मनमोहन सिंह के ऊपर सुपर पीएम के रूप में सोनिया गांधी को बिठा कर पीएम पद की गरिमा को धूमिल किया था, उसे नीचा दिखाया था। यही नहीं, पीएम मनमोहन सिंह का अपमान जिस तरह से राहुल गांधी ने अध्यादेश फाड़ कर किया था, इसकी कोई दूसरी मिसाल देखने को नहीं मिलती और आज वहीं राहुल गांधी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी की मौत पर भी राजनीति कर रहे है।

गांधी परिवार ने अपने परिवार को छोड़ कर देश के किसी भी बड़े नेता को न तो सम्मान दिया और न ही उनके साथ न्याय किया चाहे वे कांग्रेस पार्टी से हों या विपक्ष से हों। चाहे वे बाबासाहेब अंबेडकर हों, देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद हो, सरदार पटेल हो, लालबहादुर शास्त्री जी हो, पीवी नरसिम्हा राव हो, प्रणब मुखर्जी हो, सीताराम केसरी हो, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी हो या अन्य दूसरे बड़े नेता क्यों न हो- कांग्रेस और गांधी परिवार ने सदैव इनका अपमान ही किया।

### कांग्रेस नहीं चाहती थी कि नरसिम्हा राव का अंतिम संस्कार दिल्ली में हो : राजीव बिंदल

**भाजपा** अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कांग्रेस नेताओं और उनके समर्थकों ने तो श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के देहावसान के बाद भी उनका अनवरत अपमान किया, इसके कई उदाहरण मौजूद हैं। पूर्व पीएम आदरणीय मनमोहन सिंह की समाधि के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने जगह भी दी और परिवार को सूचित भी किया। फिर भी कांग्रेस झूठी खबरें फैला रही है। वैसे कांग्रेस का इतिहास याद रखने की जरूरत है। 23 दिसंबर 2004 को पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव जी के निधन के बाद दिल्ली के राजघाट परिसर में समाधि स्थल बनाए जाने की मांग की गई थी, लेकिन सुपर पीएम सोनिया गांधी ने इसकी मंजूरी नहीं दी। उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस दफ्तर में जगह तक नहीं दी गई थी। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि नरसिम्हा राव का अंतिम संस्कार दिल्ली में हो और बाद में उनका अंतिम संस्कार हैदराबाद में किया गया। ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी थे जिन्होंने 2015 में नरसिम्हा राव जी के लिए समाधि भी बनवाया और 2024 में भारत रत्न देकर उनका मान बढ़ाया, उन्हें सम्मान दिया।




अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

## रेलवे स्टेशन और हेरिटेज पार्क ने सलोगड़ा को दी अलग पहचान


### अंग्रेजों के शासनकाल में यहां हुआ करती थी आलू की आढ़त

'हर गांव कुछ कहता है' की इस कड़ी में आज बात करेंगे जिला मुख्यालय सोलन से करीब 5 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे-5 पर स्थित सलोगड़ा पंचायत की, जो अपने आप में इतिहास और वर्तमान के अध्याय को संजोए हुए हैं। बात चाहे यहां की विश्व धरोहर रेलवे स्टेशन की हो या फिर गण की सैर में बने हेरिटेज पार्क की। इतिहास के पन्ने पलटे तो अंग्रेजी हुकूमत के समय इस गांव के बीचो बीच से रेलवे लाइन बनने से यहां के लोगों की तकदीर ही बदल दी। यहां के रेलवे स्टेशन में तब राशन, कोयला और फल इत्यादि के सामान की लोडिंग-अन्लोडिंग हुआ करती थी। इसी वजह से सलोगड़ा में आलू की आढ़त भी बनी। सिरमौर के राजगढ़ क्षेत्र से स्टेशन तक खच्चरों पर लाद कर आलू पहुंचाया जाता था। वापसी में इन्ही खच्चरों पर आवश्यक सामान राजगढ़ और निकटवर्ती क्षेत्रों तक पहुंचाया जाता था।


प्रस्तुतिः आर. मोहन चौहान, मनीष कुमार (सोलन)





### धार्मिक पर्यटन के तौर पर उभरा

**सलोगड़ा** पंचायत की गण की सैर में अश्वनी खड्ड के किनारे मोहन मिक्नि कंपनी ने मोहन हेरिटेज पार्क का निर्माण किया है। पार्क में सनातन देवी देवताओं की संगमरमर की मूर्तियां को भव्य मंदिर में स्थापित किया गया है। इस पार्क का शिलान्यास पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। आज इस पार्क की भव्यता देखने प्रदेश ही नहीं बाहरी राज्यों के पर्यटक पहुंचते है। इसके चलते यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन के तौर पर उभरा है।

### कई बड़ी हस्तियों ने निवास स्थली बनाया



**स्थानीय निवासी ब्रिज लाल गुप्ता** बताते हैं कि सलोगड़ा स्टेशन पर बने रेस्ट हाउस में आजादी से पहले कई बड़ी हस्तियां रुका करती थी। किन्नौर के निर्माता, प्रदेश के मुख्य सचिव रहे और तीन बार विधानसभा स्पीकर ठाकुर सैन नेगी को सलोगड़ा इतना पसंद आया कि वे यही आकर बस गए। स्वतंत्रता सैनानी और दलित उत्थान करने वाले समाजसेवी रतन चंद रोझे ने सलोगड़ा को ही अपनी निवास स्थली बनाया। यहां का शांत और समशीतोष्ण वातावरण की वजह से यहां कई बड़ी हस्तियों ने अपने आशियाने बनाएं है। शहर के नजदीक होने के चलते सलोगड़ा में कहने को तो हर सुविधा है, पर स्कल में शिक्षकों की कमी और स्वास्थ्य केंद्र मेडिकल स्टाफ की कमी से लोग परेशान है।

### बिजेश्वर देवता मंदिर आस्था का केंद्र



**सलोगड़ा** का अधितर क्षेत्र अब गांव से बदल कर शहरी हो चुका है। बावजूद इसके स्थानीय लोग खेती और पशुपालन करते हैं। यहां के स्थाई लोगों के इष्ट बिजेश्वर देवता का मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। **मंदिर कमेटी के प्रधान मेघ राम** का कहना है कि मंदिर में तीज तैयार पर भय कार्यक्रम होते हैं। मंदिर नेशनल हाईवे पर किनारे स्थित होने से यहां बाहरी लोग भी दर्शन को आते हैं। लोअर सलोगड़ा में राधा कृष्ण मंदिर भी लोगों की आस्था का केंद्र है। इस प्राचीन मंदिर की सुंदरता देखते ही बनती है। हर वर्ष यहां मेले का आयोजन होता है। जिसमें खेलकूद प्रतियोगिताओं के अलावा सांस्कृतिक संध्याएं भी होती है।



### रतन चंद रोझे ने बरड़ समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ा



**कभी** कांगड़ा से आए पहाड़ों की कंदराओं में रहकर शहर गांव जाकर मांगकर जीवन बसर करने वाले बरड़ समुदाय को स्वतंत्रता सैनानी और दलित उत्थान करने वाले समाजसेवी रतन चंद रोझे ने हरिजन सेवा संघ आदम जाति से जुड़कर सरकार से संवाद किया तब जाकर पचास के दशक में इस वर्ग को लोअर सलोगड़ा में बसाया गया। सरकार ने इस वर्ग को मकान बनाने के लिए यहां जमीन दी। सरकार की आवासीय योजना के तहत समुदाय की अधितर लोगों के पास अब पक्के मकान है। यह समुदाय के लोग खासकर महिलाएं अब सड़क किनारे सब्जी और फल बेच कर अपना कारोबार करती। अधिकतर बच्चे स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। **बस्ती के प्रधान माया राम** का कहना है कि समुदाय के लोगों को सरकार ने मकान बनाने की अनुमति तो दी पर करीब 60 वर्ष बीत जाने के बावजूद जमीन का मालिकाना हक नहीं दिया। सरकार को हमारी पुकार भी सुननी चाहिए।

### कूड़े की डंपिंग से बदनाम सलोगड़ा को मिला एनजीटी का साथ

**करीब** पांच दशक पहले सलोगड़ा के बाहरी क्षेत्र को सोलन के कूड़े की डंपिंग साइट बना दिया। आबादी बढ़ने से कूड़े के ढेर पहाड़ बनते गए तो यहां के पर्यावरण को खतरा बढ़ता गया। शुरू में तो इसका किसी को असर नहीं दिखा पर धीरे धीरे कूड़े लगती आग और हवाओं को घुलती बदबू से न केवल स्थानीय लोग परेशान हुए बल्कि नेशनल हाईवे से गुजरते यात्रियों को खासी दिक्कते पेश आई। आखिकार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सख्ती के बाद यहां से नगर निगम डंप हजारों टन कूड़ा उठाने का कार्य कर रहा है।

## सानिया ठाकुर को भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की महिला विंग की कमान

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

मानवाधिकार परिषद की भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा इकाई द्वारा सानिया ठाकुर को परिषद की मंडी इकाई की उपाध्यक्ष मनोनित किया गया गया है। परिषद के प्रदेशाध्यक्ष हरि सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी से संबंध रखने वाली सानिया ठाकुर को भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की महिला विंग की जिला मंडी की उपाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है।

उन्होंने कहा कि मोर्चे द्वारा महिला विंग की इस ताजपोशी से संस्था तथा समाज हित के कार्यों को गति प्रदान होगी। (अनंत ज्ञान)

## मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने हवलदार रिंकू कुमार के निधन पर व्यक्त किया शोक

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पुतड़ियाल के आदर्श नगर गांव के हवलदार रिंकू कुमार (35) के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। उनका असम के डिब्रूगढ़ में निधन हुआ। रिंकू कुमार कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी शोक व्यक्त किया है। उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में सम्बल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

**आरोप** प्रदेश सरकार की निष्क्रियता और नाकामी की वजह से लोगों की स्वास्थ्य पर बनी

## सरकार हर तरह से व्यवस्था पतन पर उतारू : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार हर तरह से व्यवस्था पतन पर उतारू है। सरकार जिस रवैए पर चल रही है, उससे बहुत जल्दी जानलेवा और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों के इलाज पर संकट आ सकता है, जिससे इलाजरत मरीजों के प्रोटोकॉल की दवाएं भी उन्हें समय से नहीं मिल पाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

एनएचएम और अन्य सरकारी योजनाओं के तहत निः शुल्क दी जा रही दवाओं की आपूर्ति भी अब संकट में है क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा पैसा दिए जाने के बाद भी सुक्खू सरकार द्वारा दवा सप्लायरों को भुगतान नहीं किया जा रहा है।

ऐसे में दवा सप्लायर अब एसेंशियल ड्रग लिस्ट में आने वाली दवाओं की सप्लाई 31 दिसंबर से रोकने की बात कर रहे हैं। अगर दवा सप्लाई रुकी तो अस्पताल पहुंचने वाले लोगों पर आफत आनी तय है। सरकार ने हिम केयर और आयुष्मान का बजट भी रोक रखा है, जिसकी वजह से हार्ट के ऑपरेशन भी रोके जा रहे हैं।



केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे बजट को भी राज्य सरकार क्यों खर्च नहीं कर रही है यह समझ से परे है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार की निष्क्रियता और नाकामी की वजह से लोगों की स्वास्थ्य पर बन आई है। प्रदेश के हर अस्पताल से लेकर मेडिकल कॉलेज तक की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लोगों को न समय से दवाइयां मिल रही हैं और न ही इलाज। अखबारों में छोटे या बड़े ऑपरेशन हर दिन टाले जाने की खबरें छपती है।

इसके बावजूद भी सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। वर्तमान हालात और भी खराब है। सरकार द्वारा ड्रग सप्लायरों की समस्या को न सुनने और सुलझाने से हालात और खराब होंगे। अस्पतालों में आपातकाल के समय में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां और इंजेक्शन की सप्लाई रुकने से लोगों के जान पर बन आएगी। पूर्व में हमारी सरकार ने लोगों की जान बचाने के लिए महंगे से महंगे इंजेक्शन लोगों को फ्री में उपलब्ध करवाए। चाहे हार्ट अटैक के समय इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन हो, किसी भी क्रॉनिक और जानलेवा बीमारी में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां और इंजेक्शन, जरूरतमंद प्रदेशवासियों को निःशुल्क लगाया गया।

प्रदेशवासियों के इलाज के लिए चाहे पांच हजार का इंजेक्शन लगाना पड़ा या पचास हजार का हमारी सरकार ने लगवाए थे। नौ लाख रुपए का ब्रेस्ट कैंसर के ट्रीटमेंट पैकेज का खर्च भी हमारी सरकार ने उठाया था। आयुष्मान और हिम केयर से लाखों लोगों कोपांच लाख का निःशुल्क इलाज मिल रहा था। लेकिन वर्तमान सरकार की उदासीनता की वजह से अब जिन लोगों का इलाज चल रहा है उनके इलाज पर भी संकट आने वाला है।

### सामान्य से सामान्य दवाएं भी लोगों को नहीं मिल रही

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है जब प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं ठप्प हुई हो। पहले भी कभी अस्पतालों में जांच सुविधाएं ठप्प हो गई थी तो कभी अस्पताल में डॉयलिसिस सेवाएं रोक दी जाती है। आए दिन बड़े से बड़ा और छोटा से छोटा ऑपरेशन टालने की खबरें आती रहती हैं। सामान्य से सामान्य दवाएं भी लोगों को नहीं मिल रही हैं। इन सबका कारण है सरकार द्वारा पेमेंट रोकना। इस बार भी केंद्र सरकार द्वारा पैसे देने के बाद भी दवाओं का पैसा सुक्खू सरकार द्वारा रोका गया है। ड्रग सप्लायर सरकार में जिम्मेदार लोगों को पत्र लिख- लिख कर भुगतान करने की फरियाद कर रहे हैं।

## कांग्रेस ने हैंड कटर की रजिस्ट्रेशन के बहाने धन उगाही का नया बैक डोर रास्ता खोला : संदीपनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि हिमाचल की यह सुक्खू सरकार अब किसानों को फिर से लूटने के कगार पर आई है, एक छोटा सा हैंड कटर, जिससे किसान बागवान अपने खेतों की बेकार पड़ी हुई लकड़ी को काटते थे, उसको लाइसेंस में लाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पहले तो बात बड़ी हैरानी है कि इस तरह के निर्णय वर्तमान सुक्खू सरकार कौन से अधिकारीयों की सलाह पर ले रही है। हां यह बात सही है कि सरकार आर्थिक दिवालियापन पर है और मुझे लगता है कि किसानों एवं हैंड कटर की रजिस्ट्रेशन के बहाने यह कांग्रेस के नेता धन उगाही का एक बैक डोर एंट्री का नया रास्ता निकाल रहे है, दूसरा अगर उनको यह लगता था कि यह किसान जंगलों में जाकर के जंगल की लकड़ी काटने के लिए टूल का इस्तेमाल करते हैं तो मैं जानना चाहता हूं कि उनका फॉरेस्ट डिपार्टमेंट यानी वन विभाग कहां सोया पड़ा है, जिस बात के लिए वन विभाग को गठित किया गया है क्या उनका दायित्व नहीं है कि इस तरह की चीजों को व रोके?



अगर लाइसेंस दे भी देंगे तो क्या इस तरह की चोरी रुकेगी? मेरा मानना यह है कि इस प्रकार के नियम किसानों के साथ एक बहुत बड़ा अत्याचार है, आम किसान जहां एक मशीन बड़ी मुश्किल से खरीदता है जिसके लिए वो लोन लेता है, एग्रीकल्चर लोन लेकर के खरीदता है, अब उसके ऊपर लाइसेंस बना कर के सरकार की मानसिकता एवं सरकार का मन क्या खेता है। उन्होंने कहा कि मुझे यह शंका है कि इस बहाने सरकार किसानों से धन उगाही करेगी और सरकार की जो इकोनॉमिक वीकनेस है वह किसानों से इस लाइसेंस के बहाने उगाना चाहती है।

संदीपनी ने कहा भाजपा सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है, क्योंकि सरकार इकोनॉमिकली वीक है कभी यह टॉयलेट टैक्स लगाती है, कभी बिजली के जो फ्री चार्जेस थे उसको खत्म करती है और कभी नक्शा बनाने पर दुगने चार्जेस कर लेती है। अब किसानों से रजिस्ट्रेशन के बहाने धन निकासी का नया फार्मूला निकाला है, हम मांग करते हैं कि इस तरह के जो एक तरफे निर्णय है जो कि किसान विरोधी है उसको सरकार वापस ले और आम किसान को इस तरह की लाइसेंस पॉलिसी में न लाए।

## न्यूज ब्रीफ

### निजी स्कूल संचालकों ने समस्याओं पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जिला कांगड़ा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की जिला स्तरीय मीटिंग रविवार को ग्रीन व्यू पब्लिक हाई स्कूल डाढ़ में जिला कांगड़ा के प्रधान हरबंस कौंडल की अध्यक्षता में हुई। इसमें जिला के लगभग सभी स्कूल उपस्थित रहे और स्कूलों में आ रही समस्याओं के ऊपर चर्चा की गई। इसमें डाढ़ के राजू शर्मा, अंकुर कटोच, अंकुश सूद, रमन अवस्थी, अनुपम मेहरा, संजय भाटिया, राजीव, विरेंद्र, नीलकंठ, मोहिंदर, दीपक सूद, और हिमबाला सब पदाधिकारी मौजूद रहे।

### घुरकड़ी में मनाया क्षमा याचना दिवस



**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में रविवार को सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के आदेश अनुसार संयोजक महात्मा दीनानाथ की अध्यक्षता में सेवा दलों के भाई-बहनों द्वारा क्षमा याचना दिवस मनाया गया। इसमें सेवा दलों के भाई -बहनों ने सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के आगे नमस्तक होकर अनजाने में हुई गलती के लिए क्षमा याचना की। लेना इसी के चलते सेवा दलों के भाई बहनों ने एकत्रित होकर क्षमा याचना मांगी। महात्मा दीनानाथ ने कहा है कि सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज ने कहा है कि अब हमें समय के साथ बदलना होगा। संसार में नफरत निंदा, बैर जैसी घटनाएं सामने आती रहेंगी, ये हमारा ध्यान नकारात्मकता की तरफ खींचेगी, लेकिन हमें अपने दिल-दिमाग को वापस सकारात्मक की तरफ मोड़ते रहना है। इससे जीवन बहुत आसान हो जाता है।

### दक्षता फाउंडेशन ने लगाया मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** पंचरुखी के क्रिसेंट प्ले स्कूल में रविवार को दक्षता फाउंडेशन पंचरुखी के सौजन्य से फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के अनुभवी डॉक्टरों और स्टाफ द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन विभाग की टीम ने लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवा भी मुहैया कराई गई और कई के टेस्ट की सुविधा दी गई। दक्षता फाउंडेशन की टीम ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वृद्ध लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके और कोई भी जरूरतमंद इस सुविधा से वंचित न रहे, इसके लिए दक्षता फाउंडेशन की ओर से हर संभव प्रयाय किए गए। क्रिसेंट प्ले स्कूल की संचालिका एडवोकेट मनीषा शर्मा द्वारा भी इस शिविर को सफल बनाने हेतु हर प्रकार की सहायता की गई। इस शिविर में 150 से ज्यादा मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई।



# चिट्टे के लिए काटते थे खैर के पेड़

## खैर के 25 मोछों के साथ पकड़े तीन आरोपियों ने रिमांड के दौरान किए कई खुलासे

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

अनंत ज्ञान फॉलोअप



पिछले दिनों वन परिक्षेत्र भद्रोया के अंतर्गत अवैध खैर तस्करी के प्रयास को वन विभाग की टीम द्वारा विफल करते हुए एक बहुत बड़ी सफलता प्राप्त की थी, जिसमें पठानकोट-जालंधर मार्ग पर मिलवा गांव के पास एक जीप से खैर के करीब 25 मोछे बरामद किए गए थे। मामले में तीन लोगों को वन विभाग की टीम द्वारा हिरासत में लिया गया था। कोर्ट द्वाराउन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया था। रविवार को निशानदेही के लिए आरोपियों को रामगोपाल मंदिर के डमटाल में, यहां उन्होंने खैर काटे थे, वहां वन परिक्षेत्र भद्रोया के रेंज ऑफिसर अभिनव ठाकुर तथा उनकी टीम लेकर मौके पर पहुंची तथा खैर के मोछे, जो उन्होंने काटे थे, उनको भी बरामद किया गया। डमटाल पठानकोट रेलवे ट्रैक पर भी निशानदेही के लिए इन्हें ले जाया गया, यहां ये लोग कटान करते थे, वहां पर भी कुछ कटे हुए खैर के पेड़ और मोछे मिले हैं।

शुरुआती जांच में जब इन तीनों आरोपियों से कड़ी पूछताछ की गई तो उन्होंने कबूला कि वे नशे के आदी हैं तथा काफी सालों से चिट्टे का सेवन करते हैं। उन्हें कुछ लोग रात को खैर काटने के लिए कहते हैं तथा मात्र 2000 रुपए देते हैं। वे नशे के लिए इस काम को अंजाम देते हैं। उन्होंने माना कि ये लोग चिट्टा नशे का गढ़ माने जाने वाले गांव छन्नी बेली से लेकर आते हैं। इन तीनों ने बताया कि इस खैर तस्करी के पीछे और भी कई नौजवान अलग-अलग ग्रुपों में शामिल हैं, जो लगातार खैर काटकर पंजाब के तलवाड़ा में एक ठेकेदार को 7000 हजार रुपए क्विंटल के हिसाब से बेचते हैं, जबकि खैरों का रेट इस समय 14000 रुपए क्विंटल है।

बता दें कि राम गोपाल मंदिर के पास सैकड़ों एकड़ जमीन उसके नाम है। मंदिर के करीब 300 मीटर दूरी पर ही ये लोग सरेआम खैरों का कटान करके पंजाब में बेच रहे हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि रामगोपाल मंदिर के अधिकारी या वनरक्षक यहां पर क्या कर रहे हैं? यह एक बहुत ही चिंता का विषय है। यदि इसी तरह चलता रहा तो एक दिन रिजर्व जंगल को काटकर कुछ माफिया के लोग अपनी जेब भर लेंगे। यहां पर कई सालों से हजारों पेड़ काटकर पंजाब में बेचे जा रहे हैं तथा विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## गोपेश भृगु और सुरेश के मंडल अध्यक्ष बनने से पालमपुर में और मजबूत होगी भाजपा : उमेश दत्त

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश दत्त ने हाल ही में भाजपा संगठन द्वारा पालमपुर विधानसभा के अंतर्गत अस्तित्व में आए दो मंडलों पालमपुर शहरी के अध्यक्ष गोपेश भृगु व पालमपुर ग्रामीण के सुरेश पठानिया को सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इन दोनों के नेतृत्व में भाजपा पालमपुर मजबूत होकर आगे बढ़ेगी। उमेश दत्त ने इन दोनों नेताओं को हरसंभव सहयोग देने की भी बात कही। कहा कि गोपेश भृगु जहां पालमपुर के प्रतिष्ठित राष्ट्रवादी समाजसेवी परिवार से संबंध रखते हैं, वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता होने के नाते समाज व कार्यकर्ताओं में एक अलग पहचान बनाए हुए हैं मृदु भाषी एवं मिलनसार भृगु संगठन को ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। पालमपुर ग्रामीण मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश पठानिया कई वर्षों से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं तथा कई बार ग्राम पंचायत प्रधान रहते हुए पंचायतीराज में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उमेश दत्त ने भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री विपिन सिंह परमार, राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वाम, प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर व जिला अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा को भी बधाई दी, जिनके मार्गदर्शन में संगठनात्मक जिला पालमपुर मे भाजपा निरंतर आगे बढ़ रही है।



## खून सड़कों पर नहीं, इंसान की नसों में ही बहना चाहिए : केसी धीमान

**अनिल छांगू, जवाली**



**संत निरंकारी सत्संग भवन जवाली में 200 लोगों ने किया रक्तदान**

सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन सान्निध्य में जवाली में संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के श्रद्धालुओं द्वारा स्वेच्छा से लगभग 200 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्तदान शिविर में भाजपा नेता संजय गुलेरिया सहित भारी तादाद में संगत ने भाग लिया। कांगड़ा जोनल इंचार्ज महात्मा कृष्ण चंद धीमान ने संगत को उपदेश देते हुए बताया किनिरंकारी मिशन द्वारा यह रक्तदान शिविर युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह के परोपकारी जीवन एवं उनकी लोक कल्याण की भावना को समर्पित है। उन्होंने कहा कि रक्त सड़कों व गंदी नालियों में बहने की बजाए इंसान की नसों में बहना चाहिए। उन्होंने यहां सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रक्तदाताओं का हौसला देखकर उनकी सराहना करते हुए कहा कि स्वेच्छा से स्वयं को रक्तदान हेतु समर्पित करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। हमारे शरीर में प्रवाह करने वाला रक्त जहां हमें जीवन दान देता है, वहां हमारे द्वारा दान किया गया रक्त दूसरों को भी जीवन दान देता है। इस अवसर पर जवाली के संयोजक प्रीतम सिंह गुलेरिया, महात्मा जीत राज, महात्मा वेद चौधरी, महात्मा हरबंस लाल करडियाल, महात्मा पृथ्वी सिंह अजय कुमार सहित भाजपा नेता संजय गुलेरिया, टांडा मेडिकल कॉलेज व सिविल अस्पताल से आई डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। (अनंत ज्ञान)

### पर्यटन विभाग का टूअर एंड ट्रैवल एसोसिएशन के साथ वार्तालाप का दौर जारी

## दिल्ली और मुंबई सहित अन्य प्रदेशों के पर्यटकों ने किया कांगड़ा घाटी का रुख

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग नई शुरुआत रंग लाने लगी है। दूसरे राज्यों के पर्यटकों अब पर्यटन नगरी कांगड़ा का रुख करना शुरू कर दिया है। पर्यटन विभाग द्वारा जिला कांगड़ा के सभी होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन व दिल्ली, मुंबई सहित अन्य प्रदेशों के टूअर एंड ट्रैवल एसोसिएशन के साथ वार्तालाप का दौर जारी है। इन बैठकों में क्षेत्र में पर्यटन को किस प्रकार से मजबूत किया जाए, इस पर चर्चा की गई है।

पर्यटन विभाग का मानना है कि दिल्ली, मुंबई सहित अन्य प्रदेशों के टूअर एंड ट्रैवल संचालक जहां चाहें पर्यटकों का ध्यान उस ओर केंद्रीय करते हैं। ऐसे में देश के दूसरे पर्यटन स्थलों को छोड़कर टूअर एंड ट्रैवल वाले किस प्रकार से पर्यटकों को सीधे कांगड़ा जिला में लाएं, इस पर कार्य किया जा रहा है। कश्मीर तथा अन्य प्रदेशों को जाने वाले पर्यटन हिमाचल व जिला पर्यटन क्षेत्रों में दौड़े आए, इस बारे टूअर एंड ट्रैवल संचालकों से सलाह-मशबरा किया गया है। पर्यटन शिक्षा में मौजूदा अंतराल को संबोधित करना और युवा लोगों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देना, पर्यटन के भविष्य द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों और अवसरों को नेविगेट करने में सक्षम एक कुशल और लचीला कार्यबल बना सकता है। इन चुनौतियों का प्रबंधन पर्यटन की भविष्य की सफलता सुनिश्चित करने के साथ-साथ अगली पीढ़ी के लिए इसके द्वारा प्रदान किए जाने वाले अवसरों को अधिकतम करने के लिए महत्वपूर्ण पहल की भी शुरुआत हुई है। पर्यटन विभाग का कहना है कि नई मुहिम सफल दिखती तो पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने के लिए देश-विदेश से अनेक पर्यटक यहां अधिक संख्या में आ सकते हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार इन बैठकों का उद्देश्य जिला के भीतर और बाहर से अधिक पर्यटकों को आकर्षित कर अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। (अनंत ज्ञान)


> **पर्यटन** को मजबूत करने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन व टूअर एंड ट्रैवल एसोसिएशन के साथ विशेष बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटकों का रुख जिला कांगड़ा की ओर कैसे किया जाए, इस पर सभी का फोकस किया गया है। इन बैठक के दौरान दूसरे प्रदेशों के टूअर एंड ट्रैवल, जो पर्यटकों को लाने व ले जाने का कार्य करते हैं, उनके साथ अहम मुद्दों पर चर्चा हुई है। उनको जो परेशानियां व दिक्कतें पेश आ रही हैं, उन्हें भी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> **- विनय धीमान, जिला पर्यटन अधिकारी, कांगड़ा**

# हेल्थ इज वेल्थ

## सर्द मौसम में अस्थमा, निमोनिया और हृदय बीमारियों से रहें सचेत

### ठंड में गर्म कपड़े पहनें, लें स्वस्थ आहार

### नियमित व्यायाम करें



**सर्दी के मौसम कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं सामने आ सकती हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है। ठंड के मौसम में विभिन्न बैक्टीरिया और वायरस सक्रिय हो जाते हैं, जो शरीर के लिए खतरे का कारण बन सकते हैं। इस मौसम में विशेष रूप से सांस की बीमारियां, हृदय रोग और अन्य जानलेवा समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि सर्द मौसम में बीमारियों से बचने के लिए हमें सतर्क रहने की जरूरत होती है। सर्दी में अक्सर कुछ खास बीमारियों का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है, जो अगर सही समय पर इलाज न किया जाए तो गंभीर हो सकती हैं।**

***बीमारियों** से बचने के लिए हमें क्या करना चाहिए निमोनिया ठंड के मौसम में निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। यह फेफड़ों से जुड़ी गंभीर बीमारी है, जो अगर समय पर इलाज न मिले तो जानलेवा हो सकती है। सर्दी, वायरल या बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। बच्चों में इसकी चपेट में आने की संभावना ज्यादा रहती है, इसलिए इसके लक्षण दिखते ही तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए*

#### हृदय रोगी को अधिक सचेत रहने की जरूरत

हृदय रोग सर्दी में दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा अधिक होता है। ठंड के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे रक्त संचार में रुकावट आ सकती है। इस कारण से हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे बचने के लिए हमें अधिक सचेत रहने की जरूरत होती है और गर्म रहने के साथ-साथ संतुलित आहार पर ध्यान देना चाहिए।



*डॉ. एनके गुप्ता*
*हेल्थ एक्सपर्ट*

#### अस्थमा के मरीजों को ज्यादा दिक्कत

अस्थमा सर्दियों में अस्थमा के मरीजों को ज्यादा दिक्कत हो सकती है। ठंडी हवा से अस्थमा के दौरे पड़ सकते हैं, जिससे सांस लेने में परेशानी होती है। अस्थमा के मरीजों को इस दौरान खास ध्यान रखने की आवश्यकता है। नियमित दवाइयां लेना और ठंडी हवा से बचना इस बीमारी से निपटने में मदद कर सकता है।

#### डेंगू के मच्छर होते हैं सक्रिय

सर्दियों में भी डेंगू के मच्छर सक्रिय रह सकते हैं। हालांकि, डेंगू का सबसे बड़ा खतरा मानसून के बाद रहता है, लेकिन सर्दी में भी मच्छरों की सक्रियता बढ़ सकती है। अगर डेंगू का सही समय पर इलाज न किया जाए तो यह प्लेटलेट्स की कमी के कारण गंभीर ब्लीडिंग और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। इन खतरों से बचने के लिए हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। ठंड में घर के अंदर और बाहर दोनों जगह पर सावधानी बरतें, पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें, स्वस्थ आहार लें और नियमित रूप से व्यायाम करें ताकि आपका इम्यून सिस्टम मजबूत रहे।

**प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन**







## सर्दियों में भुनी किशमिश खाने से मिलते हैं कई फायदे

***किशमिश ऐसा ड्राई फ्रूट हैख जो ज्यादातर लोगों को पसंद होता है। बच्चे भी किशमिश बड़े स्वाद से खाते हैं। आपको रोजाना काजू बादाम की तरह ही कुछ किशमिश भी जरूर खानी चाहिए। किशमिश खाने से शरीर में खून की कमी को दूर किया जा सकता है। किशमिश खाने से हीमोग्लोबिन बढ़ता है। खासतौर से महिलाओं को डिलीवरी के बाद काफी परेशानी होती है। कई बार महिलाएं एनीमिया की शिकार हो जाती हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए आप भुनी किशमिश खा सकते हैं। जानिए किशमिश को कैसे भूनकर खाते हैं और इससे क्या फायदा मिलता है?***

#### ऐसे भूने किशमिश को

किशमिश को कई तरह से भून सकते हैं। आप चाहें तो घी में डालकर किशमिश को हल्का रोस्ट कर सकते हैं। इसके अलावा 8-10 किशमिश को का लें और कांटे में फंसा लें। अब गैस ऑन कर दें और फ्लेम एकदम स्लो कर दें। अब गैस की फ्लैम पर किशमिश को भून लें। भुनी हुई किशमिश पर चुटकीभर सेंधा नमक छिड़क दें। इस तरह रोजाना सुबह भुनी हुई किशमिश खाएं। आपको काफी फायदा मिलेगा

#### किशमिश खाने के फायदे

आयरन और कैल्शियम : किशमिश पोषक तत्वों से भरपूर ड्राई फ्रूट है। किशमिश में विटामिन, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जिन लोगों के शरीर में खून की कमी है और हड्डियां कमजोर होने लगी हैं उन्हें डाइट में किशमिश जरूर शामिल करनी चाहिए। किशमिश खाने से आयरन और कैल्शियम की कमी को दूर किया जा सकता है। इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं।

**एनर्जी बढ़ाए:** किशमिश में नेचुरल शुगर पाया जाा है जिससे शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है। बच्चा होने के बाद इसलिए नई मां को किशमिश खाने की सलाह दी जाती है। खासतौर से जो बच्चे को दूध पिताली हैं। इसके अलावा बच्चों को भी किशमिश जरूर खिलानी चाहिए।

**कमजोरी होगी दूर:** किशमिश में मौजूद विटामिन और दूसरे जरूरी पोषक तत्व शरीर में आने वाली कमजोरी को दूर करते हैं। किशमिश खाने से शरीर की थकान, कमजोरी और परेशान करने वाला पीठ का दर्द भी कम हो जाता है।

*(ये आर्टिकल सामान्य जानकारी के लिए है, किसी भी उपाय को अपनाने से पहले डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें)*

## बोतल बंद पानी पीना कितना सेफ

### वैज्ञानिकों की यह रिसर्च उड़ा देगी आपकी नींद



**बोतल बंद पानी न पिएं क्योंकि यह आपकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। कुछ साल में हुए रिसर्च में पाया गया कि औसतन एक लीटर पानी की बोतल में 240,000 प्लास्टिक कण पाए जाते हैं। यह एक बहुत ही चिंताजनक आंकड़ा है, क्योंकि नल के पानी के एक लीटर में औसतन 5.5 प्लास्टिक कण होते हैं। नैनोप्लास्टिक अपने छोटे आकार के कारण खतरनाक होते हैं, जिससे वे सीधे रक्त कोशिकाओं और मस्तिष्क में प्रवेश कर सकते हैं।**

#### थैलेट्स है कई समस्याओं की जड़

बोतलों को बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक में आमतौर पर थैलेट्स होते हैं, जिन्हें विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जोड़ा गया है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायर्नमेंटल हेल्थ साइंसेज के अनुसार, थैलेट्स 'विकासात्मक, प्रजनन, मस्तिष्क, प्रतिरक्षा और अन्य समस्याओं से जुड़े हैं'। पॉलियामाइड नामक एक प्रकार का नायलॉन पानी की बोतलों में पाया जाने वाला एक और प्लास्टिक कण था।

#### प्लास्टिक की बोतल में नुकसानदायक

हमारी खराब लाइफस्टाइल के कारण अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में प्लास्टिक का खूब इस्तेमाल करते हैं। घर हो या ऑफिस प्लास्टिक बंद बोतल में पानी पीना हम खूब पसंद करते हैं। अगर आप भी ऐसा कर रहे हैं तो संभल जाएं क्योंकि आपके शरीर में धीमा जहर पहुंच रहा है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज नाम की संस्थान ने एक स्टडी में डराने वाला खुलासा किया है, जिसमें बताया गया है कि एक लीटर बोतलबंद पानी में करीब 2.40 लाख प्लास्टिक के महीन टुकड़े मौजूद होते हैं, जिसकी वजह से सेहत को गंभीर और जानलेवा खतरे हो सकते हैं। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज नाम की ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक प्लास्टिक के बोतल में पानी पीने के कारण कई गंभीर जानलेवा बीमारी हो सकती है।

#### डायबिटीज और दिल की बीमारी

**हार्वर्ड** स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की रिसर्च के अनुसार, पॉली कार्बोनेट की बोतलों के पानी में बिस्फेनॉल ए केमिकल होता है, जो जब शरीर में जाता है तो दिल की बीमारियों और डायबिटीज का खतरा कई गुना तक बढ़ा सकता है।

***(नोटः इस लेख में कुछ जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स पर आधारित है। आप किसी भी सुझाव को अमल में लाने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से सलाह जरूर लें)***

## हैप्पी बर्थडे



देहरी की रिहांशिका को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## स्वयंसेवियों ने मटौर में की साफ-सफाई

**कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अपने सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव मटौर की साफ-सफाई की व वहां लगाए गए पौधों का रखरखाव किया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत वहां के स्थानीय छात्रों प्रियांशु और शायनी शगुन द्वारा वृक्षारोपण करवाकर आजीवन उनकी देख भाल व सुरक्षा का प्रण लिया गया। इसी के साथ एसडीआरएफ कांगड़ा द्वारा स्वयंसेवियों को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए गए और दुर्घटना के समय प्राथमिक चिकित्सा देने के तरीकों, हार्ट अटैक के दौरान सी पी आर एफ देने, दुर्घटना में रक्त प्रवाह को रोकने, घायलों को ले जाने के लिए स्ट्रेचर बनाने की जानकारी भी साझा की गई।

# आदेशों की अवमानना पर चार ट्रैकिंग गाइड्स पर मामला दर्ज

## एक दल को ट्रैकिंग के लिए त्रियुंड साइट की ओर ले जा रहे थे चारों गाइड्स

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

कांगड़ा जिले में ट्रैकिंग को लेकर जारी आदेशों की अवहेलना करने पर चार ट्रैकिंग गाइड्स के खिलाफ आपदा प्रबंधन एक्ट 2005 की धारा 223, 3; 5 के तहत मामला दर्ज करवाया गया है। उक्त चार ट्रैकिंग गाइड्स एक दल को ट्रैकिंग के लिए त्रियुंड साइट की तरफ ले जा रहे थे। उल्लेखनीय है कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से 3 हजार मीटर से ऊपर की सभी ट्रैकिंग गतिविधियों पर पूर्णतय: रोक के आदेश उपायुक्त हेमराज बैरवा ने किए थ, जिसमें ट्रैकिंग गतिविधियों को लेकर विशेष हिदायतें भी जारी की हैं। करेरी, त्रियुंड और आदि हिमानी चामुंडा मार्गों पर ट्रैकिंग की अनुमति के लिए पुलिस अधीक्षक कांगड़ा के कार्यालय से पूर्व अनुमति के प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। इन आदेशों में यह भी कहा गया है कि आईएमडी शिमला द्वारा चेतावनी अथवा अलर्ट जारी किए जाने पर ट्रैकिंग मार्गों (करेरी, त्रियुंड, आदि हिमानी चामुंडा) के लिए प्रदान की गई सभी पूर्व अनुमति रद्द मानी जाएंगी। हालांकि आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियों एनडीआरएफ एंड एसडीआरएफ और पर्वतारोहण केंद्र मैक्लोडगंज और पुलिस के खोज और बचाव दलों को उक्त निर्देश में छूट दी जाएगी। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही ट्रैकिंग को लेकर समय समय पर आदेश जारी किए जाते हैं तथा इस बाबत जिला पर्यटन अधिकारी को कांगड़ा जिले के पर्यटन व्यवसाय से जुड़े समस्त हितधारकों को उनके वहां ठहरने वाले सभी पर्यटकों को ट्रैकिंग गतिविधियों की पाबंदियों से अवगत कराने के निर्देश देने को कहा है। उन्हें उल्लंघन करने पर जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए दंडात्मक प्रावधानों के बारे में बताने को भी कहा गया है। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

> ऊपरी क्षेत्रों में सभी ट्रैकिंग गतिविधियों को किया गया है प्रतिबंधित

# कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को नहीं दिए 1500 रुपए : काजल



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

### प्रदेश सरकार पर लगाया भोली-भाली महिलाओं को ठगने का आरोप

विधायक पवन काजल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भोली-भाली महिलाओं को ठगने का आरोप लगाया है। काजल ने कहा कांग्रेस सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बावजूद चुनाव में हर महिला को 1500 रुपए देने की चुनावी गारंटी को पूरा करने में सरकार नाकाम रही है। काजल रविवार को ग्राम पंचायत तियारा में लखन पुरिया महिला मंडल के नवनिर्मित भवन के शुभारंभ पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी को दूर करने में भी कांग्रेस सरकार नाकाम रही है। सरकारी डिपो में पिछले कई महीनों से दालें, तेल और अन्य खाद्य सामग्री जनता को नहीं मिल रही है। एक लाख बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में की थी, लेकिन अब आउटसोर्स आधार पर युवाओं को नौकरियां देकर प्रदेश सरकार बेरोजगारों से अन्याय कर रही है। काजल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विभिन्न विभागों में सैकड़ों पदों को निरस्त कर बेरोजगारों को रोजगार के दरवाजे बंद कर दिए हैं।

विधायक काजल ने कहा तियारा, बैदी, भड़ियाड़ा ब साथ लगते अन्य गांव के लिए नई पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। स्थानीय लोगों से शिकायतें मिल रही है बावजूद इसके पेयजल योजना से पर्याप्त पीने का पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि पेयजल योजना को शीघ्र सुचारू बनाया जाए, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। काजल ने तियारा पंचायत में करवाए विकास कार्यों का ब्यौरा भी रखा। महिला मंडल प्रधान शारदा देबी और महासचिव वीना देवी ने बताया कि महिला मंडल भवन निर्माण के लिए विधायक ने साढ़े तीन लाख उपलब्ध करवाए हैं। इसके लिए महिला मंडल के सभी कार्यकर्ता उनके आभारी हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### हौरी देवी में मजदूर संघ की उपलब्धियां बताईं



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** भारतीय मजदूर संघ ने आजकल जनसंपर्क अभियान शुरू किया हुआ है। रविवार को इकाई फतेहपुर ने कस्बा हौरी देवी में जनसंपर्क अभियान चलाया। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा ने कहा अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा फतेहपुर की करीब 90 फीसदी पंचायतों में अभियान मुकम्मल कर लिया गया है। उन्होंने भारतीय मजदूर संघ की पिछले 70 साल की उपलब्धियों से आम जनता को अवगत करवाया। इस मौके पर दर्जनों भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### धर्मशाला सिटी में अगले माह शुरू होगी ओपीडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. उत्तम चंद कौंडल ने बताया कि धर्मशाला सिटी में अगले माह तक ओपीडी शुरू करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि हर्बल चिकित्सा से रोगियों को बेहतर उपचार मिलेगा और प्रदेश में पद्धति का विकास होगा। सर्वोदय भवन बगली में आयोजित मासिक बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों के चिकित्सकों ने हिस्सा लिया और अपने विचार रखे। संगठन मंत्री डॉ. रवि कुमार सरोत्री ने गठिया व जोड़ों के दर्द संबंधी समस्याओं के समाधान पर चर्चा करते हुए बताया कि हमें इलाज के दौरान किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। डॉ. तिलक राज डोगरा ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति एक वरदान साबित हुई है जिससे लोगों को मानसिक और आर्थिक रूप से लाभ मिल रहा है।




# विहिप और बजरंग दल ने लिया सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

### भरमाड़ के शिब्बोथान मंदिर में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का किया शुभारंभ

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल जिला नूरपुर द्वारा रविवार को जवाली के तहत पड़ते भरमाड़ स्थित शिब्बोथान मंदिर में त्रिशूल दीक्षा कार्यकम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने सनातन धर्म की रक्षा करने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता डॉक्टर केशव वर्मा ने विश्व हिंदू व बजरंग दल के महत्व के बारे में बिस्तार से जानकारी दी। साथ ही युवाओं को धर्म की रक्षा एवं त्रिशूल धारण का भी महत्व बताया। उन्होंने कहा कि लव जेहाद, लैंड जेहाद के नाम पर जो षड्यंत्र हिंदुओं के विरुद्ध रचे जा रहे हैं, उनका डटकर मुकाबला करने का समय आ गया है। हमें एकसाथ मिलकर ऐसे जेहादियों का सामना करना होगा। इस मौके पर सुरेंद्र गुलेरिया, उदय पठानिया, रीता पठानिया, राजीव वशिष्ठ, सुनील दत्त, सुरेश गुलेरिया, ममता शर्मा,जतिंदर पठानिया, रवि सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत जवाली के मकड़ाहन में मवेशियों में रेबीज का खतरा

**अनंत ज्ञान, जवाली**



रेबीज का शिकार हुई बेसहारा गाय।

नगर पंचायत जवाली के वार्ड दो मकड़ाहन में रेबीज का खतरा बढ़ता जा रहा है। बेसहारा पशुओं व कुत्तों में रेबीज का खतरा बना हुआ है। अभी करीब एक माह पहले आवारा कुत्ते ने कई बेसहारा जानवरों व कुत्तों को अपना शिकार बनाया था तथा लोगों ने उसको मार दिया था। उसके बाद करीब 15 दिन पहले एक दुधारू पालतू गाय रेबीज की चपेट में आ गई, जिसकी मौत हो गई और 29 दिसंबर को एक बेसहारा गाय रेबीज की चपेट में आ गई। रविवार को इस गाय ने कई बेसहारा पशुओं को काट लिया तथा लोगों ने इसकी सूचना संबंधित वार्ड पार्षद एवी पठानिया को दी। पार्षद एवी पठानिया ने इसकी सूचना पशुपालन विभाग जवाली में दी। पशुपालन विभाग और अग्निशमन विभाग की टीम ने मौका पर पहुंचकर बेसहारा गाय को रेस्क्यू किया तथा रस्सी से बांध दिया। वार्ड नं-दो मकड़ाहन के बाशिंदे काफी घबरा गए हैं तथा उनको रेबीज का डर सताने लगा है। वार्डवासियों ने कहा कि कोई पता नहीं चल रहा है कि कितने मवेशी रेबीज का शिकार हैं। लोगों ने कहा कि मकड़ाहन में सैकड़ों की तादाद में बेसहारा पशु हैं, जो कि झुंडों में रहते हैं। इसमें बड़े-बड़े बैल भी हैं और अगर बेसहारा बैलों को रेबीज होता है तो उनको पकड़ना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में ये बैल कई लोगों को मौत के घाट उतार देंगे। लोग बच्चों को स्कूल भेजने से भी कतराने लगे हैं। लोगों ने पशुपालन विभाग जवाली से मांग की है कि बेसहारा पशुओं व कुत्तों को वैक्सीनेट किया जाए, ताकि रेबीज का खतरा कम हो सके।


### कार्यालय ग्राम पंचायत घोड़न व शेखूपुर
### विकास खंड इंदौरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

## निविदा सूचना

**विषय: ग्राम पंचायत घोड़न व शेखूपुर की वर्ष 2025-26 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारे:-**

सभी विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घोड़न व शेखूपुर की वर्ष 2025-26 के लिए क्रैशर, रेत, पत्थर, फिलिंग मटीरियल प्रति क्यूबिक मित्र इंटर लॉकिंग टाइल्स, प्लास्टिक व लोहे के पाइप, इंटें, शटरिंग प्रति वर्ग फुट, मिक्सचर प्रति दिन किराया, जेसीबी प्रति घंटा, सीमेंट ढुलाई कंदरोड़ी से घोड़न व शेखूपुर तक की आवश्यकता है। विक्रेता के पास जीएसटी नंबर होना चाहिए। निविदाएं सील बंद लिफाफे में 09-01-2025 समय 12 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। सभी सामग्री FOR मान्य होंगी। निविदाएं अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कारण बताए रद्द की जाती हैं।

पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत शेखूपुर
विकास खंड इंदौरा
जिला कांगड़ा

सचिव
ग्राम पंचायत घोड़न
विकास खंड इंदौरा
जिला कांगड़ा


# तिब्बत अलग-थलग नहीं : डोलमा त्सेरिंग

## तिब्बत समर्थक समूह ने किया निर्वासित तिब्बती संसद का दौरा

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



तिब्बत समर्थन समूह के समन्वयक रॉय स्ट्राइडर के नेतृत्व में एस्टोनिया से तिब्बत समर्थकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने धर्मशाला स्थित निर्वासित तिब्बती संसद का दौरा किया। उन्होंने स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल, डिप्टी स्पीकर डोलमा त्सेरिंग तेखांग से मुलाकात की और संसद भवन का दौरा किया। स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल को स्ट्राइडर द्वारा एस्टोनियाई संसद के स्पीकर लॉरी हुसार का एक पत्र भेंट किया गया। रॉय स्ट्राइडर ने टिप्पणी की कि यह तिब्बत के न्यायपूर्ण मुद्दे के लिए उनके समर्थन में एक बहुत बड़ा कदम है। एस्टोनियाई स्पीकर का एक ऐसा ही पत्र दलाई लामा को उनके साथ मुलाकात के दौरान भेंट किया गया था।

स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल ने रॉय स्ट्राइडर के साथ अपनी पहली मुलाकात, एस्टोनिया की अपनी यात्रा और तिब्बत के लिए वकालत करने की अपनी यात्रा पर विचार किया। उन्होंने तिब्बत और एस्टोनिया के बीच मजबूत और अनोखे रिश्ते पर जोर दिया। दलाई लामा के प्रेम, करुणा और दया के संदेश के बारे में बोलते हुए स्पीकर ने अगले साल दलाई लामा के 90वें जन्मदिन को करूणा के वर्ष के रूप में मनाने की काशाग की पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस विशेष अवसर को चिह्नित करने के लिए एस्टोनियाई संसद या जनता की ओर से संबंधित पहल या स्मरणोत्सव की संभावना का भी सुझाव दिया।

उन्होंने निर्वासित तिब्बती संसद द्वारा किए गए कार्यों का अवलोकन प्रदान किया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि दलाई लामा के आशीर्वाद और मार्गदर्शन और भारत, अमेरिका, एस्टोनिया और अन्य सहयोगियों के समर्थन से, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन ने तिब्बत की अनूठी सांस्कृतिक विरासत, भाषा और धर्म को सफलतापूर्वक संरक्षित और बढ़ावा दिया। उपसभापति डोलमा त्सेरिंग तेखांग ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि तिब्बत का समर्थन करना न्याय और सत्य के लिए खड़ा होना है। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन की सीट पर उनकी मौजूदगी एक स्पष्ट संदेश देती है कि तिब्बत अलग-थलग नहीं है, जैसा कि चीन दिखाना चाहता है।

उन्होंने यह भी पुष्टि की कि दलाई लामा और केंद्रीय तिब्बती प्रशासन अलगाववादी नहीं हैं, जो चीन के दावों के विपरीत है। तिब्बत के अंदर गंभीर स्थिति के बारे में बोलते हुए, उपसभापति ने चीनी सरकार द्वारा तिब्बती बच्चों को औपनिवेशिक शैली के बोर्डिंग स्कूलों में भेजने की प्रथा पर प्रकाश डाला। यह नीति उन्हें अपनी भाषा, संस्कृति और धर्म सीखने के उनके जन्मसिद्ध अधिकार से वंचित करती है। (अनंत ज्ञान)

# फतेहपुर कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि


**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फतेहपुर ने रविवार को ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन जीत कुमार शर्मा की अध्यक्षता में रैस्ट हाउस फतेहपुर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह के चित्र पर श्रदासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी साथ ही दो मिनट का मौन रख भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर फतेहपुर विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया भी उपस्थित रहे।

भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई है। साथ ही फतेहपुर के वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए उनकी समस्याएं भी जानीं। उन्होंने कहा कि विधानसभा फतेहपुर के हर क्षेत्र को विकसित करने के लिए करीब 450 करोड़ रुपए के कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। इनमें से कुछ कार्यों के टेंडर लग चुके हैं तो कुछ की टेंडर प्रक्रिया प्रगति पर है। इन मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रजिंदर पठानिया, हिमकोफैड डायरेक्टर रघुवीर पठानिया, बीडीसी संदेश कुमारी, प्रधान मच्छोट हरपाल सिंह, प्रधान हाड़ा सुशील कालिया, पूर्व बीडीसी अजय सिंह, कैप्टन हरि सिंह, पूर्व प्रधान पोलियां कुलविंदर सिंह, मदन मनकोटिया, जगरूप पठानिया, सरुप पठानिया, शमशेर कंदोरिया, बिल्लू, एडवोकेट राकेश शर्मा, भाग सिंह, निर्मल सिंह, विनय शर्मा, संजीव कालिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फतेहपुर के पदाधिकारी।



**आयोजन** — अरनी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 705 प्रतिभागियों ने रखे अपने विचार

# अरनी में सतत विकास और सामाजिक चुनौतियों पर मंथन

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

अरनी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का शीर्षक 'संभावनाओं का पुनर्परिभाषा : वैश्विक चुनौतियों के लिए बहु-आयामी दृष्टिकोण' अरनी विश्वविद्यालय और आईएनटीआई विश्वविद्यालय, मलेशिया के सहयोग से रहा।

सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच प्रदान करना था, ताकि वे नवाचार, सहयोग, और ज्ञान-विनिमय को प्रोत्साहित कर सकें। सम्मेलन ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और चिकित्सा, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, व्यवसाय, अर्थशास्त्र, कृषि विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन जैसे विषयों के बीच संवाद और समन्वय को बढ़ावा दिया। सम्मेलन का मुख्य विषय सतत विकास और स्थिरता, वैश्विक स्वास्थ्य और इसके समाधान, प्रौद्योगिकी में उन्नति, नैतिक शासन और सामाजिक चुनौतियों पर आधारित था।

सम्मेलन में 705 प्रतिभागियों ने भाग लिया और बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाकर वैश्विक समस्याओं के समाधान खोजने पर जोर दिया। सम्मेलन में विचारों और कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान के साथ-साथ नए दृष्टिकोणों पर भी चर्चा की गई। इस तीन दिवसीय सम्मेलन ने ज्ञान और नवाचार के आदान-प्रदान का ऐसा वातावरण बनाया, जिसमें प्रतिभागियों ने वैश्विक चुनौतियों के समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा दिया। इस सम्मेलन में मुख्यातिथि प्रो. डॉ. इंद्र मणि, वाइस चांसलर, वसंतराव नाइक मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ, परभणी (महाराष्ट्र) और प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, प्रमुख वैज्ञानिक, जल और मृदा संरक्षण इंजीनियरिंग, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली थे।

सम्मेलन में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में प्रोफेसर डॉ. महेश गांधी, अध्यक्ष, इग्नाइटेड ब्रेन्स, नई दिल्ली, प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो, यूएसए और भारतीय विदेश व्यापार संस्थान, भारत, डॉ. राजरमणि थिनाकरन डेटा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी संकाय आईएनटीआई मलेशिया, सुरजीत विक्टर प्रोफेसर और प्रमुख (उद्यमिता और विपणन) प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बहरीन से शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)



### अरनी यूनिवर्सिटी नवाचारों के लिए प्रतिबद्ध

**अरनी** विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विवेक सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह विश्वविद्यालय इस प्रकार के नवाचारों के लिए प्रतिबद्ध है, जिनसे ज्ञान का आदान-प्रदान हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के छात्रों को एक सशक्त मंच प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहा है और आगे भी रहेगा। इसके पैट्रन प्रोफेसर डॉ. आरके पांडे, वाइस चांसलर, अरनी विश्वविद्यालय अपने वक्तव्य में कहा कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एक ऐसा मंच है जहां देश-विदेश के उत्कृष्ट वैज्ञानिक और शिक्षाविद आपस में अपने ज्ञान का आदान-प्रदान करते हैं। ऐसे सम्मेलन शोधकर्ताओं को उनकी शोध को सही दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### ईसीसीई में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) अध्ययन केंद्र तल्याणा के समन्वयक डॉ. राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि एनआईओएस से योग में प्रमाण पत्र और अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन (ईसीसीई) में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन दोनों कोर्स के लिए दाखिले की अंतिम तारीख 30 दिसंबर निर्धारित की गई है। जो छात्र सीधे एनआईओएस से दसवीं और 12वीं कक्षा पूरी करना चाहते हैं, उनके लिए भी अध्ययन केंद्र में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि योग और इसीसीई में प्रवेश के लिए सीटें सीमित हैं। उन्होंने इच्छुक छात्रों को जल्द से जल्द आवेदन करने की सलाह दी। अधिक जानकारी के लिए छात्र डॉ. राकेश कुमार वर्मा से मोबाइल नंबर 94180-58193 पर संपर्क कर सकते हैं या अध्ययन केंद्र तल्याणा में विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

### 2 से 4 अप्रैल तक भराड़ी में होगा अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपतहसील भराड़ी के अंतर्गत होने वाला अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव का आयोजन अप्रैल माह में किया जाएगा। जिसको लेकर मेला एवं छिंज कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। 2 अप्रैल से 4 अप्रैल को होने वाला मेला एवं छिंज कमेटी की बैठक मेला कमेटी अध्यक्ष करतार सिंह चौधरी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में मेला संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई व छिंज कमेटी, प्रचार कमेटी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कमेटी, धन संग्रह कमेटी, भोजन व्यवस्था कमेटी, मेला संबधी सामग्री खरीदने की कमेटी का गठन किया गया। मेला कमेटी सचिव डॉ. जगदीश चन्द्र शर्मा ने मेले की रूपरेखा को और आकर्षक बनाने हेतु सुझाव दिए व मेला जिला स्तरीय स्वरूप प्राप्त कर चुका है तो प्रशासन व सरकार का सहयोग भी मेले को बड़ा सहयोग देगा, जिससे मेले का आकर्षण शानदार होगा। उन्होंने कहा कि इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें महिला मंडल, स्कूल के बच्चों के कार्यक्रम व हिमाचल प्रदेश के कलाकारों के कार्यक्रम को भी आकर्षक बनाने के लिए ऑडिशन रखे जाएंगे, ताकि अच्छे कलाकारों को मंच मिल सके और अच्छी प्रस्तुतियां अजमेरपुर की जनता को देखने को मिले। इस बार दंगल में भी नामी पहलवानों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि कुश्तियां आकर्षक हो सके। मेला कमेटी प्रधान करतार सिंह चौधरी ने बताया कि आगामी बैठक 31 जनवरी, 2025 को रखी जाएगी, जिसमें उपमंडलाधिकारी घुमारवीं व नायाब तहसीलदार भराड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी में बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में कमलदेव राव, ख्याली राम शर्मा, आजाद चंद वर्मा, परमानंद, जनन्नाथ शर्मा, रमेशश्वर, हेमराज ठाकुर, सोहन लाल शर्मा, रमेश शर्मा, राकेश चौहान, मनोहर लाल शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शिक्षा उपनिदेशक के पदों को शीघ्र भरा जाए

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्कूल लेक्चरर कैडर से पदोन्नत हुए प्रधानाचार्यो ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुकखू एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से माग की है कि लंबे समय से रिक्त पड़े शिक्षा उपनिदेशक के पदों को शीघ्र अति शीघ्र भरा जाए। संयुक्त ब्यान में विकास ,डाक्टर सुनील,राजेन्द्र , गोपाल, हेमेंद्र, अश्विनी ठाकुर, सुशील शर्मा, निशा, पूनम, रेणू, शांता, कुलदीप, अरुण, ओंकार, नीरज, बलविंद्र आदि ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार जल्द से जल्द डिप्टी डायरेक्टर की पदोन्नति सूची जारी की जाए, ताकि विभाग को नियमित डिप्टी डायरेक्टर मिल सकें । वर्तमान में बहुत से जिला में जूनियर प्रधानाचार्य को वरिष्ठता की अनदेखी कर डिप्टी डायरेक्टर का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है जिस से वरिष्ठ प्रधानाचार्यों में रोष व्याप्त है । ऐसा करने से सरकार के ही आदेशों की अवहेलना हो रही है। मौजूदा व्यवस्था मे एक जूनियर अपने सीनियर की एसीआर लिख रहा है - ऐसे मे शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इतने लंबे समय से डिप्टी डायरेक्टर पदों को ना भरे जाने से योग्य प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, इसलिए विभाग शीघ्र अति शीघ्र जिला उपनिदेशक शिक्षा के रिक्त पड़े पदों को भरे। इस समय डिप्टी डायरेक्टर के 41 मे से 38 पद रिक्त पड़े हैं और 2 पर रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टरस को रिअंगेज किया गया है। उल्लेखनीय है कि लगभग 14 वर्ष से प्रधानाचार्य पद पर काम कर रहे प्रधानाचार्य लंबे समय से पदोन्नत ना होने से कुंठाग्रस्त महसूस कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि डिप्टी डायरेक्टर की प्रोमोशन की कोई भी सूची सितंबर 2021 के बाद से नही निकली है। अब तो उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय ने भी सरकार को पदोन्नति करने के लिए हरी झंडी दे दी है। मुख्यमन्त्री व शिक्षा मंत्री नए वर्ष मे योग्य एवं वरिष्ठ प्रधानाचार्य को डिप्टी डायरेक्टर बना कर, नए वर्ष का तोहफा योग्य उम्मीदवारो को अवश्य देगी ऐसी आशा जताई गई है ।

### बलोटा गांव के 11 परिवारों ने थामा भाजपा का दामन



**अनंत ज्ञान, दधौल।** तडौन पंचायत के बलोटा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त हो चुकी है। पूर्व मंत्री कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान बलोटा गांव के 11 परिवारों ने भाजपा का दामन थामा। जिनमें ज्ञान चंद, चमन लाल, विक्रम सिंह, हेमराज, कर्म चंद, राजो देवी,डोलमा, शीला देवी,रिखी राम, कृष्ण चंद व चुनी लाल शामिल हैं। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने इन परिवारों को पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में स्वागत किया। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग कांग्रेस सरकार के कुशासन से दो सालों में ही तंग आ चुके हैं और भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं और जनता को झूठे वादे कर गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं, युवाओं, किसानों समेत हर वर्ग को कांग्रेस सरकार ने धोखा दिया है। इस मौके पर सुरेश ठाकुर, जोरावर सिंह, संजय ठाकुर, प्रताप राव, कैप्टन सुरजीत, प्रदीप कुमार, बतन सिंह, बलजीत व कैप्टन अमरजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### पैसा निवेश करवाने के नाम पर करोड़ों रुपए लेकर फरार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पैसा निवेश करवा कर मुनाफा दिलाने के नाम पर एक कंपनी लोगों के करोड़ो रुपये लेकर फरार हो गई। कंपनी का कार्यालय बरठी में खोला गया था। निवेशकों ने जब अपने पैसे और मुनाफे की मांग की तो कंपनी का मालिक कार्यालय बंद करके फरार हो गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस थाना तलाई में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी ज्ञान चंद निवासी अमरपुर अन्य लोगो के साथ मिलकर बरठी में ट्रेड कंपनी का कार्यालय खोला था। शिकायतकर्ता संजय कुमार निवासी सुनहानी जिला बिलासपुर व अन्य शिकायतकर्ताओं के अनुसार ज्ञान चंद व अन्य 14 अन्य आरोपियों के साथ मीलकर एफएक्स ट्रेड कंपनी निवेश करने के लिए तथा अपनी कंपनी की बहुत ही आकर्षक योजनाएं दिखाकर निवेश करवा लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों द्वारा उन्हें यह भी आश्वासन दिया गया था कि उनकी कंपनी बाजार में बहुत अच्छी है और आवेदकों का पैसा कंपनी में सुरक्षित है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर साजिश रची और उनके के साथ धोखाधड़ी की। इसके बाद आरोपी व्यक्तियों ने कंपनी का नाम बदल दिया व आरोपी व्यक्तियों ने आम निर्दोष व्यक्तियों के साथ धोखाधड़ी करने के इरादे से कंपनी का बार-बार नाम बदलने के लिए अलग-अलग स्थानों पर होटलों में कई समारोह आयोजित किए। शिकायतकर्ता के अनुसार अक्तूबर, 2023 में ने बरठीं से अपना कार्यालय यह कहकर बन्द कर दिया कि वे पंजाब में किसी अन्य स्थान पर अपना नया कार्यालय खोलने जा रहे हैं। आरोपी व्यक्तियो ने आवेदकों से कहा कि वे 10 मार्च 2024 तक आवेदकों का पैसा दे देंगे, लेकिन शिकायतकर्ता के अनुसार कुछ भी नहीं दिया गया। वहीं डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### बरठीं में 60 विद्युत उपभोक्ताओं को कनेक्शन काटने का नोटिस

**बरठीं।** विद्युत बोर्ड की सब डिवीजन बरठीं बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने जा रहा है। जो 31 दिसंबर तक बिजली के बिल का भुगतान न करेंगे उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे। बोर्ड ने क्षेत्र के 60 उपभोक्ताओं की सूची भी सार्वजनिक कर दी है। इन उपभोक्ताओं ने करीब दो लाख रुपये के बिल का भुगतान नहीं किया है। बरठीं सब डिवीजन के अंतर्गत करीब दस हजार से ज्यादा उपभोक्ता हैं। इनमें से 60 ऐसे लापरवाह उपभोक्ता हैं, जिन्होंने दो से छह माह तक बिजली का बिल जमा नहीं करवाया है। बोर्ड ने उन्हें नोटिस जारी कर दिए हैं। सहायक अभियंता हरबंस लाल शर्मा और कनिष्ठ अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी यह उपभोक्ताओं बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। बरठीं, बड़गांव, बलोह, बलसीणा सुन्हाणी, कोटलु ब्राह्मणा, छत, कपाहड़ा सहित अन्य पंचायत के उपभोक्ताओं के पास ही लाखों का बिल फंसे हैं। उपभोक्ता कनेक्शन काटने के दौरान पूरा बिल अदा कर देगा तो कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। उन्होंने 31 दिसंबर तक दिल की अदायगी करने की अपील उपभोक्ताओं से की है। यदि किसी उपभोक्ता का कनेक्शन कट गया तो उसको दोबारा जोड़ने के लिए अतिरिक्त फीस उपभोक्ताओं से वसूली जाएगी।

# बिलासपुर अस्पताल में लाखों की लागत से तैयार होगा शवगृह

**शुभम राही, बिलासपुर**





**कोल्डस्टोर, पोस्टमार्टम रूम व लैब सब एक ही छत के नीचे होगी उपलब्ध**

बिलासपुर अस्पताल में लाखों रुपए की लागत से शवगृह बनाया जाएगा। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने कवायद आरंभ कर दी है और अस्पताल परिसर के बाहर कैंटीन के सामने वाले स्थान को चिह्नित भी कर लिया है।

यह शवगृह लगभग 35 लाख रुपए से अधिक लागत से तैयार करवाया जाएगा, जो पूरी तरह से आधुनिक तकनीक से लैस होगा। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि अस्पताल में उपयुक्त शवगृह न होने से कई बार काफी दिक्कतों का सामना करना करना पड़ता है। ऐसे में इन सभी समस्याओं को देखते हुए अस्पताल प्रशासन द्वारा इसके लिए बजट अप्रूव करवाया गया और जल्द ही इसके लिए कार्य भी शुरू हो जाएगा।

गौरतलब है कि लंबे समय से अस्थायी कमरे में बने शव गृह का अस्पताल प्रशासन इस्तेमाल कर रहा है। शवगृह में दो से तीन दिन तक शवों को रखने के लिए दवाइयों और बर्फ का इस्तेमाल किया जाता है। अन्य राज्यों से परिजनों के पहुंचने तक शव को सहेजने के लिए अस्पताल प्रबंधन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब आधुनिक उपकरणों से लैस शवगृह के निर्माण से समस्याओं का निपटारा होगा।

जानकारी अनुसार बिलासपुर अस्पताल में तैयार किए जाने वाले शवगृह में पोस्टमार्टम कि लिए अलग से कमरे का प्रावधान है। वहीं, कोल्डस्टोर, पोस्टमार्टम रूम व लैब बनाने के साथ ही शवों के सैंपल लेने के लिए भी अलग से कमरा बनाया जाएगा। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि लावारिस शव मिलने के बाद उसे 72 घंटे तक पहचान के लिए रखना पड़ता है, लेकिन शवगृह में आधुनिक सुविधा न होने से कभी कभार बिना शिनाख्त के ही संस्कार करना पड़ता है। इसके चलते कई शव की पहचान न होने पर वह अपनों तक नहीं पहुंच पाते थे।

सड़क हादसों में ज्यादा लोगों के मारे जाने पर शवों को रखने के लिए अस्पताल प्रशासन को काफी दिक्कत होती है। वहीं, बिलासपुर अस्पताल में चल रहे शवगृह में मात्र दो ही कक्ष है। एक कक्ष में पोस्टमार्टम किया जाता है और दूसरे कक्ष में चिकित्सक व पुलिस द्वारा कागजी कार्रवाई की जाती है। कई बार तो हालात ऐसे भी हो जाते हैं कि एक ही कक्ष में दो से तीन शवों को रखना पड़ता है, जिससे पोस्टमार्टम के लिए भी काफी दिक्कतें होती है तो अन्य कार्य करने के लिए भी। ऐसे में अस्पताल प्रशासन जल्द ही लाखों रुपए की लागत से आधुनिक तकनीक से लैस शवगृह तैयार करने जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



> 35 लाख से अधिक लागत से अस्पताल में शवगृह तैयार किया जाएगा। इसके लिए कवायद आरंभ हो गई है और जल्द ही कार्य भी शुरू हो जाएगा। इस शवगृह में कोल्डस्टोर, पोस्टमार्टन रूम व लैब बनाने के साथ ही शवों के सैंपल लेने के लिए भी अलग से कमरा बनाया जाएगा।
>
> -एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर।

# घुमारवीं के बाद जिले के 5 स्कूलों में खुलेगी स्पेस लैब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला प्रशासन जिला के 5 स्कूलों में अब जल्द ही स्पेस लैब बनाने जा रहा है। इस स्पेस लैब से एक तरफ जहां जिला के विद्यार्थियों को एक नई उड़ान मिलेगी तो वहीं विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थी नई नई तकनीक सीखेंगे। आपको बता दे कि अभी तक जिला में सिर्फ घुमारवीं क्षेत्र में ही लैब है।

आपको बता दें कि प्रदेश की पहली स्पेस लैब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला घुमारवीं में खोली गई है। मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन की यह पहल बहुत पसंद आई। जिस पर उन्होंने प्रदेश के अन्य जिलों में भी ऐसी ही स्पेस लैब खोलने का निर्णय लिया है।

#### इनमें खुलेगी स्पेस लैब

**जिला** प्रशासन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला बिलासपुर, नम्होल, बरठीं, कपाहड़ा व डंगार में को स्पेस लैब खोलने के लिए चिन्हित किया है। इन स्कूलों में स्पेस लैब खोलने के लिए कमरों की व्यवस्था कर दी गई है। प्रत्येक लैब पर 10 लाख रुपए खर्च आएंगे। जिला प्रशासन ने इसके लिए बजट का प्रावधान कर दिया है।

#### मिलेगी विज्ञान की नई जानकारी

**लैब** खुलने के बाद विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए स्पेशल ट्यूटर प्रोग्राम भी चलाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बाहरी राज्यों के विशेषज्ञ भी विज्ञान की नई-नई जानकारियां प्रदान करेंगे। इन लैब में अंतरिक्ष से संबंधित विभिन्न मॉडल विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करेंगे

> विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने तथा इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 5 स्कूलों में स्पेस लैब स्थापित की जा रही हैं। इसके लिए पैसे का प्रावधान कर दिया गया है।
>
> -आबिद हुसैन सादिक, उपायुक्त बिलासपुर।

> जिला प्रशासन की ओर से 5 स्कूलों में स्पेस लैब खोलने का निर्णय लिया गया है। उपायुक्त बिलासपुर के निर्देश में संबंधित स्कूलों में कमरे उपलब्ध करवा दिए गए हैं। नए साल में स्पेस लैब स्थापित करने का काम शुरू हो जाएगा।
>
> -जोगेंद्र राव, उच्च शिक्षा उपनिदेशक बिलासपुर।

## घुमारवीं में युवाओं के लिए बनने वाला इंडोर स्टेडियम चैहड़ में बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में युवाओं के लिए बनने वाला इंडोर स्टेडियम चैहड़ में बनाया जाए। चैहड़ में स्टेडियम बनने से लोगों को शहर के बिलकुल नजदीक सुविधा मिलेगी। चैहड़ में इंडोर स्टेडियम बनाने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध है। पिछली सरकार के समय यहां पर स्टेडिम बनाने के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी थी।

पैमाइश होने के बाद मात्र दस से पंद्रह पेड़ों को काटने के लिए फाइल स्वीकृति के लिए गई थी, लेकिन क्या बजह रही कि चैहड़ में बनने वाले इंडोर स्टेडियम को अब दूसरी जगह वनाने की बात की जा रही है। पैसा चैहड़ में इंडोर स्टेडियम बनाने के लिए स्वीकृत होने के बाबजुत यहां से दूसरी जगह स्थानांतरण करना समझ से परे है। चैहड़ दंगल कमेटी के उपप्रधान दिनेश ठाकुर ने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा प्रयास करके चैहड़ क्षेत्र को पहले ही कुश्ती के तौर पर देश भर में उभार दिया है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि सरकार भी चैहड़ को नक्शे पर उभारने के लिए कार्य करेगी, लेकिन न जाने क्यों यहां चैहड़ में बनने वाले इंडोर स्टेडियम को दूसरी जगह बदला जा रहा है।

चैहड़ दंगल कमेटी के उपप्रधान दिनेश ठाकुर लक्की ने कहा कि चैहड़ दंगल कमेटी की ओर से पिछले कई वर्षों से यहां चैहड़ को खेलकूद के तौर पर विकसित करने की मांग उठाती आ रही है, लेकिन मांग पूरी नहीं हुई।

## 30 से एक जनवरी तक नववर्ष मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** श्री नयना देवी जी 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक नववर्ष मेला शुरू हो रहा है। जिसके लिए जिला प्रशासन ओर मंदिर न्यास ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। जहां पर मंदिर की सजावट का कार्य शुरू हो चुका है। नव वर्ष के उपलक्ष्य पर मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों फूलों से सजाया जा रहा है।

इस बार भी मंदिर की सजावट का कार्य पंजाब के समाज सेवी संस्था के श्रद्धालुओं के द्वारा किया जा रहा है। मंदिर के सहायक सुरक्षा इंचार्ज महेंद्र सिंह का कहना है कि मेले के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रहेगी और श्रद्धालुओं को लाइनों मैं ही माता जी के दर्शनों के लिए भेजा जाएगा। मंदिर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे।

## कार्यशाला में शिक्षकों ने सीखे गुर

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य व शिक्षक।

शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रुप में रीति मल्होत्रा पधारी थी। रीति मल्होत्रा ने विद्यार्थियों को बदले समय में किस तरह कक्षाओं में पढ़ाने के साथ किस तरह कक्षाओं का मैनेजमेंट बालकों को लुभाने वाला बनाया जाए, इस पर चार घंटे की कार्यशाला में स्कूल के शिक्षकों ने विशेषज्ञ के बताए गुर सीखे। उक्त आयोजन शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता के सभागार में हुआ।

आपको बता दें कि रीति मल्होत्रा को नई दिल्ली से इस कार्यशाला के लिए विशेषज्ञ के तौर पर स्कूल के एमडी ने आमंत्रित किया था।

**शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता में किया कार्यशाला का आयोजन**

रीति मल्होत्रा ने अब तक आंध्र प्रदेश, बैंगलोर, बिहार, हरियाणा, पुणे, पंजाब, भोपाल, उत्तर प्रदेश सहित देश के अनेक हिस्सों में कार्यरत शिक्षकों को क्लास रूम मैनेजमेंट तथा शिक्षण विधि पर दिशा-निर्देश देते हुए लाभावित किया है। इस मौके पर अंजलि ने बताया कि हमारे स्कूल ने एक सैमिनार शुरू किया था। इस सैमिनार में रीति मल्होत्रा आई थी।

उन्होंने हमें बताया कि बच्चों कौ अपने बच्चों की तरह समझे जिससे वह हमसे अच्छे से कनेक्ट हो सके। रीति मल्होत्रा ने बताया कि शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में यह सैमिनार हुआ, इसमें टीचरों को बच्चों से कनेक्ट करने के बारे में बताया गया।

## शिव शक्ति कॉन्वेंट स्कूल में रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिव शक्ति कॉन्वेंट स्कूल कसारु में अत्यधुनिक रोबोटिक्स लैब का चेयरमैन डॉ. श्रवण कुमार ने उद्घाटन किया। यह छात्रों के बीच नवाचार और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्मार्ट रोबोटिक किट में माइक्रो कंट्रोलर, सेंसर, एक्ट्यूएटर, डिस्प्ले, मोटर, पहिये, बैटरी और चार्जर शामिल हैं।

विशेष रूप से विज्ञान, गणित और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के पाठ्यक्रम प्रयोगों का समर्थन करने के लिए डिजाइन की लैब छात्रों को व्यावहारिक और अभिनव प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करती है। इस परियोजनाओं से छात्रों की क्षमता और रचनात्मकता को उजागर किया जाएगा।

उद्घाटन समारोह के दौरान कई प्रभावशाली प्रोजेक्ट प्रोटोटाइप प्रदर्शित किए गए। प्रधानाचार्य निर्मला देवी ने कहा कि रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन स्कूल के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## भाजपा अपनी नाकामियों की वजह से सत्ता से बाहर हुई : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

हिमाचल में अपनी नाकामियों के कारण सता से बाहर हुई भाजपा की छटपटाहट थमने का नाम नहीं ले रही है, अनर्गल बातों को लेकर मजबूत कांग्रेस सरकार को घेरने में लगे सभी भाजपाईयों की कुंठा समझी जा सकती है। यह कहना है पूर्व कांग्रेस प्रदेश मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान का।

उन्होंने कहा कि बे सिर पैर के मसलों को लेकर उछलने वाले भाजपा नेता जनता में भी हंसी का पात्र बन रहे हैं। मजबूत कांग्रेस सरकार को उखाड़ने के लिए मर्यादा की हर सीमा को लांघने पर भी नाकाम रहे भाजपाई अब चारों खाने चित हैं।

ऐसे में ऑपरेशन लोटस के सूत्रधार भी जनता के सामने आए हैं, जिस कांग्रेस पार्टी की सेवा इनके परिवार के बुजुर्गों तक ने कर एक मजबूती प्रदान की, वहीं आज चंद सिक्कों की खनक में उनकी भी साख को दांव पर लगाकर धूमिल कर गए। पूर्व प्रदेश कांग्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि क्या उनको भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने हिमाचल प्रदेश में ऑपरेशन लोट्स के लिए अधिकृत किया है।

हर्ष महाजन ने कांग्रेस में 40 वर्ष बिताए और कांग्रेस की सरकारें रहते हुए उन्होंने हर तरह की पॉवर का इंजॉय किया।

हिमाचल प्रदेश के उच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार प्रदेश में सीपीएस कानून रद्द किया गया और हर्ष महाजन प्रदेश सरकार को गिराने की बात करने लगे जबकि बीते फरवरी माह में हर्ष महाजन ने ऑपरेशन लोट्स के सूत्रधार की भूमिका रची तो उन्हें मुंह की खानी पड़ी गई थी और वही टीस आज उनके मन में उभर रही है और प्रदेश सरकार को गिराने के हसीन सपने ऐसे देख रहे हैं।

## सरकार के मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दावे खोखले : देशराज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** प्रदेश सरकार के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। इसका अंदाजा विद्युत बोर्ड भगेड़ सेक्शन में देखने को मिला। यहां पर लोगों को 24 घंटे बिना बिजली के गुजारने पर विवश होना पड़ा। भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं मंडल के अध्यक्ष देश राज शर्मा ने बताया कि इस सेक्शन के तहत आने वाली 9 पंचायतों बकरोआ, औहर, पनौल, पनोह, फटोह, टकरेड़ा, अवारी खलीन, हीरापुर व विजयुपर के लोगों को गत 27 रात से लेकर 28 दिसंबर रात तक बिना बिजली के रहना पड़ा। जब धर्माणी के विधानसभा क्षेत्र का ऐसा हाल है तो अन्य क्षेत्रों का अंदाजा सहजता से लगाया जा सकता है। मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने में नाकाम साबित हुए हैं।



## समुदाय के नाम पर बाहरी राज्यों के लोगों को निशाना बनाना निंदनीय : नंद लाल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने घुमारवीं में स्थानीय लोगों द्वारा फेरी लगाकर रोजी रोटी कमाने वाले कश्मीर राज्य से आए लोगों के साथ किए गए अभद्र व्यवहार की घटना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिला महामंत्री आचार्य नंद लाल ने कहा कि आजाद भारत देश में प्रत्येक देशवासी को अधिकार है कि वह किसी भी राज्य में जाकर अपनी रोजी रोटी कमा सकता है, ऐसे में संविधान इस बात की इजाजत भी देता है, किंतु कुछ दकियानुसी सोच के व्यक्ति प्रदेश में भी इस प्रकार का माहौल पैदा करना चाहते हैं और धर्म विशेष के लोगों को इस बावत टारगेट किया जा रहा है, जो कि किसी भी लिहाज से जायज नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था बिगाड़ रहा है तो कानून उस पर कार्यवाही करता है, लेकिन किसी व्यक्ति को केवल इस कारण लक्षित कर प्रताड़ित किया जाना कि वह धर्म विशेष से है, संविधान का उल्लंघन है। इसके लिए बाकायदा विभाग बने हैं तथा कर चोरी करने वालों के खिलाफ जुर्माना और दंड का प्रावधान भी संविधान के नियम है।

ऐसे में किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। आचार्य नंद लाल ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नियमों के खिलाफ जाता है तो कानून कार्यवाही करता है।

उन्होंने कहा कि दो- तीन दशकों से यहां पर रोजी रोटी कमाने के लिए हर साल आने वाले कश्मीरी लोगों के साथ इस प्रकार के व्यवहार की संयुक्त संघर्ष मोर्चा कड़ी निंदा करता है। आचार्य नंद लाल ने कहा कि केवल धर्म, जाति समुदाय के नाम पर इस प्रकार के कृत्य करना अच्छे संकेत नहीं है।

**समस्या** पार्किंग न होने की वजह से सड़क किनारे टैक्सी और बसे खड़ी करने को मजबूर

# झंडूता में अवैध पार्किंग व टैक्सी गाड़ियों की समस्या

**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के बाजार में अवैध पार्किंग व टैक्सी गाड़ियों की समस्या सबसे ज्यादा है। झंडूता में आज तक बस अड्डा नहीं बन पाया। जिससे बसों को मजबूरन बस चालकों को झंडूता बाजार में खड़ा करना पड़ता है, जिसमें व्यापारियों का कहना है कि पूरा दिन दुकानों के आगे बसें खड़ी रहती है, जिससे हमारा सामान नहीं बिक पाता है। लेकिन इस ओर न तो सरकार और न ही प्रशासन का ध्यान है। बाजार में पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है। ग्राहक हों या दुकानदार सभी को अपने वाहन सड़क पर ही खड़े करने पड़ते हैं। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में लाइनिंग भी ठीक ढंग से नहीं की गई है विभाग दोनों तरफ बराबर जगह छोड़े ताकि चलने के लिए दोनों ओर जगह रहे। जिससे जनता को मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

बाजार में स्पीड लिमिट के कहीं भी कोई साईन बोर्ड नहीं लगे हैं।



**झंडूता में बस अड्डे की बहुत बड़ी समस्या**

**बसों** को खाली स्थान पर लगवाएं । झंडूता में बस अड्डे की बहुत बड़ी समस्या है। इससे विभाग को कई बार अवगत करवाया गया है। और एक खाली जगह के बारे में बताया है कि यहां पर बस स्टैंड बन सकता है। तो विभाग इस पर भी जल्द से जल्दी कार्रवाई करें।

**कभी भी हो सकता है हादसा, कौन रहेगा जिम्मेदार**

जिससे दुघर्टनाए होती रहती है।

झंडूता व्यापार मंडल के प्रधान प्रशांत शर्मा ने बताया कि बाजार की समस्यायों को लेकर दिवाली से पहले सम्बधित विभागों से एक बैठक हुई थी, जहां विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए थे, जिसमें जो स्थान चिन्हित हुए थे वहां पर टैक्सियां और बसें नहीं लग रही है। अभी जो बसे लग रही है वह दुकानों के आगे लग रही है। जिससे व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। जो लोकनिर्माण विभाग ने लाइनिंग लगाईं थी, उसमें सड़क के एक तरफ लगभग एक फीट जगह छोड़ी थी और दूसरी तरफ 10 से 12 फूट जगह विभाग ने छोड़ी है। हमारी विभाग से भी यह मांग थी कि दोनों तरफ बराबर जगह छोड़े। इससे पहले जब हमारी एसडीएम झंडूता से बैठक हुई थी।

एसडीएम झंडूता ने लोकनिर्माण विभाग को निर्देश दिए थे कि आप व्यापार मंडल झंडूता को पूछ कर लाइनिंग लगाएं, लेकिन लोकनिर्माण विभाग ने इस विषय पर व्यापार मंडल से कोई चर्चा नहीं की। जब व्यापार मंडल ने विभाग से बात की तो उन्होंने बोला कि हम काम को रोक देते हैं और उन्होंने हमारी बात न मानी । जिस कारण जो अव्यवस्था जो झंडूता बाजार में बनी है और व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित होता है। क्योंकि जब कोई गाड़ी यहां पर लगती है व्यापारिक संस्थान होने के नाते तो पुलिस एक दम से चालान कर देती है। जिससे व्यापारियों के पास जो ग्राहक आता है उसको भी नुकसान होता है, तो मेरा विभाग से यह अनुरोध रहेगा कि प्रशासन जल्दी से जल्दी लाइनिंग लगाएं ।(अनंत ज्ञान)

## बुकर सेलर्ज को किया सम्मानित





**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

एमबीडी ग्रुप ने डिस्ट्रीब्यूटर्ज मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौदान ग्रुप ने बिलासपुर में होटल पंचवटी में अपने डिस्ट्रीब्यूटर्ज को सम्मानित करने के लिए एक मीटिंग का आयोजन किया। इस मीटिंग में सबसे पहले एमबीडी ग्रुप के एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर बलवंत शर्मा ने मुख्य डिस्टीब्यूटर्ज के साथ मिलकर मां सरस्वती की ज्योति प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया।

मीटिंग के शुभारंभ में एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर बलवंत शर्मा ने जिला ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी, कुल्लू, सोलन, सिरमौर, हुए डिस्ट्रीब्यूटर्ज का आभार व्यक्त किया। बलवंत शर्मा ने बताया कि एमबीडी डिस्ट्रीब्यूटर और पुस्तक विक्रेताओं की बैठक की शुरुआत हमारे संस्थापक अशोक कुमार मल्होत्र द्वारा की गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य अपने डिस्ट्रीब्यूटर्ज से बहुमूल्य सुझाव लेना एवं उनकी समस्याओं को हल करना है। उसके बाद उन्होंने एमबीडी प्रोडक्ट (एमबीडी गाईडस्, अशोका ऑन-लाइन डिजीटल कंटेन्ट पर बुकस सेलर्ज को विस्तार से अवगत करवाया।

एमबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन मैडम सतीश बाला मल्होत्रा, मैडम मोनिका मल्होत्रा कंधारी (प्रबंध निदेशिका) एवं सोनिका मल्होत्रा कंधारी (संयुक्त प्रबंध निदेशिका) के अथक प्रयासों से एमबीडी ग्रुप निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है।

इस मीटिंग में आए हुए बुकर सेलर्ज को अवार्ड चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमबीडी ग्रुप के पब्लिकेशन मैनेजर पवन माथुर, एएस एम विपिन काशिव, विपिन शर्मा, बंटी शर्मा, मुकेश शमां एवं सेल्स टीम, मार्केटिंग टीम के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# भरमौर की कई पंचायतों का संपर्क शेष विश्व से कटा

## बर्फबारी के चलते लोगों को बिजली, पानी जैसी समस्याओं से होना पड़ रहा दो-चार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर में सीजन की पहली बर्फबारी कहीं आफत, तो कहीं राहत लेकर आई है। 2 दिनों तक लगातार हुई बारिश व बर्फबारी होने के बाद यहां की एक दर्जन से अधिक पंचायतों का संपर्क शेष विश्व से पूरी तरह से कट गया है। सीजन की पहली बर्फबारी होने के बाद यहां की कई पंचायतों में बिजली पानी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

बर्फबारी के बाद यहां पर अब तक एक दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर पूरी तरह से बंद हो गए हैं। इसके कारण कई गांवों में बिजली की सप्लाई भी बंद हो गई है। बर्फबारी के बाद एक ठंड का प्रकोप बढ़ जाने के कारण की जगह में पानी की पाइपें जम गई हैं और लोगों को पीने का पानी का संकट भी बरकरार हो गया है। हालांकि विभाग इन सभी मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने में पूरी तरह से जुट गया है। जानकारी के अनुसार जनजातीय क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत कुगति, कंवारसी, आलमी, बजोल सहित गरीब आधा दर्जन से अधिक पंचायत के दर्जनों गांव में बिजली पानी और सड़क की सुविधा साल की पहली बर्फबारी से प्रभावित हुई है।



### किसानों व बागवानों के चेहरे खिले



**लंबे** अंतराल के बाद हुई बारिश व बर्फबारी को लेकर यहां के किसान व बागवान काफी खुश दिखे। यहां के बागवानों को बारिश न होने के चलते अपने सेब के बगीचे को लेकर काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही थीं। यहां के अधिकतर लोगों का व्यावसाय बागवानी से जुड़ा है लिहाजा पिछले काफी समय से बारिश न होने के चलते यह लोग काफी मायूस हो रहे थे। पिछले काफी समय से बारिश न होने के चलते यहां पर कई प्राकृतिक जल स्रोत सूखने की कगार पर पहुंच गए थे। लिहाजा दिसंबर महीने में हुई बर्फबारी से जलशक्ति विभाग ने राहत की सांस ली है।

ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अधिक बर्फबारी होने के कारण कई पंचायतों का संपर्क शेष विश्व से पूरी तरह से कट गया है। हालांकि प्रशासन द्वारा इन दूर दराज पंचायतों में एडवांस में ही राशन पहुंचा दिया गया है। लेकिन शनिवार को लगातार हो रही भारी बर्फबारी के कारण इन गांवों को जोड़ने वाले रास्ते भी पूरी तरह से बंद पड़ गए है। हालांकि प्रशासन द्वारा बर्फबारी के सीजन को देखते हुए पहले ही संबंधित विभागों को अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### सड़कों से बर्फ हटाने का काम शुरू

**भरमौर।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र भरमौर और पांगी में भारी हिमपात के बाद रविवार को ही मौसम साफ होने के साथ लोक निर्माण विभाग ने बंद पड़े 5 दर्जन से अधिक सड़कों सिर्फ बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया है। इस बर्फबारी के कारण पांगी घाटी में लोक निर्माण विभाग को 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। लोक निर्माण मंडल भरमौर के अंतर्गत कई जगह 1 फुट से लेकर डेट फुट तक ताजा बर्फबारी हुई है। वहीं पर फंगी में 35 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। लोग निर्माण विभाग पांगी ने तीन जेसीबी व स्नो ब्लोअर की मदद से सड़क से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया है। लोक निर्माण विभाग मंडल भरमौर ने भी रविवार को अधिकतर सड़कों पर बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया है और इसके लिए बाकायदा आधा दर्जन से अधिक मशीनरी को तैनात किया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए सहायक अभियंता भरमौर विशाल चौधरी ने कहा है कि सोमवार को भरमौर की अधिकतर सड़कों को खोलने के लिए मशीनरी व कर्मचारियों को तैनात कर दिया है उन्होंने कहा है की उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द इन सड़कों पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी।







# हिमपात से कहीं बिजली गुल तो कहीं पेयजल आपूर्ति ठप



**मुकेश कुमार, डलहौजी**

जिले के ऊपरी क्षेत्रों में ताजा हुए हिमपात ने जहां पहाड़ों की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए हैं तो वहीं आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त कर दिया है। कहीं बिजली गुल है, तो कहीं पानी की पाइप में जम जाने की वजह से पेयजल संकट गहरा गया है। डलहौजी क्षेत्र में बर्फबारी होने से बाहरी सैलानियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा है, किंतु डलहौजी में हुई ताजा बर्फबारी ने यातायात व्यवस्था पर अपना बुरा प्रभाव भी पड़ा है। कई घंटे लगातार जाम लग रहा तथा भारी फिसलन में इक्का-दुक्का गाड़ियों के नुकसान की खबरें भी प्रकाश में आई। इस बारे में स्थानीय उपमंडलाधिकारी अनिल भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन द्वारा बर्फबारी को लेकर पहले से ही पुख्ता इंतजाम किए जा चुके हैं तथा आने वाले सैलानियों के लिए एडवाइजरी भी जारी की जा चुकी है उन्होंने पुनः एक बार फिर से स्थानीय लोगों तथा बाहरी सैलानियों से अपील की है कि वह स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन का बखूबी सहयोग बनाएं तथा ज्यादा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जाने से परहेज करें और अपनी गाड़ियों को सुरक्षित जगह पर करें ताकि यातायात व्यवस्था भी सुचारू रहे। उन्होंने यह भी बताया कि सैलानी डलहौजी खजियार वाया लक्कड़ मंडी न जाएं क्योंकि मुख्य मार्ग अवरुद्ध है। इसलिए वाया चंबा खजियार जा सकते हैं।

उधर, डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने भी लोगों से अपील की है कि स्थानीय लोग तथा सैलानी पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, ताकि कानून व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस 24 घंटे सेवा के लिए तत्पर है। (अनंत ज्ञान)

# चुराह घाटी के ज्यादातर गांवों में बिजली व पेयजल आपूर्ति बहाल

**अनंत ज्ञान, तीसा**

बीते दिनों हुई बर्फबारी के कारण चुराह घाटी की विभिन्न पंचायतों के ज्यादातर गांव अंधकार में डूबे रहे। बर्फबारी ने जहां किसानों बागवानों के चेहरे पर रौनक दिखी तो वहीं आम आदमी बिजली और पीने के पानी की समस्या से जुझता दिखा। हालांकि जलशक्ति विभाग तथा विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने भारी बर्फबारी में भी जहां पानी की समस्या को सुलझाया तो विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने टूटी लाइनों को दुरुस्त कर आज विद्युत सेवा को ज्यादातर गांवों में बहाल करने में सफलता प्राप्त की। बता दें कि अकेले चुराह उपमंडल में लगभग लगभग 10 मार्ग अवरुद्ध हैं, जिनको लेकर लोक निर्माण विभाग कमर कसे हुए हैं। जानकारी के अनुसार चुराह घाटी में एक से अढ़ाई फुट तक बर्फबारी दर्ज की गई है।



## गरीबों को बांटे कपड़े




नूरपुर। महाजन सभा नूरपुर ने एक जनसेवा अभियान के तहत एक बेहतरीन पहल की है। महाजन बिरादरी को गौरवान्वित करने वाले पूर्व चीफ जस्टिस मेहर चंद महाजन की 135वीं जयंती पर संपूर्ण महाजन सभा नूरपुर ने सहयोग प्रकल्प के अंतर्गत आरके महाजन ग्राउंड, नजदीक एनपीएस, जसूर व नागावाड़ी में गरीब 300 परिवारों के बच्चों, महिलाओं व पुरुषों को कपड़े वितरित किए। (अनंत ज्ञान)

# विधायक ने कूड़ा संयंत्र में हुए नुकसान का लिया जायजा

## स्थानीय लोगों ने कूड़ा संयंत्र को किसी दूसरी जगह शिफ्ट करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

कुंराह में बने नगरपालिका चंबा के कूड़ा संयंत्र, जिसमें बीते दिनों भयानक आग लग गई थी, जिससे लाखों रुपए की मशीनरी जलने के साथ- साथ और भी कई तरह का नुकसान हुा था। इसी को लेकर रविवार को चंबा सदर के विधायक नीरज नैय्यर, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सदस्य अमित ठाकुर ने मौके का दौरा किया। स्थानीय लोगों ने विधायक को बताया कि 6 दिन बीत जाने के बाद भी इस कूड़ा संयंत्र में आग जल रही है। धीरे-धीरे आग फिर से भयानक रूप धारण करती जा रही है तो वहीं संयंत्र से निकलने वाले जहरीले धुएं से करीब 12 पंचायतों के सैकड़ों लोग बीमार हो रहे हैं। पंचायत के लोगों ने विधायक से मांग की कि इस कूड़ा संयंत्र को इस जगह से स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने कहा कि जब-जब भी इस संयंत्र में अत्यधिक कूड़ा जमा हो जाता है तो इसमें आग लगा दी जाती है। इन्होंने सीधे सीधे जिला प्रशासन और नगरपालिका को इसका दोषी ठहराते हुए कहा है कि पर्यावरण की दृष्टिगत यहां पर बनाया गया कूड़ा संयंत्र किसी भी मापदंड पर सही नहीं ठहरता है। वहीं, विधायक ने कहा कि मुझे काफी लोगों के इस बारे फोन आ रहे थे। उन्होंने कहा कि यह आग जल्द से बुझ जाए इसके लिए हमने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से कुछ मशीनरी और फायर की गाड़ियों को यहां लगाने की गुजारिश की है, ताकि जो आग अंदर ही अंदर सुलगती जा रही है, उस पर नियंत्रण कर आग को बुझाया जा सके। उन्होंने स्थानीय पंचायत के लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी मांग को लेकर जल्द से कोई उचित कदम उठाया जाएगा।



# तीन वर्ष से नहीं हो पाया झंगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण

**रितेश चौहान, सरकाघाट**


मंडी जिला के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भूर के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झंगी का निर्माण कार्य पिछले लगभग अढ़ाई वर्षों से लटका हुआ है। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर व तत्कालीन धर्मपुर से विधायक व प्रदेश सरकार में कद्दावर मंत्री रहे महेंद्र सिंह ठाकुर ने 29 नवंबर 2021 को किया था और उसके पश्चात इसका भूमि पूजन पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने शिलान्यास के लगभग तीन माह बाद 16 फरवरी 2022 को किया था उसके बाद यहां पर भूमि को समतल करने सुरक्षा दीवारें लगाने का कार्य शुरू हुआ था लेकिन यह कार्य आधी अधूरी सुरक्षा दीवारें लगाने तक ही सीमित रह गया और यहां पर न ही भवन का निर्माण कार्य शुरू हो पाया, यहां का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किराए के भवन में चला हुआ है।

लोगों में इस कारण विभाग और सरकार के प्रति गहरा रोष व्याप्त है । लोगों का कहना है कि इतना समय बीत जाने के बाद भी भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। लोगों में पवन कुमार भरमौरिया, धर्मचंद, प्यार चंद, अशोक कुमार भूरी सिंह लाभ सिंह प्रमिला देवी जोगिंदर धलारिया, सुमन कुमार खजान सिंह अक्षर सिंह रोशन लाल ख्यालीराम दीपचंद जगदीश कुमार मेहर सिंह राजकुमार राकेश कुमार कपिल देव आदि ने सरकार व विभाग से इस भवन का निर्माण कार्य जल्दी शुरू करने का आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)



शिलान्यास पट्टिका और कार्य की शुरुआत की हुई।




> जब इस बारे में लोक निर्माण विभाग मंडल मढ़ी के सहायक अभियंता युवराज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैने अभी-अभी चार्ज लिया है शायद हो सकता है बजट की कमी के कारण यह काम अधूरा होगा। डिवीजन से पता करने के बाद ही सही स्थिति के बारे में बता पाऊंगा।
>
> **-युवराज, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग**

> जब इस बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य लगभग 2 करोड़ 8 लाख रुपए में प्रस्तावित है और पीडब्ल्यूडी विभाग को इस कार्य को करने के लिए 26 लाख रुपए दे दिए गए थे, लेकिन उन्होंने अभी तक भूमि को समतल करने व डंगे लगाने के लिए साढे दस लाख रुपए ही खर्च किए हैं और आगे का कार्य भी नहीं शुरू किया हुआ है जिस कारण यह निर्माण कार्य रुका पड़ा है।
>
> **-नरेंद्र भारद्वाज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी**

# डीसी व एसपी ने भूंडा महायज्ञ की तैयारियों का लिया जायजा

**दशमी रावत, रोहडू**

रोहडू क्षेत्र के दलगांव में होने वाले भूँडा महायज्ञ आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी मंदिर में पहुंचे।

जनवरी 2025 के पहले सप्ताह में भूंडा महायज्ञ का आयोजन होना है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि इस महायज्ञ में लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं के होने की उम्मीद है। ऐसे में मंदिर कमेटी की ओर से की जा रही व्यवस्थाओं के बारे में जायजा लिया। यहां पर महायज्ञ के दौरान पुलिस की ओर से विशेष ट्रैफिक व्यवस्था बनाई गई है। इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएं, अग्निशमन दल की तैनाती आदि को लेकर रणनीति बनाई गई है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि महायज्ञ के आयोजन में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करें।

**अतिरिक्त पुलिस बल होगा तैनात, एक माह से कानून व्यवस्था को लेकर बनी रणनीति**

उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश देवभूमि है। यहां पर सैकड़ों वर्षों से देव नीतियों का प्रचलन है। लोगों की आस्था के चलते इस तरह के बड़े -बड़े आयोजन समय-समय पर होते आए है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि दलगांव की जियो मैपिंग की गई है । इसके आधार पर ट्रैफिक व्यवस्था बनाई गई है। यहां पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस विभाग पिछले एक महीने से कानून व्यवस्था को लेकर रणनीति बना रहा है। डीएसपी रोहडू और स्थानीय एसएचओ के अनुसार मंदिर कमेटी के सुझावों के ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा।

इस अवसर पर ओएसडी कर्नल कुलदीप सिंह बांशटू, अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, एसडीएम रोहडू विजय वर्धन सारस्वत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवदीप सिंह, कमांडेंट होमगार्ड एंड फायर आरपी नेपटा, डीएसपी रोहडू प्रणव चौहान, मंदिर कमेटी अध्यक्ष रघुनाथ झामटा सहित कई गणमान्य व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सूडोकु 0031 ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0030 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# कुफरी में स्नो बूट बदलने को लेकर पर्यटकों ने स्थानीय लोगों पर चाकू से किया हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी में पर्यटकों की एक बार तानाशाही सामने आई है। पयर्टन स्थल कुफरी में स्नो बूट बदलने को लेकर हुए विवाद को लेकर कुछ टूरिस्टों ने स्थानीय लोगों पर चाकू से हमला कर दिया।

इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए आईजीएमसी में दाखिल किया गया है। वहीं, पुलिस ने इन पर्यटकों को पुलिस ने अपनी कस्टडी में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कुफरी में बर्फ को देखने के लिए पंजाब से चार पर्यटक आए थे। इन्होंने एक दुकान से स्नो बूट लिए। इन जूतों को किराए पर दिया जाता है। इस पर एक स्थानीय दुकानदार ने उन्हें दूसरे जूते बदलने को कहा। ऐसे में इसको लेकर विवाद हो गया।

विवाद देखते ही देखते हाथापाई पर पहुंच गया। इसी बीच टूरिस्टों ने चाकू निकाला और हमला कर दिया। इसमें स्थानीय दुकानदार जगदीश शर्मा, शेखर शर्मा और निखिल सिंगटा को गंभीर चोटें आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को आईजीएमसी पहुंचाया और टूरिस्टों को कस्टडी में लिया।

# पधर के बह में रसोईघर जलकर राख

**अनंत ज्ञान पधर**

द्रंग क्षेत्र की ग्राम पंचायत बह के गांव बह में शनिवार रात्रि करीब ढाई बजे रसोई घर में आग लगने से सामान जल कर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

इस घटना में करीब तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। बह गांव निवासी जगदीश प्रसाद पुत्र राम सिंह सभी सदस्यों के साथ घर के दूसरे कमरों में सोए थे।

अचानक रसोई घर से धुआं उठता देख सभी सदस्य जाग गए। शोर मचाने पर आसपड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुट गए।

आग इतनी प्रचंड थी कि रसोई घर के अंदर रखा राशन, बर्तन, अलमारी और अन्य सामान जल गया। ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बह पंचायत के प्रधान पीर सहाय ठाकुर और पटवारी ने घटनास्थल का दौरा कर रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार पधर को प्रेषित की है। रसोई घर का सारा सामान जल गया है।

## आज का पंचांग

30 दिसंबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** अमावस्या (03:58): **नक्षत्र** मूल (11:58), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** वृद्धि (08:31) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:03-12:44), **राहुकाल** (08:31 -09:48)।

**विशेष दिन**

- 30 दिसंबर 2024 : देवपितृकार्य अमावस्या आज।
- 30 दिसम्बर 2024 : सोमवती अमावस्या आज।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से पूरा सहयोग मिलेगा। नया कार्य प्रारंभ कर सकते हैं। घर व दोस्तों के बीच अपनी स्थिति सुधारने के बारे में सोचें।

**वृषभ:** समस्याओं का अंत होगा। उच्च अधिकारी का सहयोग मिलेगा। चापलूसों से सावधान रहें, व्यापार-व्यवसाय में सोच-समझकर निर्णय लें।

**मिथुन:** स्वास्थ्य को नजरअन्दाज न करें। धन लाभ के नए मार्ग खुलेंगे, किसी कानूनी विवाद में फंस सकते हैं। किमती समय पार्टनर को दें, उनको इसकी जरूरत है।

**कर्क:** आज पूरा दिन मौज-मस्ती में व्यतीत होगा। महत्वपूर्ण काम आज ही पूरा करेंगे। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलने की प्रबल संभावना है।

**सिंह :** आज लेन-देन के मामले को लेकर परेशान रह सकते हैं। परिवार के सदस्यों से झगड़ा करने से बचें। मन धर्म की ओर आकर्षित होगा।

**कन्या :** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा साथ ही सामाजिक वर्चस्व में वृद्धि होगी। परिवार के लोग आप से खुश रहेंगे और घर में शांति बनी रहेगी।

**तुला:** आज आप पूरे उत्साह से काम करेंगे व निश्चित सफलता मिलेगी। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**वृश्चिक:** आज आपको कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। खर्च अधिक होने से तनाव रहेगा। जल्दबाजी न करें। विवेक का प्रयोग करें।

**धनु :** आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतें, जोखिम लेने से हानि होने की संभावना है। अफवाहों से दूर रहें। बिजनेस में नुकसान होने की आशंका है।

**मकर :** आज व्यापार-व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होने के योग बन रहे हैं, काम बनने से उत्साहित नजर आएंगे। जल्द ही सफलता के द्वार खुलेंगे।

**कुंभ :** आज परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता मिलेगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। आज आपके लिए खुशनुमा और शानदार दिन है।

**मीन :** आज भाग्य आपके साथ है। विविध उलझनों का सामना होगा। कठिन परिश्रम से जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

## कृषि — बारिश होने के उपरांत बल्ह क्षेत्र के किसानों के खिल उठे चेहरे

# टमाटर की फसल की तैयारी में जुटे किसान

**आदर्श यादव, नेरचौक**

पहाड़ों पर बर्फबारी व मैदानी क्षेत्र में इस सीजन की पहली बारिश होने के उपरांत बल्ह क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।

यहां के किसानों ने टमाटर की फसल को लगाने के लिए तैयारियां करना शुरू कर दी है। मेहनतकश युवा बेरोजगार किसान के लिए पिछले लंबे अरसे से टमाटर की खेती लाभप्रद साबित हो रही है। बल्हघाटी के किसानों ने टमाटर की पनीरी के लिए खेत बनाना शुरू कर दिए हैं और खेतों की साफ सफाई के साथ-साथ बाड बंदी करना भी शुरू कर दिया है विदित रहे कि पिछले कुछ अरसे से घाटी में बेरोजगार युवा किसान वर्ग टमाटर की फसल को महत्व देकर बड़े स्तर पर खेती कर रहा है जिन किसानों के पास भूमि कम है वह अन्य लोगों से ठेके पर भूमि ले रहा है एक-एक किसान 20 से 50 बीघा भूमि पर टमाटर की फसल ले रहा है घाटी के किसान एडवांस में ही टमाटर की खेतीबाड़ी करना शुरू कर देता है, पनीरी लगाने का समय 15 जनवरी से शुरू होता है और बल्ह में 500 हेक्टेयर भूमि पर टमाटर की खेती की जाती है।( अनंत ज्ञान)



### किसानों को अच्छा मुनाफा

**बल्हघाटी** के 100 टमाटर उत्पादक करोड़पति की श्रेणी में शामिल हो चुके हैं पिछले वर्ष टमाटर की फसल का अच्छा दाम मिलने पर किसानों को अच्छा मुनाफा हुआ है जिन किसानों ने 80 से 100 बीघा भूमि पर टमाटर की फसल लगाई थी कुछ एक किसानों को अच्छा मुनाफा मिला।

### युवा बेरोजगार किसान

**बल्ह** विधानसभा क्षेत्र के शशि, रामलाल, संतोष, पंकज,महेंद्र, तिलकराज व राजेश आदि का कहना है कि उन्हें पढ़ाई और ट्रेनिंग करे हुए 20 से 25 वर्ष हो गए लेकिन उनको नौकरी न मिलने से पिछले 8 10 वर्षों से टमाटर की पैदावार करना शुरू किया हैउनका और उनके परिवार का जीवन यापन हो सके टमाटर की फसल उन्हें लाभप्रद भी साबित हो रही थी लेकिन इस मर्तबा सरकार के एक ऐसे निर्णय ने उनकी कमर तोड़कर रख दी है जिसमें की सरकार ने टमाटर उत्पादन में प्रयोग होने वाले बांस की कटाई पर रोक लगाने की घोषणा की है ।

### टमाटर उत्पादन में रुचि दिखा रहे किसान

**विशेषज्ञ** कृषि खंड बल्ह डॉ. चौधरी राम ने बताया कि बल्ह का मेहनतकश किसान टमाटर उत्पादन में अपनी अधिक रुचि दिखा रहा है उन्होंने टमाटर का उत्पादन करने वाले किसानों से आग्रह किया है कि सभी किसान कृषि विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों से अनुमोदित बीज और दवाइयों का छिड़काव ही टमाटर की फसल में प्रयोग करें पनीरी देने के लिए 15 जनवरी से उपयुक्त समय शुरू हो जाता है । विभाग 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवा रहा है।

**सेवा** छोटी है या बड़ी, इसकी कीमत नहीं है। किस भावना से, किस दृष्टि से वह की जा रही है, उसकी कीमत है। -विनोबा भावे

## संपादकीय

# नकली दवाइयों का धंधा

हिमाचल प्रदेश में बनी 27 दवाइयों के सैंपल फेल होना एक बार फिर कई सवाल खड़े कर गया है। हिमाचल में बनी दवाइयां आखिर बार-बार क्यों फेल हो रही हैं या एक यक्ष प्रश्न है? कहीं इसके पीछे दवा माफिया तो सक्रिय नहीं है जो नकली दवाइयों के धंधे में मशगूल है? इन सवालों के जवाब हमेशा की तरह इस बार भी नहीं मिलेंगे, क्योंकि जब नीति नियंता ही भ्रष्टाचार में संलिप्त हो जाते हैं तो नकली कारोबार करने वालों को खुल्लम-खुल्ला छूट मिल ही जाती है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ के मानकों पर ये दवाइयां खरी नहीं उतरीं। सीडीएससीओ की ओर से ड्रग अलर्ट जारी करते ही स्टेट ड्रग कंट्रोलर ने भी इन दवाइयों को बनाने वाली कंपनियों को नोटिस जारी करने में देर नहीं की। चिंताजनक यह है कि अब यह प्रक्रिया भी रूटीन जैसी ही प्रतीत हो रही है, क्योंकि व्यवस्था बौनी हो चुकी है। दवाइयों के सैंपल फेल होने से निश्चित रूप से आम जनता की सेहत से बहुत बड़ा खिलवाड़ होता है, क्योंकि जब तक कार्रवाई को अंजाम दिया जाता है तब तक दवाइयों के खेप पूरी मार्केट में फैल चुकी होती है। हालांकि, जिन दवाइयां के सैंपल फेल हुए हैं उनकी सप्लाई वापस मंगवा ली गई है, लेकिन वह किस लेवल पर वापस आएगी यह भी एक बड़ा प्रश्न है। हिमाचल में ज्यादातर दवाइयां बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़ यानी औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में बनती है जिसे बोर्ड क्लास फार्मा हब का दर्जा प्राप्त है। इसके अलावा सोलन, कालाअंब और पांवटा साहिब में भी दवाइयां बनती हैं, लेकिन जिस तरीके से बार-बार हिमाचल की दवाइयां फेल हो रही हैं उससे हिमाचल की बदनामी पूरी दुनिया में हो रही है।


ऐसा भी नहीं है कि दवाइयों के सैंपल सिर्फ हिमाचल में ही फेल हो रहे हैं, बल्कि यह तो अब देश भर में फेल हो रहे हैं। भारत में नवंबर माह में कुल 111 दवाइयों के सैंपल फेल हुए थे और उनमें 27 दवाइयां हिमाचल की भी हैं। जिन दवाइयों के सैंपल फेल हुए हैं उनमें अधिकांश हार्ट, बीपी, एंटीबायोटिक और पेन किलर, एलर्जी सहित अन्य गंभीर बीमारियों के उपचार में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां शामिल हैं। उस मरीज और तीमारदार पर क्या गुजरती होगी जो यह सोचकर दवाइयां खा रहा है कि इन दवाइयों के खाने से उसे जल्दी आराम मिलेगा और वह दोबारा स्वस्थ हो जाएगा। उसे क्या मालूम कि जो दवाइयां वह खा रहा है वह नकली हैं। हिमाचल में दवा माफिया इस कदर सक्रिय हो गया है कि अब उस पर नकेल कसना मुश्किल हो गया है। दवाओं के फेल होने का सबसे बड़ा कारण तापमान व लेवल की कमी रहती है। दवाओं के उत्पादन के समय एरिया व स्टोरेज एरिया में तापमान फिक्स करके रखा जाता है। इसके बाद ट्रांसपोर्ट के समय तापमान में उतार-चढ़ाव होने से भी दवाओं की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। दूसरा सबसे बड़ा कारण मिस ब्रांडेड भी रहता है जिसका मतलब लेवल की कमी है। यही नहीं,कई बार उत्पादन के समय केमिकल व रॉ मैटेरियल की गुणवत्ता ठीक न होने से दवाओं की क्वालिटी खराब हो जाती है।

नकली दवाइयों से बचने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि दवाइयां हमेशा लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से खरीदनी चाहिए। दवाई की उत्पादक कंपनी की जांच करें और सुनिश्चित करें कि वह कंपनी विश्वसनीय है या नहीं। दवाई की पैकेजिंग और लेबलिंग की जांच भी जरूरी है। सुनिश्चित करें कि वह सही और पूरी तरह से भरी हुई हैं या नहीं। दवाई की एक्सपायरी डेट की जांच तो बेहद जरूरी है, क्योंकि ऐसा न करने से एलर्जी और रिएक्शन हो सकता है जिससे कई बार जान भी चली जाती है। दवाई की कीमत की जांच करें और सुनिश्चित करें कि वह कीमत उचित है या नहीं। दवाई की गुणवत्ता की जांच करें और सुनिश्चित करें कि वह दवाई उच्च गुणवत्ता वाली है या नहीं। फार्मेसी से दवाई की जानकारी प्राप्त की जानी चाहिए जिससे यह पता चल सके कि दवाई आपके लिए उचित है या नहीं। यदि किसी दवाई पर शंका पैदा हो और आपको लगे कि दवाई नकली है तो शिकायत दर्ज करवाएं। नकली दवाइयों के इस्तेमाल से स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं और जान जोखिम में पड़ सकती है। नकली दवाइयों का सेवन करने से आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। ऐसे में नकली दवाइयों से बचने के लिए यह जरूरी है कि आप दवाइयों की खरीददारी करते समय सावधानी बरतें और नकली दवाइयों की पहचान करने के तरीकों का पालन करें। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रदेश सरकार नकली दवा माफिया पर जल्द ही शिकंजा कसेगी और लोगों को क्वालिटी वाली दवाइयां मुहैया होंगी। लोगों को भी चाहिए कि दवाइयों की खरीद सतर्कता से करें, क्योंकि जान है तो जहान है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता


**डॉ.** हनुम्प्पा सुदर्शन एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता हैं। इन्हें आदिवासियों के बीच किए गए कार्यों के लिए पद्मश्री और राइट लाइव्लीहुड अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त डॉ. हनुम्प्पा सुदर्शन को दो स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा दिए जाने वाले सोशल एंटरप्रेन्योरशिप अवार्ड 2014 का विजेता घोषित किया गया है। डॉ. हनुम्प्पा सुदर्शन का जन्म येमलूर, बेंगलुरु में हुआ था। बेंगलुरु मेडिकल कॉलेज से ग्रेजुएशन किया और 1973 में डॉक्टर बन गए। एक दिन कुछ दोस्तों के साथ बसावनागुडी के रामकृष्ण आश्रम गए। वह दिन इनके जीवन का टर्निंग प्वाइंट रहा। इसके बाद से ये स्वामी रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद को पढ़ते गए। उनकी शिक्षाओं ने इनके जीवन का की पूरी दिशा बदल गई। 1980 में इन्होंने इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तौर पर मैसूर के पास बीआर हिल्स में विवेकानंद गिरिजन कल्याण केंद्र शुरू किया। इन्होंने अपना क्लीनिक एक पहाड़ी पर झोपड़ी में शुरू किया। चूंकि इन्हें वहां के लोगों से जुड़ना था, इसलिए इन्हें उनके जैसे ही रहना पड़ा। तभी ये उनकी तकलीफों को वाकई समझ पाए। रोगियों को ढूंढ-ढूंढकर उनका इलाज करना पड़ा। शुरू-शुरू में आदिवासियों के तगड़े विरोध का भी सामना करना पड़ा, लेकिन धीरे-धीरे वे समझते गए और उन्हें इनपर भरोसा भी हो गया। फिर इन्होंने कर्नाटक और तमिलनाडु के अलावा अरुणाचल प्रदेश में भी अपना नेटवर्क फैलाया। ■



डॉ. हनुम्प्पा सुदर्शन
जन्म : 30 दिसंबर, 1950

## कविता

### औरत है महान



भीम बसेड्डू राजपूत

*दिया है जन्म मर्द को उसने,*
*वह जननी है महान, तीनों लोकों में*
*है पूज्य; उसकी है अनोखी शान,*
*औरत का है दूसरा नाम,*
*सेवा-सुश्रुसा-प्रेम,*
*संपूर्ण घर-संसार है वह, भरा-पूरा परिवार एक मंदिर,*
*उसकी आदर्श मौजूदगी में है ; गृह लक्ष्मी,*
*उसके समर्पण; विधिवत क्रिया कलाप से ही तो है;*
*यहां-वहां का आशातीत विकास,*
*क्योंकि एक वही तो है ; सबसे बड़ी कामकाजी,*
*घर-गृहस्थी का अनुपम श्रृंगार,*
*और अगर कहीं भटक जाए औरत,*
*तो एक मुल्क; कौम ही नहीं,*
*अपितु हो जाती है नस्ल ही गुमराह।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# तीन पेंशन स्कीमों के पेंच से दुविधा में कर्मचारी

## यथार्थ



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

सरकारी कर्मचारियों को लंबे समय से इंतजार था कि सरकार ओपीएस यानी ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करेगी, लेकिन वह कर्मचारियों के लिए एक और नई वैकल्पिक स्कीम लेकर आई, जिसका नाम है यूपीएस यानी यूनिफाइड पेंशन स्कीम।

2004 से पहले ओपीएस ही चला करती थी, लेकिन 1 जनवरी 2004 से अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार एनपीएस यानी नया पेंशन सिस्टम लेकर आई थी। ऐसे में कर्मचारियों के समक्ष अब ओपीएस, एनपीएस और यूपीएस जैसी तीन-तीन पेंशन स्कीमें आ खड़ी हुई हैं और कर्मचारी इन तीनों स्कीमों को देखकर दुविधा में हैं कि वह कौन सी स्कीम में जाएं? जाहिर है इसमें वह अपना नफा-नुकसान देख रहे हैं। कई कर्मचारियों का कहना है कि एनपीएस कर्मचारियों के लिए घाटे का सौदा है। इसी विरोध की वजह से सरकार ओपीएस लेकर आई थी। कर्मचारियों की ज्यादातर ट्रेड यूनियनें अब यूपीएस से भी खुश नहीं हैं। यूपीएस को लेकर ट्रेड यूनियनों के अलग-अलग तर्क हैं। एक तरफ जहां ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस यानी एटक और सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस यानी सीटू ओपीएस की तरफदारी करती हैं और यूपीएस को नकारती हैं तो वहीं, आरएसएस समर्थित भारतीय मजदूर संघ यानी भामसं यूपीएस को लागू करने के हक में है। दरअसल, मोदी सरकार ने सेंट्रल गवर्नमेंट के अपने 23 लाख कर्मचारियों के लिए यूपीएस लागू की थी और राज्य सरकारों से कहा था कि अगर वह चाहें तो वह भी इस यूपीएस को अपने राज्यों में लागू कर सकती हैं। बस यहीं से ही विवाद ने तूल पकड़ लिया। इसी परिप्रेक्ष्य में मोदी सरकार ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को एक पत्र लिखकर प्रलोभन दिया कि यदि वह अपने राज्य में यूपीएस लागू करती है तो केंद्र सरकार 1600 करोड़ रुपए की विशेष सहायता देगी। जारी पत्र के अनुसार, वर्ष 2022-23 और 2023-24 में अनुबंध पर नियुक्त सरकारी कर्मचारियों को यूपीएस में लाने से फायदा होगा। हिमाचल सरकार ने अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है और सरकार ले भी क्यों, क्योंकि हिमाचल में पहले से ही ओपीएस लागू है। इससे भी बड़ी बात है कि कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए ओपीएस देने का वादा किया था जिसे सुक्खू सरकार ने पूरा किया है। ऐसे में यह तय है कि हिमाचल में यूपीएस नहीं, बल्कि ओपीएस ही लागू रहेगी। हिमाचल में ओपीएस लागू करना कांग्रेस की 10 गारंटियों में शामिल था। कांग्रेस ने सरकार बनते ही बड़े जोर-शोर से कहा था कि वह अपनी पहली कैबिनेट मीटिंग में ओपीएस लागू करेगी और उसने वाकई यह करके भी दिखाया है। वहीं, केंद्र ने हिमाचल के 9,000 करोड़ रुपए देने हैं। यह राशि एनपीएस कर्मियों का केंद्र के पास जमा हिस्सा है। हिमाचल के कर्मचारियों को इसमें कोई दुविधा नहीं होनी चाहिए कि उनके लिए यूपीएस फायदेमंद है या ओपीएस।

आखिर इन तीन स्कीमों में अंतर क्या है? और पेंशन का पेंच है क्या? सबसे पहले बात करते हैं पेंशन की गारंटी के पैमाने पर। यूपीएस में सरकार ने दावा किया है कि कर्मचारियों को उनकी बेसिक सैलरी की कम से कम 50 प्रतिशत पेंशन तो मिलेगी ही और अगर शेयर मार्केट के हालात अच्छे रहे तो उससे ज्यादा भी मिल सकती है? यानी जिस दिन कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहा है उससे पिछले 12 साल में कर्मचारियों को मिली बेसिक सैलरी का औसत निकाला जाएगा इस आधार पर पेंशन दी जाएगी बशर्ते कर्मचारी की नौकरी कम से कम 25 साल हो। दूसरी ओर एनपीएस में ऐसी कोई गारंटी थी ही नहीं। वहीं, ओपीएस में गारंटी थोड़ी अलग थी कि जितनी सैलरी कर्मचारी सेवानिवृत्ति से पहले अपने आखिरी महीने में ले रहा है उसमें बेसिक सैलरी तथा डीए को जोड़कर जो रकम आएगी उसकी आधी यानी 50 प्रतिशत पेंशन कर्मचारियों को मिलेगी बशर्ते नौकरी 20 साल हो। दूसरा मामला है कंट्रीब्यूशन का। यूपीएस में सरकार ने अपना कंट्रीब्यूशन 18.5 प्रतिशत बढ़ाने की बात कही है तथा कर्मचारियों को सिर्फ 10 प्रतिशत कंट्रीब्यूशन करना होगा, जबकि इससे पहले एनपीएस में सरकार सिर्फ 14 प्रतिशत ही कंट्रीब्यूशन करती थी। दूसरी ओर ओपीएस में कर्मचारियों को कोई कंट्रीब्यूशन नहीं देना पड़ता था और सारा खर्चा सरकार ही वहन करती थी।



तीसरा मामला है मिनिमम पेंशन का कि आखिर तीनों स्कीमें कर्मचारियों को न्यूनतम पेंशन कितनी दे रही हैं? यूपीएस में कम से कम 10,000 रुपए पेंशन देने की बात कही गई है बशर्ते नौकरी 10 साल हो। एनपीएस में मिनिमम पेंशन स्कीम का प्रावधान था ही नहीं।

दूसरी ओर ओपीएस में 9,000 रुपए पेंशन का दावा है बशर्ते नौकरी 10 साल हो। चौथा मामला है फैमिली पेंशन का। अगर किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो उसकी फैमिली को पेंशन आखिर मिलेगी कितनी? जवाब यह है कि यूपीएस और ओपीएस के तहत पेंशन ले रहे कर्मचारी की आखिरी पेंशन के 60 प्रतिशत के हिसाब से परिवार के सदस्य को पेंशन मिलेगी जबकि एनपीएस में ऐसा कोई प्रावधान नहीं था। पांचवां मामला है एकमुश्त रकम का यानी जब कोई कर्मचारी सेवानिवृत्त होता है तो उसे लंपसम पेंशन कितनी मिलती है। ओपीएस और यूपीएस दोनों स्कीमों से एकमुश्त रकम मिलेगी, । इसमें यह कहा गया है कि महीनेभर की जो सैलरी है उसका दसवां हिस्सा हर छह महीने की नौकरी पर कर्मचारी को मिलेगा। ग्रेच्युटी पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा वह कर्मचारी को हर हाल में मिलेगी। दूसरी ओर ओपीएस के तहत कर्मचारी ने अपनी नौकरी के दौरान जितना भी कंट्रीब्यूशन किया होता है वह जमा पूंजी उसे ब्याज सहित वापस मिल जाती है यानी कर्मचारी के कंट्रीब्यूशन का 100 प्रतिशत उसे जरूर मिलता था। ग्रेच्युटी भी मिलती थी। साथ ही यह सुविधा भी थी कि अगर कर्मचारी चाहे तो वह 40 प्रतिशत तक की अपनी पेंशन को एनकैश कर सकता था। छठा मामला है महंगाई भत्ते का। ओपीएस और यूपीएस में महंगाई भत्ता डियरनेंस रिलीफ के तौर पर मिलता था।

महंगाई बढ़ेगी तो डीए भी अवश्य मिलेगा। सातवां मामला है वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम यानी वीआरएस का। यूपीएस में कहा गया है कि यदि कोई कर्मचारी वीआरएस ले लेता है तो जैसे ही उसकी उम्र 60 साल की हो जाएगी तो उसे पेंशन मिलना शुरू हो जाएगी। एनपीएस के तहत ऐसा कोई प्रावधान था नहीं। दूसरी ओर ओपीएस में यह प्रावधान था कि यदि कोई कर्मचारी वीआरएस लेता है तो कर्मचारी को आखिरी बेसिक सैलरी तथा डीए को मिलाकर 50 प्रतिशत तत्काल दे दिया जाएगा बशर्ते नौकरी 20 साल हो। बहरहाल, नई यूपीएस का ऐलान तो हो गया है, लेकिन यह लागू अभी अगले साल 1 अप्रैल 2025 से होगी। इसमें एक चीज का प्रावधान और किया गया है कि यदि कोई कर्मचारी एनपीएस में शामिल हो गया है तो वह भी इस स्कीम को चुन सकता है। इसके अलावा जो कर्मचारी एनपीएस के तहत रिटायर भी हो चुके हैं वह भी यूपीएस में शामिल हो सकते हैं यानी कर्मचारियों के पास निर्णय लेने के कई ऑप्शन हैं। अब यह तो कर्मचारियों पर निर्भर करता है कि वे तीन पेंशन योजनाओं में से किसे बेहतर समझकर चुनते हैं। ऐसे में सरकारी कर्मचारियों को अपनी आवश्यकताओं और लक्ष्यों के अनुसार इनमें से एक योजना का चयन करना चाहिए। दुविधा किसी समस्या का समाधान नहीं होती। जो भी निर्णय लें सोच समझकर लें, ताकि भविष्य में कोई पछतावा न हो।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

## नजरिया

# आर्थिक सुधारों के लिए याद किए जाएंगे डॉ. मनमोहन



लेखक : हिमांशु ठाकुर
छात्र नेता, एबीवीपी

भारत के 14वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने एक दशक से अधिक समय तक अभूतपूर्व वृद्धि और विकास का नेतृत्व किया। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत ने अपने इतिहास में सबसे अधिक वृद्धि दर देखी, जो औसतन 7.7 प्रतिशत रही और लगभग दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गई। डॉ. सिंह के भारत के विचार के मूल में सिर्फ उच्च विकास ही नहीं, बल्कि समावेशी विकास और ऐसी लहरों का विश्वास था जो सभी नावों को ऊपर उठा सकें।

यह विश्वास उन विधेयकों के पारित होने में निहित था, जिन्होंने नागरिकों को भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, काम का अधिकार और सूचना का अधिकार सुनिश्चित किया। डॉ. सिंह की अधिकार-आधारित क्रांति ने भारतीय राजनीति में एक नए युग की शुरुआत की। पंजाब विश्वविद्यालय और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में डॉ. सिंह ने शिक्षक के रूप में कार्य किया जो उनकी अकादमिक श्रेष्ठता दिखाता है। इसी बीच में कुछ वर्षों के लिए उन्होंने यूएनसीटीएडी सचिवालय के लिए भी कार्य किया।

इसी के आधार पर उन्हें 1987 और 1990 में जिनेवा में दक्षिण आयोग के महासचिव के रूप में नियुक्ति किया गया। 1971 में डॉ. सिंह वाणिज्य मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के रूप में शामिल हुए। डॉ. सिंह ने 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया जो स्वतंत्र भारत के आर्थिक इतिहास में एक निर्णायक समय था। आर्थिक सुधारों के लिए व्यापक नीति के निर्धारण में उनकी भूमिका को सभी ने सराहा है। भारत में इन वर्षों को डॉ. सिंह के व्यक्तित्व के अभिन्न अंग के रूप में जाना जाता है।



1972 में मनमोहन सिंह वित्त मंत्रालय में चीफ आर्थिक सलाहकार बन गए। अन्य जिन पदों पर वह रहे, वे हैं- वित्त मंत्रालय में सचिव, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष। मनमोहन सिंह 1991 से राज्यसभा के सदस्य हैं। 1991 में, वित्त मंत्री के रूप में सिंह ने लाइसेंस राज को समाप्त कर दिया, जो दशकों से भारतीय अर्थव्यवस्था में धीमी आर्थिक वृद्धि और भ्रष्टाचार का स्रोत था। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को उदार बनाया, जिससे विकास में नाटकीय रूप से तेजी आई।

विकास के प्रति डॉ. मनमोहन सिंह की प्रतिबद्धता और उनकी अनेक उपलब्धियों को उन अनेक सम्मानों के माध्यम से मान्यता मिली है जो उन्हें प्रदान किए गए हैं। इनमें 1987 में पद्म विभूषण, 1993 में वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी पुरस्कार, 1993 और 1994 में वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी पुरस्कार और 1995 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार शामिल हैं।

हालांकि, डॉ. मनमोहन सिंह को न केवल उनके विजन के लिए जाना जाता है, जिसने भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाया, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और उनके विनम्र, मृदुभाषी व्यवहार के लिए भी जाना जाता है। वह एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें न केवल उन छलांगों और सीमाओं के लिए याद किया जाएगा, जिनसे उन्होंने भारत को आगे बढ़ाया। इन सभी कार्यों को पूर्ण करने के पीछे डॉ. साहब का एक शानदार संघर्ष रहा है जिसके लिए उन्हें एक अर्थव्यवस्था सुधारक, विचारशील और ईमानदार शख्सियत के रूप में भी याद किया जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अपनी बात

**समारक** बनाने का काम बंद कर देना चाहिए और अब भारत की राजधानी दिल्ली की सरकारी जमीन पर तो बिलकुल नहीं। जिसका भी स्मारक बनाना जरूरी समझा जाता है उसका इतिहास देश भर के राज्यों में अपनी-अपनी भाषा में स्कूल कालेजों की किताबों में छाप देना चाहिए और रही पुण्य तिथि एवं जयंती मनाने से संबंधित बात तो वह धन व समय का ख्याल कर बहुत लंबा नहीं खिंचना चाहिए वहीं इस अवसर पर अनावश्यक रूप से बजाया जाने वाला साउंड भी बेहद धीमा होना चाहिए। सरकार को चाहिए कि फालतू का खर्च न कर समाज और देश की वास्तविक तरक्की की ओर से गंभीरतापूर्वक काम करना चाहिए इसके लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय को भी अपने लेबल पर कानून के मुताबिक पूर्व की भांति अन्य कई फालतू के भी कार्यों को लेकर सख्त से सख्त आदेश जारी करना चाहिए।

**भीम बसेड्डू, मंडी**

# एक विलक्षण प्रतिभा के धनी थे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह



लेखक : नरेंद्र कुमार शर्मा
जोगिंद्र नगर

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह आज भले ही हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन देश के लिए किए गए उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मनमोहन सिंह का जन्म ब्रिटिश भारत के पंजाब में 26 सितंबर 1932 को हुआ था। वह एक साधारण परिवार से आते थे, लेकिन उन्होंने अपनी विलक्षण बुद्धि से बुलंदियों को छुआ।

अपने जीवन में वह विभिन्न पदों पर रहे और अपनी विलक्षण प्रतिभा का लोहा मनवाया। 1991 में जब पी वी नरसिंहराव की सरकार बनी तो उन्हे वित मंत्री का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया। यह वही वक्त था जब देश को एक ऐसे वित्त मंत्री की आवश्यकता थी जो देश को आर्थिक रूप से मजबूत कर सके। उस समय देश की साख निचले स्तर पर पहुंच गई थी और हमारे देश की करंसी डॉलर के मुकाबले काफी कमजोर हो गई थी। विदेशी मुद्रा भंडार अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुका था। मनमोहन सिंह जी ने अपने देश भारत में आर्थिक सुधारों को लागू किया। इसके लिए उन्होंने सबसे पहले लाइसेंसी राज को समाप्त किया। उन्होंने ऐसी नीतियां बनाई जिससे विदेशी निवेश भारत आने लगा।

इसका परिणाम यह हुआ कि हमारा देश भारत आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़ता गया। आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत करने का श्रेय दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी को ही दिया जाता है। सन 2004 में मनमोहन सिंह भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री बने। हालांकि 2004 में श्रीमती सोनिया गांधी को भारत का प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को नकार दिया और मनमोहन सिंह जी का नाम आगे किया। मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री बनने के बाद दूसरा सबसे बड़ा काम अमेरिका के साथ 2008 में असैन्य परमाणु समझौते के रूप में किया और अमेरिका के साथ जो भारत के संबंध खटाई में पड़ गए थे उनमें सुधार लाया। हालांकि इसके लिए उन्हें उन्हें सहयोगी दलों विशेषकर लेफ्ट पार्टियों का विरोध भी झेलना पड़ा, लेकिन दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अपने फैसले पर अडिग रहे। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन जी ने जनवरी 2009 में आधार कार्ड योजना की शुरुआत की। यह आधार कार्ड इतना महत्वपूर्ण कार्ड बन गया कि सभी आर्थिक कार्य इसी से होने लगे और यह किसी भी भारतीय का एक ऐसा पहचान पत्र बन गया कि इससे सभी कार्यों में पारदर्शता आने लगी। मनमोहन सिंह के कार्यकाल में ही जनवरी 2013 में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम लाई गई जो बहुत लाभकारी सिद्ध हुई। विशेषकर गरीब लोगों के लिए यह स्कीम किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों के बैंक खाते में सीधा जाने लगा।



इससे भ्रष्टाचार पर बहुत अधिक स्तर तक लगाम लगी। मनमोहन सिंह ने सभी दलों के साथ मिलकर 2004 से लेकर 2009 तक बखूबी सरकार चलाई। उसके पश्चात 2009 पुन: यूपीए की सरकार बनी। इस सरकार के बनने में दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन के किए गए अभूतपूर्व कार्यों को भी जाता है। मनमोहन सिंह जब पहली बार प्रधानमंत्री बने तो उन्हें एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री कहा जाने लगा, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी उनके द्वारा किए गए कार्यों की बहुत सराहना की थी। मनमोहन सिंह ने सादगी भरा जीवन जिया और लोगों के लिए एक मिसाल बने। उन्होंने पूरी दुनिया को बता दिया कि सादगी भरे जीवन से भी बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है और अपने देश को ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। हमारे देश भारत की युवा पीढ़ी के लिए मनमोहन सिंह एक प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। उनका इस दुनिया से जाना हमारे देश के लिए बहुत दुखद है, लेकिन वह अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ गए हैं जिससे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। यदि इंसान मेहनत और लगन से काम करे, तो कोई भी लक्ष्य हासिल करना मुश्किल काम नहीं है। विशेषकर उनके द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधार आज भारत को निरंतर आगे बढ़ने में मददगार साबित हो रहे हैं और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। हमारा देश भारत जितनी तेजी से आगे बढ़ेगा उतना ही तेजी से हर भारतीय के जीवन में खुशहाली आएगी। यही दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन जी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है एनडीए की सहयोगी पार्टियों में



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एनडीए में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है जहां तक एनडीए के सहयोगी पार्टियों का सबाल है उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे अंदर से खफा तो जरूर होंगे और आजकल बिहार में बीजेपी सरकार में तो आ गई, लेकिन विरोधी सुर से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जरूर खफा होंगे, क्योंकि खुलेआम यह देखने को मिल रहा कि दोनों दलों का अलग अलग सुर हैं।

नीतीश कुमार राजनीति के माहिर खिलाड़ियों में से एक है क्योंकि जब बिहार में लालू यादव की सरकार थी, तो ऐ हाल था डेली रंगदारी और आगजनी हत्या होता था। यहां तक रणवीर सेना और कितने माफियाओं का राज था, वही सरकार चला रहे थे उस वक्त किसी ने सोचा भी नहीं था कि बिहार में सुशासन आएगा। जब नीतीश की एनडीए की सरकार 2005 में बनी, तो स्थिति में सुधार हुआ जिसका एक मुख्य कारण शराबबंदी भी रहा, क्योंकि वहां गुटबाजी होती थी और माफियाओं से तालमेल बिठाकर किसी का अपहरण, चोरी डकैती, छिनाजोड़ी आम बात थी। इसलिए शायद नीतीश कुमार आरजेडी के साथ गठबंधन नहीं करना चाह रही, लेकिन जब भी उन्हें लगेगा कुर्सी पर खतरा है पलटी मार देंगे और बिहार से बीजेपी अपने दम पर सरकार नहीं बना सकती, क्योंकि एक कास्ट का कुर्मी और कुशवाहा का 7 प्रतिशत वोट शिफ्ट हो सकता है और उनकी सरकार बन जाएगी। बिहार में एक बीजेपी का गद्दावार नेता स्व सुशील मोदी थे, लेकिन उनके निधन के बाद बीजेपी के कोई भी नेता ऐसा है नहीं जो सबको जोड़कर रखकर बिहार को बचाए रखना मुश्किल है।

वहां खरीद-फरोख्त जबरदस्त है यह उसी समय मालूम होगा, कि जब आरजेडी ने सरकार बचाने के लिए लगभग न जुटा लिए थे। 2 उनके विधायक उधर चले गए और स्पीकर को त्याग पत्र देना पड़ा।



जेडीयू के पास लोकसभा में 12 सांसद है जो केंद्र की सरकार को टिके रहने के लिए महत्वपूर्ण है। अब यहां से फिसलना ठीक नहीं होगा और परियोजना जो केंद्र ने बिहार को दिए हैं। सब कागज पर सिमट जाएगा, क्योंकि आरजेडी का बिहार में नौकरी के अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर पर उतना फोकस नहीं रहा है। अब जब लोजपा एनडीए से अलग हो गई। अत: लोजपा(रामविलास) में फुट हो सकता है और यही कारण है कि चिराग पासवान जो केंद्रीय मंत्री हैं वो अलग सुर में नजर आते हैं और जिससे उनके करीबी पार्टी के दमदार नेता के यहां ईडी की रेड पर गई। एनडीए में समस्या यह है कि बीजेपी के कुल 240 सांसद में एकजुट है भी या नहीं यह पहले देखा गया। जब सदन में वन नेशन वन इलेक्शन के अध्यादेश पर जब बहुत अधिक जरूरत थी तो सदन से 20 नेता नदारत हो जाते हैं। विपक्ष में कितना है इस पर नहीं जाइए अपना सांसद को एकजुट कर रखना बहुत जरुरी है और जिस तरह बाबा भीमराव अंबेडकर पर माननीय गृहमंत्री के बयान से एक वर्ग में नाराजगी देखने को मिल रही है जो बहुत बड़ा वर्ग है। अत: आगे आसान नहीं है राह। इधर देखिए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पर स्मारक के लिए जगह नहीं मिलना भगवान श्री राम के हितैसी को यह जानना जरूरी है। अत: उनके स्मारक के लिए जगह न मिलने से बहुत सी पार्टियों में खासी नाराजगी है।

जमीन आज आपके नियंत्रण में जरूर है, लेकिन समय बदलता है जब किसी और के नियंत्रण में होगा, तो क्या होगा। अत: हमें कभी निधन पर राजनीति नहीं करना चाहिए, हां अगर लगता है हम अमृत का घूंट पीकर आए है तो बात अलग है सत्य तो यह है कि दुनिया से एक दिन सबको अलविदा कहना है। अत: संकट की घड़ी में अवश्य जितना हो सके मदद करनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### खत्री सभा यूथ विंग ने हनुमान घाट में की सफाई



**अनंत ज्ञान, मंडी।** रविवार को मंडी शहर के मोक्ष धाम हनुमान घाट के समीप खत्री सभा यूथ विंग द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मोक्ष धाम हनुमान घाट के आस पास पड़ी गंदगी को साफ किया गया। वहीं वीर मंडल ने भी इस अभियान में अपना योगदान दिया। इस दौरान खत्री सभा की ओर से डॉ. नरेश वैद्य, रवि कांत वैद्य, मोहिंदर पाल वैद्य और अलकनंदा हांडा एवं धीरज टंडन ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस दौरान स्थानीय पार्षद निर्मल वर्मा, वीर मंडल प्रधान चंद्र शेखर वैद्य और यूथ विंग की समस्त कार्यकारिणी ने भी उपस्थित रही। वहीं नगर निगम की स्वच्छता टीम ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। यूथ विंग द्वारा सभी उपस्थित लोगों के लिए वीर मंडल सराय में चाय पानी का भी आयोजन किया गया।

### सीताराम वर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत शिक्षक (सेवानिवृत्त) सीताराम वर्मा ने स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह पूर्व प्रधानमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने वर्ष 2005 के संस्मरण को अनंत ज्ञान के साथ साझा करते हुए बताया कि तब सितंबर माह में तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम डॉक्टर अब्दुल कलाम आजाद द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया था। उस दौरान उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री की बगल में कुर्सी पर बैठने व अन्य पुरस्कृत शिक्षकों सहित उनके साथ चाय पान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

### अग्निकांड पीड़ित परिवार से मिले अरुण प्रकाश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर की डैहर पंचायत के अलसू गांव में बीते शनिवार रात को हुई अग्निकांड की घटना के प्रभावित परिवार से रविवार को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी लीगल सेल के महासचिव एवं दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर के कार्यकारी अध्यक्ष पंडित अरुण प्रकाश आर्य ने मुलाकात की तथा अपनी सहानुभूति प्रकट की। उन्होंने परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिया। दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर की तरफ से भी उन्होंने पीड़ित परिवार की मदद की। उन्होंने कहा कि दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट ने प्रभावित परिवार की बर्तनों की जरूरत को पूरा किया गया। इस राहत सामग्री को परिवार को सौंप दिया है। उन्होंने सभी सामाजिक संस्थाओं से प्रभावित परिवार की ओर अपने मदद के हाथ आगे बढ़ाने का आग्रह किया है।



### राष्ट्रीय खेलों में 10 खिलाड़ी वुशू खेल में दिखाएंगे दम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** 28 जनवरी से दो फरवरी 2025 तक उत्तराखंड के देहरादून में होने वाली 38वीं राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल प्रदेश के 10 खिलाड़ी मेडल जीतने के लिए अपना दम दिखाएंगे। वुशू खेल लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने बताया कि पहली बार वुशू खेल ने 36वीं राष्ट्रीय खेलों में गुजरात में नौ खिलाड़ियों ने हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। दूसरी बार 37वीं राष्ट्रीय खेलों गोवा में आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया और दो मेडल हिमाचल प्रदेश को जीत कर दिए हैं। इस बार उत्तराखंड के देहरादून में 28 जनवरी से दो फरवरी 2025 को होन वाली राष्ट्रीय खेलों के 10 खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। इसमें सांसू इवेंट में ज्योति 48 किलोग्राम भार, पूनम 50 किलोग्राम भार व मधू 70 किलोग्राम भार अपने खेल का प्रदर्शन करेगी, जबकि तालू इवेंट में उमेश, दिव्या राणा क्यांशू में, आशीष चौधरी, रिया, आर्यन ताईजिजियॉन, शिवानी गुनशू में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके कांटे की टक्कर देगी। उन्होंने बताया कि सभी क्वलिफाई 10 खिलाड़ियों का कोचिंग कैंप 15 से 25 जनवरी 2025 को वुशू एक्सीलेंसी सेंटर कंसा चौक जिला मंडी में लगेगा। इसके लिए हिमाचल के कोच चेत राम व अंतरराष्ट्रीय कोच हरियाणा दिनेश खिलाडियों को प्रशिक्षित करेंगे।

### तीन युवकों से 90 ग्राम चरस की बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पधर थाना के अंतर्गत पुलिस ने नाके के दौरान गाड़ी नंबर एचपी 33 डी 6936 से 90 ग्राम चरस बरामद की है। जिसमें अभय कुमार उम्र 20 साल पुत्र चिरंजीवी, जोला डाकघर पदंयू, कनिज शर्मा उम्र 22 पुत्र संतोष कुमार गांव जनेहड डाकघर मराथू, लविश कुमार उम्र 19 पुत्र सुखराम गांव व डाकघर अलाथू तहसील सदर जिला मंडी जो गाड़ी में बैठे थे उनके खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### रंजना और अर्जुन के तरानों से झूमा जोगिंद्रनगर

**जोगिंद्रनगर।** नववर्ष के स्वागत के लिए जोगिंद्रनगर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हो गया है। रविवार को सामुदायिक भवन जोगिंद्रनगर में सोलन जिले से संबंध रखने वाले दंपती अर्जुन गोपाल और रंजना रघुवंशी ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। दोपहर 12 बजे से देर शाम तक चले कार्यक्रम में दोनों गायक कलाकारों ने हिमाचली गीत गाकर दर्शकों को खूब झुमाया। इसमें उन्होंने पहाड़ी नाटी रा चस्का, पिंक प्लाजो, पंजाबी गीत बोलो तारा रारा, हिंदी गीत आने वाले साल को सलाम, ये दिल दिवाना आदि की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक वीथी संस्थान के प्रबंधक विजय वर्धन ने लोकगायकों को सम्मानित किया। कहा कि साल 2024 को अलविदा और नए साल के शुभारंभ को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया। मिस जोगिंद्रनगर और मिस मंडी ब्यूटी कांटेस्ट की मुख्य आयोजक ममता ने बताया कि पहली बार लिटिल चैंप, मिस और मास्टर का चयन किया जाएगा।

### वेबसाइट में काउंसलर सूची में जोड़ा उपमहापौर का नाम

**मंडी।** नगर निगम की वेबसाइट में पार्षदों की सूची में उपमहापौर माधुरी कपूर का नाम जोड़ दिया है। महापौर के बाद दूसरे नंबर पर उपमहापौर माधूरी कपूर का नाम अंकित किया है। नगर निगम से तबादला हो चुके अधिकारियों के फोटो और नंबर अभी भी वेबसाइट के माई ऑफिसर कॉलम में अंकित हैं। उनसे संपर्क करने पर पता चल रहा है कि वे यहां से ट्रांसफर हो चुके हैं। पूर्व में सहायक अभियंता रहे एचएस जसवाल और वित्त विभाग संभालने वाले एसओ सूरजभान के फोन नंबर और पदनाम अभी भी अंकित हैं। उपमहापौर का नाम सूची से गायब होने पर शहर में कई तरह की चर्चाएं थीं। महापौर के उत्तर प्रदेश जाने पर निगम का कार्यभार संभाल रहीं उपमहापौर माधुरी कपूर ने बताया कि वेबसाइट में गलती को दुरुस्त कर दिया है। नए साल में जल्द ही वेबसाइट जनता को समर्पित कर दी जाएगी। इसके बाद निगम क्षेत्र में रहने वाले लोग कई प्रकार की ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। नगर निगम मंडी में अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार को पदभार संभाले डेढ़ माह हो गया है लेकिन निगम की वेबसाइट में उनका नाम और पदनाम भी अंकित नहीं है। आयुक्त एचएस राणा ने कहा कि वेबसाइट अभी तक पूरी तरह से लांच नहीं की गई है। इसमें जो त्रुटियां हैं उन्हें धीरे-धीरे दुरुस्त किया जा रहा है।

# शहर में प्रवेश करते ही कूड़े से स्वागत

## सीसीटीवी कैमरे सिर्फ नाम के, सूचना बोर्ड के सामने ही लगे कूड़े के ढेर

**पुष्पराज, मंडी**

नगर निगम मंडी का एरिया बल्ह विधानसभा क्षेत्र और द्रंग विधानसभा क्षेत्र के साथ लगता है। वहीं शहर को स्वच्छ बनाने में जहां नगर निगम प्रयास कर रहा है वहीं शहर में प्रवेश करने से पहले ही सड़कों पर भारी गंदगी जगह जगह दिखाई दे रही है। यह स्थिति पिछले लंबे समय से बनी हुई है और न तो इस तरफ नगर निगम के अधिकारी ध्यान दे रहे है न ही कर्मचारी।

पुल घराट से जैसे ही मंडी शहर की ओर प्रवेश करते है तो सड़क के किनारे बुरी तरह से कचरा फेंका हुआ नजर आता है और साथ ही जगह-जगह बिल्डिंग वेस्ट मटेरियल और बोरियां डंप किया गया है। जहां शहर की सुंदरता प्रवेश द्वार से ही नजर आनी चाहिए वहां पर जब पर्यटक शहर की सुंदरता का अंदाजा वहीं से लगा लेंगे।

नगर निगम द्वारा कई जगह बोर्ड भी लगाए गए है कि उक्त स्थान पर कूड़ा कचरा फेंकना मना है अवहेलना पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए है लेकिन उसी जगह कूड़ा भारी मात्रा में पड़ा है जिसे साफ नही किया है। (अनंत ज्ञान)



**कहीं भी नहीं लगे सीसीटीवी कैमरे**

सूचना बोर्ड पर सीसीटीवी की निगरानी की बात कही है, लेकिन जानकारी के अनुसार आस पास कहीं भी सीसीटीवी कैमरे नजर नहीं आ रहे और न ही किसी पर अभी तक उक्त स्थान पर कूड़ा फेंकने पर कार्रवाई की गई है।



जितने भी मर्ज एरिया है उसमें सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। जिसमें दोष लोगों का भी है और नगर निगम का भी, जबकि नगर निगम द्वारा 15 गाड़िया कूड़े की हर एक वार्ड के लिए लगाई गई है। यदि किसी वार्ड में कूड़ा देखा जाता है तो पार्षद से इस बारे में बात कर सफाई व्यवस्था का प्रावधान करवाना चाहिए।

-नीरज हांडा, स्थानीय निवासी।



शहर के साथ-साथ मंडी में उपायुक्त कार्यालय के शौचालयों की हालत गंभीर है। जिसमें बस अड्डे का शौचालय, पंचायत भवन के साथ, अस्पताल में शौचालयों की स्थिति बहुत ही खराब है। सरकारी संस्थानों की ऐसी स्थिति है तो बाहरी स्थिति तो वैसे भी खराब ही होगी।

-चमन राही, दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद महासचिव।

शहर में लगातार सफाई व्यवस्था बनाने के लिए कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है जिसमें दो लोगों को नगर निगम कार्यालय में बुलाया गया है। बाईपास की तरफ कूड़े की लगातार शिकायतें आ रही है जहां सफाई करवा दी जाएगी, लोगों शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।

-माधुरी कपूर, उपमहापौर नगर निगम मंडी।



नगर निगम द्वारा अपना कार्य बखूबी किया जा रहा है, लेकिन लोगों में ही जागरूकता नहीं है। लोगों द्वारा कांगनी जंगल में कूड़ा फेंक दिया जाता है जबकि हर वार्ड में रोजाना सफाई कर्मी आते है।

-कृष्ण कुमार, रामनगर निवासी।



नगर निगम द्वारा कम सफाई कर्मी तैनात किए गए है, लेकिन बावजूद इसके वार्ड को साफ सुथरा रखा गया है, लेकिन फोरलेन में जो अवैध रेहड़ी धारक है वे सुकेती खड्ड में कूड़ा कचरा फेंक देते हैं जिनपर कार्रवाई नहीं हुई।

-कृष्ण भानू, पार्षद बैहना वार्ड।

# सुंदरनगर के देहवी में हुड़दंगी ने तोड़ डाले होटल और गाड़ियों के शीशे





कैमरे में कैद होटल का शीशा तोड़ता हुआ हुड़दंगी, होटल का तोड़ा हुआ शीशा।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जिला मंडी के उपमंडल सुंदरनगर में एक सिरफिरे ने जमकर उत्पात मचाते हुए वाहनों के शीशे और दो होटलों के मेन गेट तोड़ने से लाखों रुपए का नुकसान करने का मामला सामने आया है। घटना शनिवार देर रात करीब एक बजे के बाद सामने आई है। वहीं पूरी घटना मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसमें हुड़दंगी गाड़ियों और होटल के शीशे तोड़ता हुआ साफ दिखाई दे रहा है।

मामला उपमंडल सुंदरनगर की ग्राम पंचायत कांगू के गांव देहवी में पेश आया है। किरतपुर-मनाली फोरलेन पर हुड़दंगी सड़क पर दराट लहराता हुआ घूमता नजर आ रहा और बाद में एक बड़े हथौड़े से होटल और गाड़ियों पर वार कर उनके शीशे तोड़ डाले हैं। आरोपी ने एक होटल के मेन गेट को हथौड़े से वार कर चकनाचूर कर दिया। इसके साथ ही एक अन्य होटल के गेट को भी नुकसान पहुंचाया है। होटल के मालिक ने रात को ही घटना की सूचना पुलिस चौकी डैहर को दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कार्रवाई करते हुए आरोपी बाबू राम उर्फ बबलू को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस से मांग की है कि इस मामले में उचित कार्रवाई की जाए। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि कुल्लू-मनाली के लिए जाने को लेकर आजकल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसलिए पुलिस की गश्त बढ़ानी चाहिए जिससे किसी भी अप्रिय घटना में त्वरित कार्रवाई अमल लाई जा सके।

डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि मामले में शिकायत प्राप्त हुई है और पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# राजस्व मुहाल भरौरी में दो वर्षों से नहीं पटवारी

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले राजस्व मुहाल भरौरी में पिछले दो वर्षों से न पटवारी है न पटवार घर है। काबिलेजिक्र है राजस्व मुहाल भरौरी का पटवार घर चकयाणा मोड पर निर्मित था। पिछले वर्ष डिजास्टर के कारण राजस्व मुहाल भरौरी का पटवार घर क्षतिग्रस्त हो गया था और उसमें दरारें आ चुकी थी।

राजस्व विभाग द्वारा इसे असुरक्षित कर इसे गिरा कर इसकी जगह नया पटवार घर बनाने की कोशिश की, मगर पटवार घर के नीचे धर्मपुर स्योह सड़क की कटाई होने पर यह पूरी जगह दलदल हो चुकी है और पिछले दो वर्षों से इस पटवार वृत का कार्यालय धर्मपुर में बदल दिया गया है यही नहीं पिछले दो वर्षों से इस राजस्व मुहाल का पटवारी होते हुए भी अन्य पटवारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है जो की धर्मपुर में ही बैठता है और संबंधित पटवारी को राजस्व कार्यालय धर्मपुर में बिठाया गया है, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी झेलना पड़ रही है। इस बारे जब एसडीएम धर्मपुर जोगिंदर पटियाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पटवार वृत की जगह भूस्खलन होने से दलदल हो चुकी है और नई जगह का निरीक्षण किया जा रहा है, जहां भी उचित जगह मिलती है पटवार वृत के भवन का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।



क्षतिग्रस्त पटवारखाना।

राजस्व मुहाल भरौरी के व्यास देव, रूपलाल, विनोद कुमार, बबलू राम, प्रवीण कुमार, सुमना देवी, चमन लाल, चमारू राम,सीता देवी, सोमा देवी इत्यादि लोगों ने मांग की है कि इस पटवार वृत को जल्दी बनाकर इसमें पटवारी नियुक्त किया जाए, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

# नीलधारी सिख संगत ने प्रभात फेरी निकाल किया गुरु महिमा का गुणगान

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी की नीलधारी सिख संगत द्वारा मंडी का मेला नाम से संत महाराज हरनाम सिंह किले वाले का 147 वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। नीलधारी सिख संगत द्वारा 26 दिसंबर से लगातार प्रभात निरंजन सिंह द्वारा प्रभात फेरियां आयोजित की जा रही है।



प्रभात फेरी के दौरान नीलधारी सिख संगत सामूहिक चित्र में।

यह कार्यक्रम 30 दिसंबर तक आयोजित होगा। प्रभात फेरी रामनगर, मंगवाई, महामृत्युंजय चौक, गांधी चौक, सेरी मंच, स्कूल बाजार से होकर गुरुद्वारा मंगवाई तक आयोजित की गई।

संगत ने श्री गुरु नानक जी के शब्द दीन दयाल भरोसे तेरे, जो नर दुख में दुख नहिं मानै, सुख सनेह अरु भय नहिं जाके, राम सुमिर, राम सुमिर, एही तेरो काज है, प्रभु मेरे प्रीतम प्राण पियारे सहित अन्य गुरुवाणी के उच्चारण से छोटी काशी मंडी को निहाल कर दिया। प्रभात फेरी के समापन के उपरांत 31 दिसंबर व पहली जनवरी को नीलधारी गुरुद्वारा रामनगर मंडी में मेले का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान रागी जत्थे शब्द कीर्तन कर संगत को निहाल करेंगे। इस पावन वेले पर बच्चों के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। एक जनवरी को प्रकाश पर्व पर भोग भी लगाया जाएगा।

# गुरलाहड़ के हंसराज और प्रेमलाल ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत जाम्बला के गुरलाहड़ निवासी हंसराज और प्रेमलाल ने कांग्रेस पार्टी में विश्वास जताते हुए सुंदरनगर में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता हासिल की।

सोहन लाल ठाकुर ने दोनों लोगों का कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर कांग्रेस पटका पहनाते हुए स्वागत किया।सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि यह प्रदेश कांग्रेस सरकार की जनहितैषी और जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है कि लगातार लोग कांग्रेस पार्टी में विश्वास जताते हुए सदस्यता ग्रहण कर रहे है।

सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन का जो उदाहरण पेश किया है जो आम जनमानस के लिए लाभकारी साबित हुआ है। प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक आपदा में राहत मैनुअल में बदलाव, कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन बहाली, सुख आश्रय योजना, सहित अनेकों योजनाएं जनहित में चलाई जा रही है, जिनसे प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ले रहे है।

# डीएवी सीपीएस मंडी में क्षमता संवर्धन कार्यशाला शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में 29 दिसंबर से दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी जोन सी केएस गुलेरिया के नेतृत्व में किया गया। एआरओ केएस गुलेरिया के दूरदर्शी नेतृत्व में डीएवी सीपीएस मंडी में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला में डीएवी एचपी जोन सी के अंतर्गत 11 स्कूलों के 237 प्रतिभागी अध्यापकों ने भाग लिया, जिसमें डीएवी मंडी, डीएवी कुल्लू, डीएवी मनाली, डीएवी कटराई, डीएवी सुंदरनगर, डीएवी बिलासपुर, डीएवी जमथल, डीएवी नेरचौक, डीएवी घुमारवीं, डीएवी गोहर और डीएवी जोगिंद्रनगर शामिल रहे।



कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर केएस गुलेरिया व अन्य।

शिक्षक वर्ग ने उद्घाटन दिवस पर क्षमता निर्माण और शिक्षण कौशल को बढ़ाने के लिए नवीन रणनीतियों की खोज पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि सभी के लिए एक उपयोगी और आकर्षक अनुभव सुनिश्चित हो सके।

एआरओ केएस गुलेरिया ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और डीएवी के दूरदर्शी नेता एमएल सेखरी को श्रद्धांजलि देकर सत्र की शुरुआत की।

कार्यशाला के प्रथम दिवस के अवसर पर केएस गुलेरिया क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी जोन सी प्रधानाचार्य डीएवी मंडी, चंद्रेश्वर प्रधानाचार्य डीएवी गोहर, चंद्रिका मल्होत्रा प्रधानाचार्य डीएवी कटराई, दीपिका प्रधानाचार्य डीएवी जमथल सहित विषय विशेषज्ञ और प्रतिभागी अध्यापक मौजूद रहे।

# जिले भर में 9 सड़कें और 3 ट्रांसफार्मर बाधित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** रविवार को शहर मंडी शहर में बादल छाए रहे लेकिन मौसम साफ रहा। वहीं धूप खिलने से सेरी मंच और सेरी चाननी व इंदिरा मार्केट की छत पर लोग धूप का आनंद लेते हुए नजर आए। वहीं उचवर्ती क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण कई स्थानों पर सड़क सुविधा और बिजली बाधित रही।

जिले भर में 9 ग्रामीण सड़कें अभी भी बाधित है और सुबह के समय जहां 30 ट्रांसफार्मर बंद थे वहीं बिजली विभाग के कर्मचारियों की मेहनत से अब कुल 3 ही ट्रांसफार्मर बाधित रहे। वहीं पानी की सप्लाई सभी जगह सुचारू रूप से जारी रही।

# बढ़ाए खाद के दामों को वापस ले केंद्र सरकार : चमन राही

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने नए साल में किसानों को आर्थिक रूप से झटका देने का प्लान बना लिया है। चमन राही ने कहा कि केंद्र सरकार को यह नए साल का तोहफा बहुत महंगा पड़ेगा।



पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए महासचिव चमन राही।

केंद्र सरकार किसानों से बदले की भावना से काम कर तुगलकी फरमान जारी कर रही है। केंद्र सरकार इस किसान विरोधी फरमान को पुनर्विचार कर वापस ले और किसानों की भलाई में नए साल का तोहफा दे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बड़े बड़े औद्योगिक घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार खेती किसानी को बर्बाद करने पर तुली हुई है। खादों के दाम 200 से 240 रुपए तक प्रति बोरी बढ़ने जा रहे हैं, जिसको लेकर अल्पसंख्यक परिषद कड़ा विरोध जताती है। यदि केंद्र सरकार समय रहते किसान विरोधी निर्णय को वापस नहीं लेती है तो परिषद नए साल में जिलाभर व ब्लॉक स्तर किसान संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ मिल कर केंद्र सरकार के खिलाफ महामहिम राष्ट्रपति को पत्र भेजो अभियान आरंभ करेगी। किसानों को आहत करने पर कोई भी देश तरक्की नहीं कर सकता है, क्योंकि देश का सकल घरेलू उत्पाद गिरने लगेगा।

# बिजली महकमे के घर आंगन में कचरा

**भीम बसेड़ू, महादेव।** नगर परिषद क्षेत्र चांगर से सटे बिजली महकमे के घर आंगन के एक बड़े भाग में कचरे के ढेर लगे हैं जिन्हें देखकर लगता है कि वर्षों से सफाई ही नहीं की है।



घर हो या दफ्तर जीवन में सफाई कितनी जरूरी है शायद विभाग को स्वच्छता अभियान चलाने वालों में ही कहीं न कहीं कमी रह गई होगी या फिर महकमे के शीर्ष पद अधिकारियों की ही लापरवाही होगी जो वर्षों से भी साफ सफाई का नाम नहीं ले रहे हैं।

# हर दिन झूठ के सहारे चल रही कांग्रेस सरकार : निहाल चंद

**अनंत ज्ञान, मंडी**

कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए झूठ बोला और हिमाचल की भोली भाली जनता को मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखा कर ठगने का प्रयास किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इस समय एक झूठी और भ्रष्ट सरकार कार्य कर रही है।



निहाल ने कहा कि मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अपनी सरकार की नकामियो को छुपाने के लिए हर रोज पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर पर झूठी बयानबाजी करके जनता का ध्यान भड़काना चाहते है। मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार को एक बार फिर अपने घोषणा पत्र को पढ़ लेना चाहिए या फिर उस घोषणा पत्र के रद्दी होने कि घोषणा खुले मंच से करनी चाहिए।

जयराम जनता की आवाज को नेता प्रतिपक्ष होने के नाते प्रमुखता से उठा रहे है जिस कारण मुख्यमंत्री के मित्र मंडली के सदस्य जयराम पर झूठी बयानबाजी करते रहते है।

**पेड़ कटान** धर्मपुर में लकड़ी का हुआ है कटान, प्रक्रिया को तोड़ा, कोई नियम नहीं देखा गया : सत्ती

# जेसीबी से लकड़ियों को दबाने की कोशिश

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

भाजपा द्वारा गठित पेड़ कटान जांच समिति ने धर्मपुर जिला मंडी में दौरा किया जिस दौरान उन्होंने पेड़ कटान के स्थान का जायजा लिया और अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों से बातचीत भी की।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष विधायक सतपाल सत्ती, सदस्य सुखराम चौधरी एवं बलबीर वर्मा उपस्थित रहे। सतपाल सत्ती ने बताया कि भाजपा ने एक समिति बनाई थी जो धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के अंदर धर्मपुर सब डिवीजन में अवैध कटान का जो मामला जिसने मीडिया में बहुत सुर्खियां बटोरी उसके बाद पार्टी ने निर्णय लिया कि हम लोगों को भी इसमें चुप नहीं बैठना चाहिए, अगर कहीं बड़े स्तर के ऊपर कोई ऐसे अवैध काम हो रहे हैं तो उसका संज्ञान लेकर के जागरूक पार्टी के नाते हमें रिपोर्ट पार्टी को प्रस्तुत करनी चाहिए। उन्होंने कहा की उसमें ऐसी प्रतिबंधित लकड़िया भी है जो बिलकुल प्रतिबंध है जिसमें आम, पीपल, बड़, बधार, कचनार, शीशम और ऐसे करके अलग अलग से अलग अलग स्लीपर थे लेकिन उन लकड़ियों का मालिक कौन है व हमें कोई नहीं बता पाया। यह लकड़ी का ढेर किसने लगाया किसने यहां पर रखी है और जब हम लोग वहां बहरी से आगे निकले तो हम लोग ने देखा उस स्थान के ऊपर एक आरा भी था। डिपार्टमेंट के सामने स्थानीय लोगों से हमने प्रश्न किया कि यह डिपो एवं लकड़ी किसकी है तो उन्होंने हमें बताया कि कोई कांगड़ा का व्यक्ति है, उसका डिपो है। स्थानीय लोगों ने बोला की परमिट नहीं दिया गया है, वहा भी ऐसी प्रतिबंधित लकड़ियों के काफी गठे पड़े थे, काफी ढेर पड़े थे।

## लकड़ी काटने की प्रक्रिया का नहीं हुआ पालन

**सत्ती** ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि वहीं पर दोनों स्थानों के ऊपर जेसीबी लगाकर के लकड़ियां जमीन खोदकर दबा दी गई। इसी तरह से जब हम लोग रोटा बहरी में गए तो वहां भी स्थिति दिखी वहां गांव के लोग भी आए, प्रधान भी पहुंचे और उन्होंने बताया कि जहां एक दिन ऐसा भी था एक रात ऐसी भी थी जिस दिन पूरी रात उस एरिया की बिजली बंद कर दी गई और रात को जेसीबी लगी और रात भर लकड़ियों को क्या किया क्या नहीं किया वो जानते हैं। सत्ती ने बताया बताया कि स्थानीय लोगों को उसे स्थान से सिद्धपुर जाने को कहा जाता था।

सत्ती ने बताया कि जो बड़ी नदी है, उस व्यास नदी के किनारे बड़े-बड़े ढांक से उन्होंने ट्रक फेंके हुए हैं। लकड़ियों के तो जब उन ढांक के ऊपर हम लोग गए तो वहां पर देखा अलग-अलग लकड़ियों के ढंग से लकड़ियां फेंकी है, सैकड़ों टन लकड़ी उन्होंने ऐसे दबा के और छुपा के रखने का प्रयास किया जिसकी फोटो भी हम लोग पार्टी को प्रस्तुत करेंगे। जहां तक हमें लगता है कि इस प्रक्रिया का कोई पालन यहां पर नहीं हुआ, न ही उस पर लगाए गए लकड़ी के ऊपर कौन सी काटनी है। जब आपने निशान लगाना है तो उसके बाद वही लकड़ी कटती है।

# जबना चौहान ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश भक्ति का दिया संदेश

**आदर्श, नेरचौक**

देश की सबसे कम उम्र की चर्चित सेलिब्रिटी पंचायत प्रधान रही प्रदेश स्तरीय समाजसेवी संस्था ओरिएंटल फाउंडेशन की संस्थापक जबना चौहान ने इंदौर मध्य प्रदेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान इन्होंने विविधता एवं समावेश पर विचार साझा किए तथा युवाओं को देश भक्ति व भाईचारे का संदेश दिया।




सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों व आयोजकों के साथ सामूहिक चित्र में जबना चौहान।

जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (जेआई एम)इंदौर में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में देश व दुनिया की चुनिंदा बड़ी हस्तियां शामिल हुई । जबना चौहान को इस कार्यक्रम के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर जबना ने जहां विविधता में समावेश पर विचार सांझा किए वहीं इसी विषय पर अपने जीवन के अनुभवों को भी सम्मेलन के प्रतिभागियों के साथ मंच से साझा किया।

जबना चौहान इससे पूर्व में भी झारखंड, पुणे, मुंबई, दिल्ली व चंडीगढ़ सहित कई राज्यों में सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में भाग ले चुकी हैं। बतौर पंचायत प्रधान जबना चौहान अपनी पंचायत में शराब बंदी व स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर देश भर में चर्चित रही है। यही नहीं इन्हें पीएम मोदी सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री सम्मानित कर चुके हैं साथ ही फिल्म स्टार अक्षय कुमार ने भी स्वच्छता में बेहतर कार्य करने पर जबना को अपनी फिल्म टॉयलेट एक प्रेम कथा की प्रमोशन के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। वर्तमान समय जबना चौहान ओरिएंटल फाउंडेशन के नाम से एनजीओ चला रही है तथा महिला सशक्तिकरण व शिक्षा क्षेत्र में कार्य कर रही हैं तथा देश हित में सराहनीय कार्य कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### राकेश राणा बने हिंदू महासभा के प्रदेश प्रवक्ता



**अनंत ज्ञान, ऊना।** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार द्विवेदी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश सिंह की अनुशंसा पर हिमाचल प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन करते हुए जिला ऊना के राकेश राणा को प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बीएन तिवारी ने रविवार को जारी बयान में नई नियुक्तियों की घोषणा करते हुए कहा कि नेतृत्व परिवर्तन हिंदू महासभा के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाएगा। उन्होंने कहा कि हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्षों और राष्ट्रीय मंत्रियों के दो दो सदस्यों नौ समूह को अलग-अलग प्रदेशों में स्वतंत्र प्रभार सौंपने के बाद हिंदू महासभा के विस्तार और सक्रियता ने गति पकड़ी है। यह गति हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नितिन उपाध्याय के नेतृत्व में चलाए जा रहे हिंदू राष्ट्र निर्माण अभियान को सशक्त बनाएगी। राकेश राणा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार द्विवेदी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री ललित अग्रवाल, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी दुष्यंत पचौरी, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री उपेंद्रपाल सिंह सहित संपूर्ण राष्ट्रीय कार्यकारिणी का आभार प्रकट किया।

### अशोक बने नंबरदार यूनियन के उपाध्यक्ष



**हीना पठानिया, बड़ूही।** नंबरदार यूनियन की मासिक बैठक अंब खंड के अध्यक्ष नंबरदार दीपक शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में खंड कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, इसमें नए खंड उपाध्यक्ष अशोक कुमार और रमेश कुमार को कोषाध्यक्ष स्वराज पाल शर्मा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। इस बैठक में सब नंबरदार भाइयों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर नए नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस बैठक में जिला सचिव इंजीनियर राजिंद्र कहोल, अशोक कुमार, राकेश कुमार, सचिव मनीष कुमार, राजेश कुमार, अमित कुमार, जिला मीडिया प्रभारी सुरजीत सिंह, सुनील, कृष्ण देव, रोहित कुमार, नरेंद्र सिंह, जरनैल सिंह, रणवीर सिंह, हुसन सिंह, सतिंद्र सिंह, रेणु ठाकुर, शोटू, ओम प्रकाश, कैप्टन युद्धवीर सिंह, दिनेश कुमार, रोशन सिंह, भूपिंदर सिंह, मोहन लाल, विजय कुमार, सेवा सिंह, कश्मीर सिंह, रमेश चंद आदि उपस्थिति रहे। आगमी अगली बैठक रविवार 26 जनवरी 2025 को रखी गई है, ताकि सब नंबरदार मिलकर गणतंत्र दिवस भी मनाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### राज्य महिला बॉलीबॉल टीम का ट्रायल आज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा 38वें राष्ट्रीय खेल जो कि उत्तराखंड में होने जा रहे हैं उसके लिए हिमाचल महिला वॉलीबाल टीम के लिए ट्रायल सोमवार दोपहर बाद इंदिरा स्टेडियम ऊना में रखे गए हैं, जो भी हिमाचली महिला वॉलीबाल खिलाड़ी इसमें भाग लेना चाहती हैं वे तय समय पर निश्चित स्थान पर पहुंचे। खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, हिमाचली प्रमाण पत्र व 2 पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाएं। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने दी।

### तकनीकी खराबी के कारण वंदे भारत चली अढ़ाई घंटे लेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, अंब।** रविवार की दोपहर को जिला ऊना के अंब अंदौरा से नई दिल्ली के बीच चलने वाली गाड़ी- नंबर 22448 वंदे भारत एक्सप्रेस में तकनीकी खराबी के कारण इस रेलगाड़ी में सफर करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। इस वंदे भारत एक्सप्रेस के पैंटोग्राफ मे ख़राबी के कारण ये रेलगाड़ी अंब अंदौरा से अपने निर्धारित समय पर नई दिल्ली के लिए रवाना नहीं हो पाई, मरम्मत कार्य पुरे होने के बाद इसे दोपहर एक बजे की जगह दोपहर 3:25 पर अंब अंदौरा से रवाना किया गया है। अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन मास्टर मनोज के मुताबिक इस रेलगाड़ी के लोकोमोटिव यानी इंजन के ऊपर लगे पैंटोग्राफ में तकनीकी ख़राबी आई थी जिसे काफी मशक्कत के बाद ठीक किया गया है और वंदे भारत एक्सप्रेस नई दिल्ली के लिए रवाना हुई।

### कबड्डी स्टार अजय ठाकुर ने की संन्यास की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले अंतरराष्ट्रीय कबड्डी स्टार और पद्मश्री पुरस्कार विजेता अजय ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने यह बड़ा फैसला लिया। उन्होंने सोशल मीडिया में जारी वीडियो के माध्यम से यह घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अब काफी कबड्डी खेल चुके हैं और युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका देना चाहते हैं। अजय ठाकुर ने अपने संन्यास का कारण अपनी शारीरिक इंजरी को भी बताया है, जिनकी वजह से वे अब खेल को जारी रखने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि देश में अब युवा प्लेयर काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि वे भारत का नाम और भी ऊंचा करेंगे। अजय ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेडर के रूप में भारतीय कबड्डी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वह भारतीय टीम के कप्तान भी रहे और अपनी नेतृत्व क्षमता के लिए जाने गए। उनके शानदार खेल के लिए उन्हें भारत सरकार ने पद्मश्री और अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया। वर्तमान में वह हिमाचल पुलिस में डीएसपी पद पर तैनात हैं और ऊना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अपने खेल करियर को विराम देने के बाद भी अजय ठाकुर खेल से जुड़े रहेंगे। दभोटा में उनकी कोहिनूर स्पोर्ट्स कबड्डी अकादमी में युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उनका उद्देश्य युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए तैयार करना है। अजय मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में भारतीय टीम के कप्तान के रूप में खेल रहे थे। शनिवार को मैच के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी संन्यास की घोषणा की। उनकी इस घोषणा के बाद खेल जगत से जुड़े लोग उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और उनके योगदान को याद कर रहे हैं।



# डीएफओ ने सरकारी जंगलों की खैर मार्किंग पर अवैध कटान देख लिखी बड़े अधिकारियों को पाती

## राज्य सरकार ने जताई सहमति, राज्य में ही ग्रीन फॉलिंग पर लगा दिया पूर्ण प्रतिबंध

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



हिमाचल प्रदेश में ग्रीन फॉलिंग बंद होने पर जिला ऊना में फॉरेस्ट विभाग के जिला अधिकारी सुशील राणा द्वारा मलकीयत भूमि से खैर कटान के अलावा बालन कटान पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। अगर कोई बालन ठेकेदार मनमानी करेगा तो फॉरेस्ट विभाग उन पर कानूनी कार्रवाई करके सलाखों के पीछे धकेलेगा।

सुशील राणा द्वारा मलकीयत भूमि के कटान के अलावा अन्य ग्रीन फैलिंग को बंद करने की अधिसूचना जारी कर दी है और उसमें साफ आदेश दिए गए हैं कि ठेकेदार मलकीयत भूमि से खैर कटान भी सोच-समझ कर करें। किसानों की मलकीयत भूमि से बाहर सरकारी भूमि का रुख न करके खैर कटान करें। अगर मलकीयत भूमि से खैर कटान पर कही सरकारी भूमि का खैर का अवैध कटान पकड़ा गया तो ठेकेदार का डिपो सीज होगा और पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज होगी। अब ठेकेदार सोच समझ के साथ ही मलकीयत भूमि से खैर कटान करें।

वहीं, कोई भी बालन ठेकेदार किसानों की मलकीयत भूमि से पेड़ नहीं काट सकता है। अगर किसी ने सरकार और विभाग के आदेशों की अवहेलना की तो उस पर कानूनी कार्रवाई के साथ जुर्माना व सजा दोनों का प्रावधान है।

ज्ञात रहे बालन यानी मलकीयत भूमि से पेड़ काटने वाले ठेकेदार किसानों को मामूली रकम देकर 30 हजार की कीमत वाले पेड़ को 300 रुपए में खरीद लेते थे और मोटा मुनाफा कमाते थे। वहीं, मलकीयत भूमि के साथ लगती सरकारी भूमि पर भी अवैध कटान की कुल्हाड़ी चलाते थे। यह दृश्य जिला ऊना के डीएफओ ने सरकारी जंगलों में खैर के पेड़ों की मार्किंग करवाते हुए देखा। डीएफओ राणा द्वारा इसकी सूचना शिमला में आधाधिकारियों को दी और उन्होंने सरकार के साथ चर्चा करके ग्रीन फैलिंग पर रोक लगा दी।

सरकार और विभाग की तरफ से बालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी करवा दी है। हालांकि, रात के अंधेरे में अवैध कटान करने वाले राज्य सरकार के मंत्रियों के पास चक्र लगाकर प्रतिबंध को हटाने की बात कर रहे हैं, लेकिन जिला ऊना के डीएफओ ने बालन के साथ खैर के अवैध कटान का हवाला देने पर राज्य सरकार सख्ती से पेश आकर ग्रीन फैलिंग के प्रतिबंध पर डीएफओ राणा के साथ खड़ी नजर आई है। (अनंत ज्ञान)

- जिला ऊना में ग्रीन फॉलिंग बंद होने से बन काटुओं की टूटी रीड
- मलकीयत भूमि से खैर कटान की ही मिल रही परमिशन

#### अब कटान के हर उपकरण का बनेगा लाइसेंस

**जिला** ऊना फॉरेस्ट विभाग के आलाधिकारियों के अनुसार राज्य के साथ अब जिला ऊना में लकड़ी काटने वाले हर उपकरण यानी आरा, मशीन एवं अन्य जो दुकानों पर छोटी लकड़ी काटने की मशीन लगाई गई है। उन सभी का लाइसेंस बनेगा। ओर जिला ऊना में हर दुकान आरा मशीन की चेकिंग भी होगी। तो जो अवैध पाया जाएगा। उसे एक सप्ताह का समय देकर लाइसेंस बनाने के लिए आदेश दिए जाएंगे। ताकि जिला ऊना में कोई अवैध लकड़ी काटने के उपकरण न रख सके। ओर जिले में अवैध कटान पर विराम लगाया जा सके।

# हीटर और अंगीठी के सुरक्षित उपयोग को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**अनंत ज्ञान, ऊना**



ऊना जिले में कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन ने हीटर और अंगीठी के सुरक्षित उपयोग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष जतिन लाल ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए हीटर और अंगीठी का असुरक्षित उपयोग गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे इन उपकरणों के उपयोग के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करें और अतिरिक्त सावधानी बरतें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से संपर्क करें। अंगीठी का उपयोग सीमित मात्रा में करें और इसे सही तरीके से जलाएं। इससे निकलने वाला धुआं और गैस स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकते हैं।हीटर की नियमित जांच और मरम्मत करें।

इलेक्ट्रिक और गैस हीटर को समय-समय पर जांचें और खराब उपकरणों का उपयोग न करें। पुराने या क्षतिग्रस्त उपकरण आग या अन्य खतरों का कारण बन सकते हैं।

#### बंद कमरे में हीटर और अंगीठी का न करें उपयोग

**हीटर** या अंगीठी का उपयोग करते समय कमरे में उचित वेंटिलेशन होना आवश्यक है। बंद कमरे में इनका उपयोग करने से कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें जमा हो सकती हैं, जो दम घुटने या मृत्यु का कारण बन सकती हैं। खासकर रात में सोते समय हीटर या अंगीठी को बंद कर देना चाहिए।

#### विषाक्तता के लक्षण पहचानें

**चक्कर** आना, सिरदर्द, मतली, उलझन, या सांस लेने में कठिनाई जैसी समस्याएं कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के संकेत हो सकते हैं। ऐसे में तुरंत ताजा हवा में जाएं और चिकित्सा सहायता लें।

#### सुरक्षा के प्रति रहें सतर्क

**उपायुक्त** ने जिलावासियों से अपील की है कि इन दिशा-निर्देशों का पालन करें और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

# नई कमेटी बनने से गोशाला के प्रबंधन में हो रहा सुधार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पिछले दिनों ऊना जिले के कैंट गोशाला में कुछ गऊओं की मृत्यु हो गई थी और आठ गाए गंभीर हालत में उपचाराधीन थी उनमें से दो गायों ने रविवार को दम तोड़ दिया। पिछली मृत गऊओं का मुद्दा उठने के बाद नायब तहसीलदार जोल की अध्यक्षता मे नई कमेटी का गठन कर सत्येंद्र शर्मा प्रधान को बनाया गया था।

नई कमेटी गठित होने के उपरांत गोशाला की कार्य प्रणाली में दिन-प्रतिदिन सुधार हो रहा है, परंतु अभी भी 6 गऊएं जीवन और मृत्यु के बीच लड़ाई लड़ रही हैं। चौकी खास के पशु चिकित्सक उनका उपचार कर रहे हैं परंतु उनका जीवन दवाओं पर ही चला हुआ है, खाना पीना बंद है। ग्राम पंचायत प्रधान संजय कुमार ने बताया कि समय-समय पर अब हरा घास भी दिया जा रहा है। ठंड से पूरी तरह से गोवंश को सुरक्षित कर दिया गया है। पानी की समस्या भी भी ठीक हो गई है, तूड़ी चारा भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कमेटी बहुत रुचि के साथ गोवंश की सेवा कर रही है। गोवंश का इलाज कर रहे डॉक्टर अमित का कहना है कि स्थिति में काफी सुधार आया है। मैंने एक फार्मासिस्ट को हर रोज गोशाला में जाकर गंभीर बीमार पड़ी हुई गऊओं को दवाई और उपचार आदि जरूरत के अनुसार देने के लिए कह रखा है, जो गोवंश बिलकुल ही कमजोर और बेहोश है वे जीवित तो हैं परंतु स्थिति में सुधार होने की कम ही संभावना है। सभी के सुझावों के अनुसार ही कार्य हो रहा है।

# डॉ. मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अपूर्णीय क्षति : विवेक शर्मा

**विनोद शर्मा, लठियानी**



विवेक शर्मा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और स्थानीय नेता भी उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा का बौल में हिमाचल हवेली में किया गया, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विवेक शर्मा ने डॉ. मनमोहन सिंह के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले महान अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान देश को कई आर्थिक संकटों से उबार कर विश्व मंच पर भारत की पहचान बनाई। उनका निधन न केवल कांग्रेस पार्टी, बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। सभा में उपस्थित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी डॉ. सिंह के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखा गया और डॉ. सिंह की याद में दीप प्रज्वलित किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर देसराज गौतम, देशराज मोदगिल, विवेक मीका, कंचन शर्मा, सुरेष दत्त, प्रशांत राय, अजय कुमार, ओमप्रकाश, केसी शर्मा, ज्ञान चंद, रोशन लाल लंबड़दार, दिनेश शारदा, गोपाल सैनी आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# सहारा संस्था ने निर्धन परिवारों को वितरित किए गर्म कपड़े



सहारा हेल्प संगठन द्वारा बच्चों को गर्म कपड़े वितरित करते सदस्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सहारा हेल्प संगठन संस्था द्वारा रविवार को क्षेत्र के गांव बसाल में प्रवासी लोगों की झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर उन्हें गर्म कपड़े, स्वेटर मौजे तथा टोपियां वितरित की गईं। हर वर्ष की भांति इस बार भी नववर्ष के नजदीक आते ही यह संस्था गरीबों को उनकी जरूरत के अनुसार विशेष रूप से मदद करती है। इसके अलावा भी स्कूलों में पढ़ने वाले अनाथ बच्चों की हर प्रकार की मदद करना तथा अति-गरीब परिवारों की बेटियों की शादी पर उन्हें जरूरत के अनुसार सामान देना अपना परम कर्तव्य समझती है।

यह संस्था वर्ष 2020 में शुरू हुई थी जिसका की आज काफी विस्तार हो गया है। गांव धूसाड़ा से अनूप धीमान और रवि कुमार द्वारा शुरू किया गया यह पुण्य कार्य चलता गया और कारवां का रूप ले चुका है। यदि कोई भी परिवार ऊना जिले के अंदर अति-गरीबी के कारण अपना इलाज न करवा पा रहा हो या बेटी की शादी में मुश्किल आ रही हो तो संस्था के अध्यक्ष अनूप धीमान जिनका फोन नंबर 70181 84879 है पर संपर्क कर सकते हैं।

सर्वप्रथम संस्था की टीम द्वारा जिसकी मदद की जानी है, वहां जाकर जायजा लेती है। उसे देखकर उन्हें यदि लगे कि जरूरतमंद है तब मदद कर दी जाती है। संस्था से जुड़ने के लिए आप भी उपरोक्त नंबर पर संपर्क करके इस संस्था का सदस्य बन सकते हैं।

# अंगीठी की गैस से दम घुटने से पिता-पुत्र की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** जिला मुख्यालय की नजदीक ग्राम पंचायत जलग्रां स्थित एक किराए के मकान में रह रहे बाहरी राज्य से संबंध रखने वाले पिता-पुत्र के शव मिले हैं। जानकारी के मुताबिक दोनों सब्जी बेचने का काम करते थे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृश्यता से यह अंगीठी की गैस की वजह से हादसा हुआ प्रतीत हो रहा है। मौके की स्थिति और परिस्थितियों को देखने से जलग्रां का हादसा प्रथम दृश्य मामला अंगीठी की गैस के कारण हुआ पाया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रीजनल अस्पताल भेज दिया है, जबकि घटना के संबंध में केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी सादिक और उनके बेटे शाहिद के रूप में की गई है।

बताया जा रहा है कि इन दोनों के साथ सादिक का दूसरा बेटा और शाहिद का भाई भी इसी कमरे में सो रहा था, हालांकि उसकी जान बचा ली गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सादिक अपने दोनों बेटों के साथ इसी क्षेत्र में सब्जी बेचने का काम करता था। शनिवार रात सादिक अपने दोनों बेटों के साथ रोजाना की तरह कमरे में सोया था। सोने से पहले उन्होंने कड़ाके की सर्दी के चलते कमरे में कोयले की अंगीठी जला ली। रविवार सुबह सादिक और शाहिद को कमरे में मृत हालत में पाया गया। रविवार सुबह सादिक और शाहिद के कमरे में मृत मिलने की सूचना पुलिस को दी गई।

थाना सदर से पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रीजनल अस्पताल ऊना की मोर्चरी में भिजवाए। वहीं, पुलिस ने इस मामले को लेकर सादिक के दूसरे बेटे के बयान दर्ज किए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने घटना के संबंध में केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के पुख्ता कारण पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में ही सामने आने की उम्मीद है।

# मौसम में आए भारी बदलाव के बाद भेड़ पालकों ने मैदानी क्षेत्रों की तरफ किया रुख




गड़रिए अपने पशुओं को लेकर मैदानी इलाकों के लिए जाते हुए।

**विनोद शर्मा, लठियानी**

लगातार दो दिन की बारिश होने के बाद ऊपरी के क्षेत्र में भारी तापमान में भारी गिरावट आने के बाद कुल्लू, मनाली, मंडी के क्षेत्र में रहने वाले भेड़ पालक अपनी भेड़ों और बकरियों को लेकर मैदानी क्षेत्रों में आने शुरू हो गए हैं। भेड़ बकरियों को भेड़ पालक अलग-अलग झुंडों में अपनी भेड़ बकरियों को एकत्रित कर ऊना की ओर जा रहे हैं।

जब इस बारे भेड़ पालक सुरजन सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ऊपर बर्फ गिरने के चलते तापमान में भारी गिरावट आने के कारण उन्हें वहां से निचले मैदानी क्षेत्रों के लिए आना पड़ा ऐसे में जनवरी के अंतिम सप्ताह या फरवरी के पहले सप्ताह में वापस अपने ऊपरी क्षेत्रों को बापिस चले जाने का विचार है।

उन्होंने कहा कि पहले से अभी के तापमान में हर वर्ष काफी अंतर देखने को मिल रहा है। भेड़ पालक खाना बनाने का अपना सामान घोड़ों पर या स्वयं उठाकर लाते हैं और रात को भेड़-बकरियों की रखवाली के लिए कुत्ते भी साथ होते हैं। यह भेड़ पालक बारिश और तूफान में खुले आसमान के नीचे ही आराम करते हैं। जो की बहुत ही कठिन समय में अपना जीवन व्यतीत करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# पिंडी खड्डु के पास किया जाए नए श्मशानघाट का निर्माण

**अनंत ज्ञान, अंब**

अंब तहसील का छोटा-सा पुराना श्मशानघाट रोजमर्रा आम जनता जनार्दन के लिए महा- चुनौतीपूर्ण हालात उत्पन्न कर रहा है। यहां पर यातायात की भगदड़ ने मौत का तांडव व विभिन्न दुर्घटनाग्रस्त होने की खतरनाक घटनाएं घटित हो चुकी है। पिछले एक दशक से नए श्मशानघाट को यहां से एक-दो किलोमीटर दूर पिंडी खड्डु के पास निर्माण की मांग लगातार की जा रही है।

जिला ऊना का अंब तहसील उपमंडल मुख्यालय तीव्र गति से विकासोन्मुखी कायाकल्प की ओर अग्रसर है। इसके साथ-साथ वर्तमान में अंब की आबादी भी लगातार बढ़ी है। ऐसे में ऊना-हमीरपुर बाजार के बीचों-बीच में ही स्थित छोटा-सा श्मशानघाट जनजीवन को अस्त-व्यस्त करता दिखाई देता है। मौजूदा श्मशानघाट के अगल-बगल में वार्ड नंबर एक-दो-तीन की घनी आबादी के अतिरिक्त नई प्रोफेसर कॉलोनी भी बसाई जा चुकी है। पुराने श्मशानघाट की सबसे बड़ी दुविधा यातायात है। जब कभी शव यात्रा जाती है तो सड़क पर जाम की नौबत आ जाती है।

आम जनमानस की राय में घनी रिहायशी बहुल क्षेत्र में श्मशानघाट को एक किलोमीटर दूरी पर पिंडी खड्डु में तबदील करवाने की जोरदार मांग उठाई जा रही है। लोगों ने विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, एसडीएम अंब व नगर पंचायत अंब से पिंडी खड्डु की सरकारी जगह पर नया श्मशानघाट युद्ध स्तर पर निर्मित करने का आग्रह किया है।

**कार्यक्रम** भुट्टो ने समर्थकों संग बंगाणा भाजपा कार्यालय में सुनी पीएम मोदी की 'मन की बात'

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मन की बात की बात को भाजपा पार्टी कार्यालय होटल करण राज में सैकड़ों भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सुनी।

भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने खेल और फिटनेस के साथ ही संडे को साइक्लिंग पर जोर दिया। इसके साथ ही कभी नक्सल का गढ़ रहे बस्तर में हो रहे ओलिंपिक की चर्चा भी की। वहीं, कैंसर के मरीजों को मिल रहे आयुष्मान भारत योजना के लाभ के बारे में भी बताया। प्रधानमंत्री के संबोधन से हमें ऊर्जा मिलती है और समाज सेवा की प्रेरणा भी मिलती है। प्रधानमंत्री उन विषयों और समस्याओं पर अपने विचार शेयर करना चाहते हैं, जो आपके लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री आपको मन की बात के 114वें एपिसोड में संबोधित किए जाने वाले विषयों पर अपने विचार शेयर करने के लिए आमंत्रित करते हैं। भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान के 10 वर्ष का समय पूरा हो चुका है और संपूर्ण देश में यह लक्ष्य हासिल कर चुका है। प्रधानमंत्री की लंबी सोच की वजह से दस वर्ष के कार्यकाल में भारत ने 18,000 गांवों में बिजली पहुंचाने का महत्वाकांक्षी मिशन तय किया है। भुट्टो ने कहा कि एनडीए सरकार ने कृषि को तेजी से बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए किसान हमेशा से हमारे देश का आधार रहे हैं और एनडीए सरकार इनोवेशन और कुछ ठोस उपायों के जरिए देश के इस आधार को मजबूत बनाने की कोशिश कर रही है।



बंगाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनते देवेंद्र भुट्टो और अन्य।

इस मौके पर जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, राजेंद्र मलांगड़, उपप्रधान सूरम सिंह, सुदर्शन शर्मा, अजय कुमार, अभय राणा, सुभाष शास्त्री, उपप्रधान जीवन शर्मा, अर्चित शर्मा, नरेश कुमार, जितेंद्र कुमार, शोभित शर्मा के अलावा गणमान्य मौजूद रहे।

# चिंतपूर्णी में बस खाई में लुढ़की, हादसा टला

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी मंदिर के समीप बीते दिन सुबह एक बस खाई में जा गिरी। हादसे में बस का चालक प्रदीप सिंह आंशिक रूप से घायल हुआ है। हालांकि, हादसे से ठीक पहले यात्री बस से उतर चुके थे जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। मिली जानकारी के मुताबिक अमृतसर के श्रद्धालु बस में सवार होकर रविवार सुबह माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार पहुंचे। बस के ड्राइवर प्रदीप सिंह ने सभी श्रद्धालुओं को माता चिंतपूर्णी के मंदिर द्वार पर उतारा और बस को वापस ले जाकर सुरक्षित जगह पार्क करने चल पड़ा। इसी बीच बस को मोड़ते समय अचानक एक गाड़ी सामने आ जाने के चलते चालक नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते बस रिवर्स होकर करीब 15 फुट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में प्रदीप सिंह आंशिक रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया। पुलिस ने इस घटना को लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# बर्फबारी के बीच पानी, सड़कें और बिजली सुचारु रखने में जुटे रहे कर्मचारी

## बर्फबारी से जगह-जगह टूटी और जमी हैं पेयजल पाइपें, बिजली की तारें व उपकरण टूटे, कर्मियों ने कुछ ही घंटों में ठीक की 33 केवी लाइन





लाहौल घाटी में सड़कों से बर्फ हटाने में जुटे बीआरओ के कर्मी और मशीनरी (दाएं) भारी बर्फबारी के बीच पेयजल लाइन को सुचारु करने के लिए जाते जलशक्ति विभाग के कर्मी।



बिजली लाइनों की बहाली में जुटे कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान मनाली/केलांग**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में तीन दिन जारी रही बर्फबारी ने बिजली, लोनिवि व जलशक्ति विभाग की दिक्कत को बढ़ा दिया है। दोनों जिलों में कई सड़कें अवरुद्ध हैं, जिन्हें बहाल करने में विभाग और बीआरओ की टीमें जुटी हुई है। वहीं, जलशक्ति विभाग की भी दिक्कतें कम नहीं हैं। उधर, बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को भी भारी ठंड के बीच जान-जोखिम में डालकर टूटी तारों को जोड़ने में कसरत करनी पड़ रही है।

दोनों जिलों में कहीं बिजली की तारें टूट गई, तो कहीं बिजली के उपकरण खराब हो गए। भारी बर्फबारी से सेथन, हामटा, कोठी, पलचान, कुलंग, सोलंग, सहित बरुआ, शनाग, मनाली गांव, सियाल, छियाल, कन्याल सहित दर्जनों ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की तारें टूट गई। रविवार को बिजली विभाग के कर्मी बर्फबारी के बीच तारों को ठीक करने में जुटे रहे। लाहौल जाने वाली 33 केवी की लाइन भी सोलंग नाला के पास टूट गई। विभाग के कर्मियों ने भारी बर्फबारी के बीच मरमत का कार्य शुरू किया और दोपहर इसे भी ठीक कर दिया। प्रीणी सब स्टेशन की क्षमता कम होने के कारण मनाली वासियों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा, लेकिन बावजूद इसके कर्मियों ने अपनी ओर से कोई कमी नहीं आने दी। बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता पूर्ण चंद ठाकुर ने बताया कि बर्फबारी से जगह-जगह तारें टूट गई थी। उन्होंने कहा कि बर्फबारी के बीच भी कर्मचारी युद्धस्तर पर अपने कार्य में जुटे रहे और समय पर बिजली को सुचारु कर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी बर्फबारी में लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाएगा।

### बर्फ के बीच तीन किमी पैदल चल बहाल की पेयजल आपूर्ति

**लाहौल** घाटी में कड़ाके की ठंड के बीच बिजली और पानी की बहाली को लेकर विभागीय कर्मियों के पसीने छूट रहे हैं। ऐसा ही मामला लाहौल घाटी के दूरस्थ गांव भुजुंड में सामने आया। शीतलहर, भारी ठंड और बर्फबारी के बीच पेयजल आपूर्ति ठप होने से भुजुंड गांव सहित राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला में लगे चारों सार्वजनिक नलों में पानी बंद हो गया था। ऐसे मौसम के बीच पेयजल आपूर्ति बंद होने से ग्रामीणों को दिक्कत झेलनी पड़ी। जलशक्ति विभाग के फील्ड कर्मियों दुर्गा दास, बेली राम, ज्ञान चंद, विश्व नाथ, कपिल देव और ऋषि कुमार ने डेढ़ फुट बर्फ में करीब तीन किलोमीटर पैदल चलकर पेयजल आपूर्ति के मुहाने पहुंच कर भुजुंड गांव के लिए पानी की आपूर्ति बहाल की। विभाग के उदयपुर में तैनात जलशक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि जिस मुहाने से भुजुंड़ गांव के लिए पेयजल आपूर्ति की जाती है, उस जगह बर्फ का एक हिस्सा गिर गया है। इसस पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई थी। सूचना मिलने के बाद विभाग के फील्ड कर्मियों ने भुजुंड़ पेयजल आपूर्ति को बहाल किया। उधर, लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने इन कर्मचारियों को शाबाशी दी है। उन्होंने कहा कि बर्फबारी के बीच इस तरह के काम को अंजाम देना चुनौती भरा रहता है।

# मनाली-केलांग मार्ग फोर व्हील वाहनों के लिए बहाल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

मौसम साफ होते ही आखिर एक बार फिर मनाली-केलांग मार्ग फोर व्हील ड्राइव वाहनों के लिए बहाल हो गया है।

बीआरओ ने शनिवार को बर्फ के फाहों के बीच केलांग को मनाली से जोड़ने का कार्य शुरू किया और 36 घंटों के भीतर युद्धस्तर पर कार्य करते हुए मनाली से केलांग तक सड़क बहाल कर ली। तांदी-संसारी मार्ग भी जल्द ही फोर व्हील ड्राइव वाहन दौड़ेंगे।


इस मार्ग पर कुछ एक जगह सड़क बहाली शेष है। प्रशासन ने लोगों को आपात स्थिति में आपदा प्रबंधन को सूचना देकर फोर व्हील ड्राइव वाहनों में ही सफर करने की सलाह दी है। गत वीरवार को मनाली-केलांग मार्ग में हिमपात शुरू हुआ, जो शनिवार रात तक जारी रहा। अटल-टनल के दोनों छोर में लगभग तीन फुट तक बर्फ के ढेर लगे हुए हैं। बीआरओ ने सड़क एक तरफा वाहनों के लिए ही बहाल की है, जबकि सड़क किनारे बर्फ के ऊंचे ढेर लग गए हैं। मौसम साफ होने से मनाली सहित लाहौल घाटी के लोगों को ठंड से राहत मिली है। दूसरी ओर भारी हिमपात के बाद लाहौल की समस्त घाटी सहित मनाली के धुंधी से सोलंग के बीच हिमस्खलन का खतरा बना हुआ है। कमांडर कर्नल गौरव ने कहा कि मनाली-केलांग मार्ग एक तरफा वाहनों के लिए खोल दिया है। ट्रैफिक सुचारू करने के लिए सड़क किनारे से बर्फ हटाई जा रही है। तांदी-संसारी मार्ग से भी बर्फ हटाई जा रही है। जल्द ही इस मार्ग पर भी फोर व्हील ड्राइव वाहन दौड़ेंगे। डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार का कहना है कि मनाली से केलांग तक सड़क बहाल है, जबकि तांदी से तिंदी तक सड़क बहाली जारी है। सड़क एक तरफा वाहनों के लिए ही बहाल हुई है। लोग अनावश्यक सफर से बचें और फोर व्हील ड्राइव या टायर में जंजीर बांधे वाहन में ही सफर करें।

# नववर्ष के जश्न के लिए पर्यटन नगरी मनाली तैयार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पर्यटन नगरी मनाली हैप्पी न्यू-ईयर के लिए तैयार है। मनाली में नववर्ष के दौरान भारी भीड़ उमड़ेगी। ऐसे में यातायात और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मनाली में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। आलू ग्राउंड से सोलंग नाला तक के क्षेत्र को आठ सेक्टर में बांटा गया है। सभी सेक्टर में एक-एक सेक्टर ऑफिसर तैनात किया गया है।

सेक्टर एक में आलू ग्राउंड से लग्जरी बस स्टैंड तक का क्षेत्र, सेक्टर दो में लग्जरी बस चौक से आइबेक्स चौक तक, सेक्टर तीन में आइबेक्स से टेलीफोन एक्सचेंज व मिशन होते हुए रामबाग चौक, सेक्टर चार में रामबाग से सर्किट हाउस, सेक्टर पांच में सर्किट हाउस से मनाली गांव, सेक्टर छह में लग्जरी बस स्टैंड से ब्यास पुल, सेक्टर सात में ब्यास पुल से सोलंग नाला जबकि सेक्टर आठ में ब्यास पुल से जगतसुख तक के क्षेत्र को शामिल किया गया है। मनाली से अटल टनल रोहतांग तक चप्पे-चप्पे पर जवानों की तैनाती की गई है। कुल 172 पुलिस व होमगार्ड के जवान तैनात किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)



### हुड़दंगियों पर रहेगी कड़ी नजर : डीएसपी मनाली

**नववर्ष** के लिए पर्यटकों की संख्या बढ़नी शुरू हो गई है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस जवानों को मनाली शहर में जगह-जगह तैनात किया गया है। जहां पर जाम लगने की अधिक आशंका रहती है, वहां पर अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात किए हैं। अतिथि देवो भव की तर्ज पर पर्यटकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पुलिस की हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रहेगी।

### यहां करें अपने वाहनों को पार्क

**जिस** होटल होम स्टे या बी एंड बी में आप ठहरे हैं, उसी की पार्किंग में अपने वाहन को पार्क करें। थाने से लेकर फायर ब्रिगेड तक सड़क किनारे लाइन के भीतर वाहन पार्क करें। भूतनाथ मंदिर के पास दो तथा रावत क्लिनिक के पास पेड पार्किंग हैं। फायर ब्रिगेड के पास पार्किंग में वाहन को पार्क करने की व्यवस्था है। चिन्हित पार्किंग में ही वाहन खड़े करें।

# पूर्व पीएम के निधन पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे राहुल गांधी : गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे।

यह आरोप भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने पत्रकारों के साथ बातचीत करने के दौरान लगाए। उन्होंने इसे कांग्रेस की घटिया सोच और संवेदनहीनता करार देते हुए कहा कि इस प्रकार की राजनीति लोकतांत्रिक मर्यादाओं और सामाजिक मूल्यों के खिलाफ है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिसने अपने शासनकाल में डॉ. मनमोहन सिंह को उचित सम्मान नहीं दिया, अब उनके निधन पर भावनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी, जिन्होंने कभी उनके प्रधानमंत्री पद का सम्मान नहीं किया और सार्वजनिक रूप से उनके अध्यादेश को फाड़ा, अब उनके सम्मान का दिखावा कर रहे हैं। यह कांग्रेस के दोहरे मापदंडों को उजागर करता है। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास हमेशा से नेहरू-गांधी परिवार को प्राथमिकता देने और अन्य महापुरुषों का अपमान करने का रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री, पीवी नरसिम्हा राव और प्रणब मुखर्जी जैसे नेताओं के योगदान को कभी उचित स्थान नहीं दिया। नरसिम्हा राव के अंतिम संस्कार का विरोध और उन्हें दिल्ली में सम्मानजनक विदाई से वंचित करना कांग्रेस की मानसिकता का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा हर नेता के योगदान का सम्मान किया है, चाहे वे किसी भी दल के रहे हो।


# मनाली में 31 दिसंबर को चुनी जाएगी न्यू ईयर क्वीन

**मनाली।** नववर्ष पर मनाली के होटलों में डीजे पर धमाल मचेगा, तो पर्यटकों के लिए प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। क्लब हाउस मनाली में हिमाचल पर्यटन विकास निगम की ओर से मनाली क्वीन का चयन किया जाएगा। इसमें देशभर से मनाली आए पर्यटकों में से सबसे सुंदर और टेलेंटिड युवती को इस खिताब से नवाजा जाएगा। पर्यटन निगम ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। क्रिसमस का जश्न मनाने के लिए मनाली में 90 हजार से अधिक पर्यटकों की भीड़ जुटी है। नववर्ष पर एक लाख से अधिक पर्यटकों के मनाली में उमड़ने की उम्मीद है। होटलों की ऑनलाइन बुकिंग में भी इजाफा हो गया है। इस बीच निजी होटलों और पर्यटन निगम के होटलों में खास प्रबंध किए गए हैं। पर्यटन निगम के होटलों में गाला डिनर, बोन फायर, लाइव म्यूजिक के साथ कुल्लवी नाटी का भी आयोजन होगा। 31 दिसंबर को ओल्ड मनाली में स्थित निगम के क्लब हाउस में मनाली क्वीन का चयन आकर्षण का केंद्र रहेगा। वर्ष-2025 की क्वीन मनाली में आने वाले पर्यटकों में से चुनी जाएगी।

# उद्यान विभाग आनी में डॉ. जगदीश चंद ने संभाला एसएमएस का पदभार

**अनंत ज्ञान, निरमंड**


उद्यान विभाग आनी में विषयवाद विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत डॉ. चमेली नेगी के स्थानांतरण के बाद अब इस पद पर डॉ. जगदीश चंद वर्मा ने अपना पदभार संभाला है।



पदभार संभालने के बाद उन्होंने सभी बागवानों से अपील की है कि वे पंजीकृत नर्सरियों से लाईसेंस चैक कर ही सेब के पौधें लें या फिर विभाग से भी विभिन्न किस्मों के पौधे ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कई पौधे कश्मीर से आ रहे हैं। पूर्व में देखा गया है कि कश्मीर के कुछ पौधों में एप्पल लीफ बलोच माइनर नामक कीड़ा देखा गया। ये कीड़ा पौधे के पत्तों में सुरंग निकालकर पौधे को भारी क्षति पहुंचाता है, जिससे पौधे का विकास रूक जाता है। कोई भी बागवान यदि इस तरह से पौधे लेता है, तो इस तरह की बीमारी आने का खतरा रहता है। उद्यान विभाग आनी रूट स्टॉक की विभिन्न किस्मों जैसे एम-9, एम-111, एमला-9 वड 9 वड 10 एमला 106 एमला 26 जी 41 एम 7 आदि के करीब 27 हजार पौधे वितरित करेगा, जिसका दाम 180 रुपए प्रति पौधा रहेगा। 10 जनवरी तक ये पौधे उनके केंद्रों तक पहुंच जाएंगे, जिसके बाद उन्हें बागवानों के लिए विक्रय किया जाएगा, अब सभी कार्य ऑनलाइन होंगे। सभी तरह की सब्सिडी लेने के लिए अब ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उसके लिए उद्यान कार्ड का ऑनलाइन बनाना जरूरी है।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने निभाया अपना वादा

**बंजार।** लोकसभा के चुनावी दौरे में आनी आए केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपनी घोषणा के अनुरूप जलोड़ी सुरंग के निर्माण के लिए अंतिम रूप से अलाइनमेंट को स्वीकृति प्रदान कर बंजार व आनी की जनता को कृतार्थ किया है। बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा है कि स्वीकृत की गई अलाइनमेंट से पूर्व तैयार की गई अलाइनमेंट पर सोझा क्षेत्र की स्थानीय जनता की जायज आपत्तियों व चिंताओं पर केंद्रीय मंत्री द्वारा संज्ञान लेने व स्थानीय जनता द्वारा सुझाई गई अलाइनमेंट को स्वीकृत करने के लिए हम केंद्रीय नेतृत्व व नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के आभारी हैं, जिन्होंने स्वयं सोझा गांव में जनसुनवाई कर इस मामले को केंद्रीय नेतृत्व के संज्ञान में लाकर पूरे क्षेत्र का मनोरथ सफल किया है। उन्होंने कहा कि आशा ही नहीं विश्वास है कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग-305 के निर्माण संबंधी परियोजनाओं को भी इसी गति के साथ केंद्र की मोदी सरकार से स्वीकृति प्राप्त होगी।



# कटराई को दो हिस्सों में विभाजित करने के प्रस्ताव पर नहीं लग पाई विशेष आमसभा की मुहर



**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

विकास खंड नग्गर की एक अहम ग्राम पंचायत, कटराई को दो हिस्सों में विभाजित कर एक नई पंचायत का गठन करने के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल पाई।

विशेष आमसभा में निश्चित संख्या पूरी न होने के कारण प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया। हिमाचल सरकार द्वारा विशेष कराइटेरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटराई को दो भागों में विभाजित कर नई पंचायत के गठन की संभावना का प्रस्ताव भेजा गया था। इसी प्रस्ताव पर चर्चा के लिए कटराई पंचायत द्वारा विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया था, ताकि इस मुद्दे पर पंचायत वासियों की राय जानी जा सके, लेकिन विशेष जन सभा में केवल 124 व्यक्ति ही उपस्थित हुए, जबकि प्रस्ताव पारित करने के लिए कम से कम 261 लोगों की उपस्थिति आवश्यक थी।

प्रधान पंचायत कटराई गीता ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव उनकी पंचायत को आया था, जिसकी जानकारी पंचायत वासियों को सोशल मीडिया तथा पंचायत परिक्षेत्र में लाऊड स्पीकर के माध्यम से दी गई थी। उन्होंने कहा कि कोरम पूरा न हो पाने की वजह से यह प्रस्ताव निरस्त हो गया है। (अनंत ज्ञान)

**परेशानी** निरमंड में लोगों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़, लोगों में सरकार के प्रति रोष

# बीएमओ सहित डॉक्टरों के 10 पद खाली

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

जिला कुल्लू के आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड स्वास्थ्य खंड में डॉक्टरों के 10 पद खाली चल रहे हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि निरमंड उपमंडल में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

पूरे निरमंड स्वास्थ्य खंड में एक बीएमओ, दो मेडिकल ऑफिसर और 3 डेंटल डॉक्टरों के पद खाली चल रहे हैं। फलस्वरूप क्षेत्र की जनता में स्वास्थ्य विभाग और सरकार के प्रति रोष पनप गया है। निरमंड उपमण्डल के दिला राम, लीला चंद, विकास कुमार, जितेंद्र, योगेश, संजीव कुमार, हितेंद्र ठाकुर आदि सैकड़ों लोगों ने प्रदेश सरकार से डॉक्टरों के रिक्त पदों को जल्द भरने की गुहार लगाई है। आपको बता दें कि क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों के स्वास्थ्य सुविधाओं के केंद्र सिविल अस्पताल निरमंड में पिछले काफी समय से बीएमओ का पद खाली चल रहा है। इसके अलावा सिविल अस्पताल निरमंड में डॉक्टरों के 5 और पद खाली पड़े हैं, जिनमें 4 मेडिकल अफसर और




एक डेंटल मेडिकल अफसर का पद खाली है, जिस कारण प्रतिदिन 150 मरीजों की ओपीडी के अलावा पोस्टमार्टम, एमएलसी आदि वाले सिविल अस्पताल निरमंड में बाकी बचे 4 डॉक्टरों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इतना ही नहीं दुर्गम क्षेत्रों में स्थापित पीएचसी उरटू और पीएचसी जाओं में एक एक डॉक्टर सेंक्शन हैं, लेकिन दोनों जगह डॉक्टरों के पद खाली पड़े हैं। जबकि दो दिनों पहले ही उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद पीएचसी जाओं और उरटू में डॉक्टरों के तबादला आदेश तो हुए हैं, मगर उन्होंने अभी ज्वाइन नहीं किया है। इसके अलावा सीएचसी निथर और अरसु में डेंटल डॉक्टरों के पद भी खाली चल रहे हैं, जबकि कुशवा, मोइन, दुराह और नोर आदि दुर्गम स्वास्थ्य उपकेंद्रों में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद भी रिक्त पड़े हैं। ऐसे में क्षेत्र की जनता ने प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग से रिक्त पदों को जल्द भरने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

> **निरमंड** स्वास्थ्य खंड के रिक्त पदों की रिपोर्ट समय-समय पर उच्चाधिकारियों को भेजी जाती है। हाल ही में कोर्ट के आदेशों के बाद निरमंड उपमंडल को दो डॉक्टर मिले हैं। उम्मीद है जल्द ज्वॉइन करेंगे।
>
> **डॉ. संजय आनंद, कार्यकारी बीएमओ, निरमंड।**

> **मेरे** आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड स्वास्थ्य खंड में बीएमओ समेत डॉक्टरों और स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टाफ के रिक्त पद चिंता का विषय हैं, जिनको जल्द भरने को लेकर समय-समय पर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री से बार-बार बात की गई है।
>
> **लोकेंद्र कुमार, विधायक, आनी विस क्षेत्र।**

# जलोड़ी टनल के सर्वे में सोझा गांव को बचाने का निर्णय सराहनीय

**अनंत ज्ञान, बंजार**

### टनल की अलाइनमेंट सोझा गांव से बदलने पर संघर्ष समिति ने जताया आभार

जलोड़ी टनल के सर्वे में सोझा गांव को बचाने के निर्णय को ग्रामीणों ने सराहा है।

सोझा गांव के ग्रामीणों ने जलोड़ी टनल के सर्वे में सोझा गांव को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार का आभार जताया है। केंद्र की ओर से टनल की फाइनल अलाइनमेंट पर खुशी जताई है। दिसंबर 2023 में लोगों को जलोड़ी टनल का सर्वे घियागी की तरफ से सोझा गांव के नीचे से करने की सूचना मिली। ग्रामवासियों में डर सताने लगा कि अगर गांव के नीचे से टनल बनेगी, तो गांव के अस्तित्व को खतरा हो सकता है। ग्रामीणों को टनल बनने से विस्थापित होने का डर सताने लगा। ग्रामवासी भविष्य को लेकर चिंतित थे। ग्रामवासियों ने संघर्ष समिति का निर्माण किया। समिति के नेतृत्व में एसडीएम बंजार के साथ डीसी कुल्लू और एनएच से गांव को बचाने की गुहार लगाई। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रकाश ने कहा कि स्थानीय एनजीओ के जानकारों से तकनीकी जानकारी जुटाई। इसमें हिमालयन नीति अभियान के संयोजक गुमान सिंह ने भी सहयोग दिया। स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी से मिलकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के माध्यम से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से गांव को बचाने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री सुक्खू और मंत्री विक्रमादित्य सिंह से भी गांव को बचाने में सहयोग मांगा। इसके बाद केंद्र सरकार ने उनकी समस्या का समाधान किया। जलोड़ी टनल के निर्माण के लिए बीच का रास्ता निकाला गया। इसके लिए समिति ने एनएच-305 के अधिशाषी अभियंता किशोरी लाल सुमन का भी आभार जताया है। बता दें कि केंद्र सरकार ने जलोड़ी टनल के लिए फाइनल अलाइनमेंट को मंजूरी दी है। अब इसकी डीपीआर बनेगी। टनल सोझा कैंची से बाह्य सराज भरगोल खड्ड तक किया जाएगा और टनल की लंबाई 4.160 किमी होगी।


# नेशनल हाईवे-5 पर बनी टनल, फ्लाईओवर वायाडक्ट ब्रिज से बढ़ेगा पर्यटकों का रोमांच

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सामरिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण नेशनल हाईवे-5 में फोरलेन निर्माण के चलते बनी टनल, फ्लाईओवर और वायाडक्ट ब्रिज से सफर रोमांचक होने वाला है। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ यात्रियों के समय की बचत होगी।

सोलन के समलेच में करीब एक किलोमीटर लंबी टनल बनने के बाद, अब कंडाघाट में 667 मीटर लंबी सुरंग के दोनों छोर आपस में मिले हैं। एनएचएआई की माने, तो टनल का कार्य पूरा होने में अभी दो महीने का समय लग सकता है। बहरहाल हाईवे का परवाणू-सोलन के बाद चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन का कार्य पूरा होते ही हाईवे का सफर किसी रोमांच से कम नहीं होगा। फिलहाल टनल से जोड़ने के लिए कंडाघाट में फ्लाईओवर का कार्य भी प्रगति पर है, जबकि चंबाघाट में रेलवे लाइन के ऊपर करीब 600 मीटर फ्लाईओवर का कार्य पूरा हो चुका है। (अनंत ज्ञान)


सोलन के कंडाघाट में निर्माणाधीन टनल।


कंडाघाट में टनल को जोड़ने लिए बन रहा फ्लाईओवर।

## न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग विधि से बनी टनल

**सोलन** से कैथलीघाट के बीच फोरलेन का निर्माण कार्य 90 फीसदी तक पूरा हो गया है। अब कई जगहों पर फिनिशिंग कार्य किया जा रहा है। कंडाघाट में टनल के दोनों छोर मिलने के बाद अब फिनिशिंग का कार्य होगा। इसके बाद इसे फ्लाईओवर से कनेक्ट किया जाएगा। टनल बनने से कंडाघाट बाजार पूरी तरह सुरक्षित है। इससे पहले शमलेच में पहली टनल बनी हुई है। टनल को न्यू ऑस्ट्रेलियन टनलिंग विधि का उपयोग कर बनाया गया है, जिसमें सुरंग की संरचना को मजबूत करने के लिए आस-पास की मिट्टी का उपयोग किया है। इसकी निर्माण लागत करीब 115 करोड़ रुपए आंकी गई है।

सोलन से कैथलीघाट के बीच फोरलेन का निर्माण कार्य 90 फीसदी तक पूरा हो गया है। अब कई जगहों पर फिनिशिंग कार्य किया जा रहा है। कंडाघाट में टनल के दोनों छोर मिल गए हैं अब फिनिशिंग वर्क किया जाना है।

**आनंद दहिया, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई शिमला।**

## वायडक्ट ब्रिज खुलने से जाम से मिली निजात

**पट्टा** मोड़ और सोलन में फोरलेन के तहत दो वायडक्ट ब्रिज खुलने से पर्यटकों को जाम से निजात मिलेगी। निर्माण कंपनी ने दोनों ब्रिज राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सौंप दिए हैं। ये ब्रिज पट्टा मोड़ और सोलन बाईपास में बनाए गए हैं। ब्रिज की मेजरमेंट (भार) जांच के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने ब्रिज से वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी है। इससे कालका से शिमला की ओर आने वाले वाहन चालकों को काफी फायदा मिलेगा। वहीं, अब जाम की समस्या से भी नहीं जूझना पड़ेगा। इससे समय की बचत भी होगी और समय पर वाहन चालक समयानुसार गंतव्य तक पहुंचेंगे। अभी तक दोनों जगहों पर सिंगल सड़क होने के कारण लोगों को जाम से परेशान होना पड़ता था। दोनों ओर से आवाजाही होने के कारण कई बार दुर्घटनाओं के मामले भी आए थे। इसी के साथ फोरलेन से टू लेन पर वाहनों की डायवर्जन होने से भी दिक्कतें आती थीं। इससे वाहन चालकों को कई बार लंबी कतार में भी लगना पड़ता था।

# परवाणू से सोलन फोरलेन पर ओवर स्पीड से बढ़ रहे सड़क हादसे

## 129 मामले आए सामने, 23 लोगों की हुई मौत, 175 हुए घायल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

एनएच-5 पर परवाणू से सोलन और सोलन से कैंथलीघाट तक बने फोरलेन में ओवर स्पीड से हादसों में बढ़ोतरी हुई है। इस साल जनवरी से दिसंबर माह तक परवाणू से कैथलीघाट के बीच सड़क दुर्घटना के 129 मामले सामने आए हैं।

पुलिस के अनुसार इसमें 23 लोगों की मौत भी हुई, जबकि 175 लोग घायल हुए हैं। हालांकि कई मामले ऐसे भी हैं, जो पुलिस के पास पंजीकृत नहीं हुए। हालांकि इससे पहले सालभर में चार से पांच दर्जन हादसे ही इसमें होते थे। दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण ओवर स्पीड माना जा रहा है। एनएचएआई ने परवाणू से शिमला तक बन रहे फोरलेन का डिजाइन 40 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड के लिए किया है, मगर इसमें ज्यादातर चालक ओवर स्पीड में चलते हैं। इसके अलावा परवाणू से सोलन और चंबाघाट से कैथलीघाट के बीच में कई स्थानों पर फोरलेन का निर्माण कार्य चला हुआ है। निर्माण कार्य के चलते कई बार फोरलेन की एक लेन का अचानक बंद कर दी जाती है। इस कारण दोनों ओर के वाहनों की आवाजाही एक लेने से होने के कारण बना असमंजस भी हादसे का कारण बन रहा है, क्योंकि अधिकांश फोरलेन पर दोनों लेन से ही वाहन गुजर रहे हैं। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि परवाणू-शिमला एनएच-5 पर जनवरी से लेकर दिसंबर तक सड़क दुर्घटना के 129 मामले सामने आए हैं, जिसमें 23 लोगों की मौत हुई है जबकि 175 लोग घायल हुए हैं। हालांकि इसमें ज्यादातर ओवर स्पीड में दुर्घटनाएं हुई हैं।



# बारिश के बाद खेतों में कीटनाशक खाद का प्रयोग कर सकते हैं किसान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बीबीएन में दो दिन हुई लगातार बारिश रबी की फसल के लिए संजीवनी बन कर बरसी है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि जिन किसानों ने गेहूं की फसल लगा ली है, उसके लिए यह बारिश वरदान साबित होगी।

सिंचाई वाले क्षेत्रों में भी गेहूं अब तेजी से ग्रोथ करेगी। बारिश के बाद किसान कीटनाशक और खाद के प्रयोग कर सकते हैं। बीबीएन क्षेत्र में 6 हजार हेक्टेयर जमीन पर गेहूं की फसल उगाई जाती है। यहां पर 25 फीसदी क्षेत्र में पानी लगता है। यहां पर तो गेहूं की फसल ठीक है, लेकिन पहाड़ी क्षेत्र में बिना बारिश के अभी तक गेहूं की ग्रोथ नहीं हुई थी। इससे लोग मायूस थे। दो दिन की बारिश से जमीन में अच्छी खासी नमी आ गई है और यह गेहूं के लिए उपयुक्त मानी गई है, जिन किसानों ने अभी तक गेहूं नहीं लगाई है। वह लेट वैरायटी लगा सकते हैं। इसके लिए 15 जनवरी तक समय है। यह लेट वैरायटी 114 दिन में तैयार हो जाती है। कृषि विभाग के विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. संदीप गौतम ने बताया कि जिन किसानों ने अभी गेहूं नहीं लगाई वह लेट वैरायटी पीबीडल्यू 757 लगा सकते हैं। गेहूं की इस प्रजाति को किसान 15 जनवरी तक लगा सकते हैं। 114 दिनों के भीतर यह गेहूं तैयार हो जाता है। 15.8 क्विंटल प्रति हेक्टेयर इसका उत्पादन होता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अच्छी बारिश हो गई है। कृषि विभाग के उपनिदेशक देवराज कश्यप ने बताया कि अभी बारिश के लिए लगातार मौसम बना हुआ है। यह बारिश जितनी भी होगी उतनी कम है और जो बारिश हो रही है वह गेहूं के लिए काफी उपयोगी है।



# माजरा में खुला खुशियों का बैंक

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के सौजन्य से माजरा में खुशियों का बैंक खोला गया है, जहां पर घर में जो भी सामान आपके इस्तेमाल का नहीं है, जैसे कपड़े, बर्तन, बिस्तर, किताबें, जूते आदि सामान आप खुशियों का बैंक माजरा में जमा करवा सकते हैं।

संस्था द्वारा यह सामान लेबर कॉलोनी और स्लम एरिया में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाता है या कोई भी जरूरतमंद माजरा खुशियों का बैंक जाकर यह सामान लेकर जा सकते हैं। इसके अलावा संस्था द्वारा खुशियों का बैंक माजरा में रोज शाम को निशुल्क ट्यूशन क्लास में आसपास के बच्चों को पढ़ाया जाता है इन बच्चों के साथ आप सब अपना जन्मदिन शादी की सालगिरह आदि खुशियों को बैंक माजरा में आकर मना सकते हैं तथा अपनी खुशियां इन बच्चों के साथ साझा कर सकते हैं। इसके अलावा संस्था द्वारा खुशियों का सहारा योजना के अंतर्गत आसपास के सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को गोद लिया गया है। इन बच्चों की पढ़ाई का खर्च जैसे नोटबुक किताबें ,पेंसिल, पेन, जूते, स्वेटर, बैग, फीस आदि संस्था द्वारा आप सबके सहयोग से किया जा रहा है। इन बच्चों की मदद के समाजसेवियों द्वारा जूते व स्वेटर दिए गए हैं संस्था में समाजसेवियों का हार्दिक धन्यवाद करती है। आप सब भी इन बच्चों की पढ़ाई संबंधी जरूरत को पूरा करने के लिए संस्था को सहयोग कर सकते हैं, जिससे यह जरूरतमंद बच्चे पढ़-लिखकर आने वाले समय में हमारे समाज का नाम रोशन कर अपने जीवन में सफल हो। अगर आपके आसपास कोई भी बच्चा 6 से 14 साल की उम्र का हो और वह स्कूल नहीं जाता है, तो उसे स्कूल भेजने के लिए आप हमारी मदद ले सकते हैं।



# सोलन के शामती बाइपास में सब्जियों से भरा ट्रक पलटा


शामती बाइपास पर ट्रक पलटने के बाद सड़क में बिखरी सब्जियां।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नेशनल हाईवे में वाहन हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हाईवे से जुड़े शामती बाइपास में रविवार सुबह एक और सड़क हादसा पेश आया, जब सब्जियों से लदा ट्रक सड़क किनारे पलट गया।

इससे ट्रक चालक को तो सुरक्षित बहार निकल गया पर सामान खराब हो गया। साथ ही ट्रक को भी भारी क्षति हुई है। ट्रक चंडीगढ़ से राजगढ़ की तरह जा रहा था। शामती बाइपास के तीखे मोड़ पर पहले भी मालवाहक वाहन पलटने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बावजूद इसके ब्लैक स्पोर्ट की मरम्मत नहीं की गई है। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला दर्ज कर लिया है।

# सांगना के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि बूथ नंबर-47 सागंना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना।

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत में रचनात्मक ऊर्जा की लहर चल रही है। मेड इन इंडिया मेड बाय इंडिया एनिमेशन दुनिया में चमक रहे हैं। प्रधानमंत्री ने महाकुंभ को एकता का महाकुंभ भी बताया। इसके साथ ही उन्होंने देशवासियों को नए साल की अग्रिम बधाइयां दीं। रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के इकलौते ऐसे नेता बन गए हैं कि लगातार तीन बार गुजरात के मुख्यमंत्री और लगातार तीन बार देश के प्रधानमंत्री बन गए हैं उनकी लोकप्रियता का लोहा पूरी दुनिया मानती है।








भूषण ज्वेलर्स सोलन ने दिवाली लक्की ड्रा ओपन किया। इस दौरान नाटी किंग कुलदीप शर्मा ने मालरोड पर नाटियों का समा बांधा। इस दौरान 3 टाटा टियागो गाड़ी और 5 होंडा एक्टिवा स्कूटी का ड्रा निकाला गया। कार्यक्रम में डीसी सोलन मनमोहन शर्मा बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए।


सोलन में दो दिन बारिश के बाद रविवार को मौसम साफ रहा। लोगों ने गुनगुनी धूप का आनंद लिया। शहर के चिल्ड्रन पार्क में भी लोग धूप का आनंद लेते दिखे।

# अटल टनल के दीदार को अभी करना होगा इंतजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

मनाली आ रहे पर्यटकों को अटल टनल के दीदार को अभी इंतजर करना होगा। रविवार कोक पर्यटकों ने नेहरूकुंड से सोलंग नाला तक बर्फ का आनंद लिया। सामान्य वाहनों को नेहरूकुंड तक ही जाने की अनुमति रही, जबकि फोर बाई फोर वाहनों में पर्यटक सोलंग नाला तक जा पहुंचे।

पर्यटकों ने नेहरूकुंड से सोलंग तक खिली धूप के बीच बर्फ की साहसिक खेलों का आनंद लिया। सुबह धूप खिलते ही पर्यटकों ने पर्यटन स्थलों का रुख किया। इस बीच मनाली बाजार से नेहरूकुंड तक पांच किमी लंबा जाम लगा। किराये के वाहन में घूमने गए सैलानी सुखी रहे। इन सैलानियों को आगे फोर बाई फोर वाहनों की सुविधा मिल गई, जिस कारण वो सोलंग नाला तक जा पहुंचे। मौसम साफ रहा तो सोमवार को सभी वाहनों को नेहरूकुंड से सोलांग नाला तक जाने की अनुमति दी जाएगी।




**बीआरओ** से सड़क किनारे से बर्फ हटाने का आग्रह किया गया है। सोमवार को धूप खिली रही तो सभी पर्यटक वाहनों को नेहरूकुंड से आगे सोलंग नाला तक भेजा जाएगा। पर्यटक वाहनों की आमद बढ़ने से ट्रैफिक जाम की समस्या गहराई है, लेकिन ट्रैफिक सुचारु रखने के हर संभव प्रयास जारी है। **केडी शर्मा डीएसपी मनाली।**

## 38 वाहनों सहित 212 सैलानियों को गंतव्य की ओर भेजा

**मौसम** साफ होते ही रविवार को सड़कों की बहाली का कार्य शुरू हो गया है। सनद रहे कि बर्फबारी के कारण लाहौल-स्पीति की सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ था। एसपी लाहौल-स्पीति ने बताया कि इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में जिला पुलिस ने बीआरओ के साथ संयुक्त प्रयास करते हुए लाहौल घाटी में रास्तों को सुरक्षित और सुचारू किया। सभी खतरनाक स्पॉट्स का विश्लेषण कर उन्हें सुरक्षित किया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही सिस्सू और उसके आसपास के क्षेत्र में फंसे हुए पर्यटकों को सहायता प्रदान की गई। रविवार को इन पर्यटकों को उनके गंतव्य की ओर सुरक्षित रूप से रवाना किया गया। इसी कड़ी में रविवार शाम 3 बजे से लेकर छह बजे तक कुल 38 वाहनों और 212 यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य की ओर रवाना किया गया। जिला पुलिस हमेशा ही लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए तत्पर है।

# पंजाबी खान की पत्नी की मदद को आगे आए दानी सज्जन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन के स्नेक मैन से मशहूर पंजाबी खान की पत्नी के उपचार के लिए स्थानीय लोग मदद के लिए आगे आए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान सोलन के दानी सज्जनों ने करीब 30 हजार रुपए की राशि जुटाई।

यह सिलसिला अभी जारी है। कोमा से बाहर आने के बाद पंजाबी खान की धर्मपत्नी का आईजीएमसी शिमला में उपचार चल रहा है। दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पोषण करने वाले पंजाबी खान मदद के लिए स्थानीय समाजसेवी मुकेश गुप्ता और उनके साथियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से उनके खाते में धनराशि जुटाई है।



# बरोटीवाला के झाड़माजरी में प्रयास संस्था के शिविर में 50 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बरोटीवाला के झाड़माजरी में प्रयास संस्था ने रक्तदान शिविर लगाया, जिसमें 50 लोगों ने रक्तदान किया।

शिविर का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि संस्था का यह पहला शिविर है और भविष्य में भी इस तरह के रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। शिविर में रोटरी एंड ब्लड बैंक रिसोर्सेज सेंटर सेक्टर-37 चंडीगढ़ की टीम ने डॉक्टर मनीष राय के नेतृत्व में रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर वासु जामवाल, नवीन शर्मा, राजेश शर्मा, अमरजीत, कपिल भाटिया, दीप कुमार आर्य, डीपी सिंह, दर्शन कुमार जैन, यादविंदर बंटी, गोवर्धन, नीलांबर, मनीष उपाध्यय, एजे सिंह, दीक्षित, लाल बाबू, अक्षय सुमित आदि उपस्थित थे।




**आयोजन** पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की लानाबाका पंचायत के भवन में बहुउद्देशीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

# आधुनिक मशीनों से की 350 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर कल्याण मंच सोलन और चूड़ेश्वर सेवा समिति सोलन इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की लानाबाका पंचायत के भवन में बहुउद्देशीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

इसमें 350 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच आधुनिक मशीनों से की गई। शिविर का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य आनंद परमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप गोयल एमएस (सर्जरी) (एफएमएएस), डॉ. राकेश वर्मा, सर्जन (नाक, कान, गला रोग), डॉ. कुणाल बंसल, हड्डी रोग विशेषज्ञ (स्पाइन एवं जोड़ रोग), डॉ. अमित शर्मा (आई सर्जन), डॉ. लोकेश ममगाई, विशेषज्ञ (आयुर्वेद चिकित्सा) और डॉ. भावना शर्मा महिला रोग चिकित्सक ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में मरीजों के हड्डियों से संबंधित टेस्ट निशुल्क किए गए। लानाबाका, बागथन, मानगढ़ आदि पंचायतों के लोगों ने शिविर में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर सिरमौर कल्याण मंच सोलन के प्रधान प्रदीप ममगई, महासचिव यशपाल कपूर, लानाबाका पंचायत के प्रधान कुलदीप जसवाल, बागथन पंचायत की प्रधान सरोज, बलदेव चौहान, प्रदीप पुंडीर, संजय चौहान, नवीन निश्चल, संदीप शर्मा, सतपाल ठाकुर, योगराज, मनोज पुंडीर, हरिंद्र ठाकुर आदि मौजूद रहे।


निशुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचे लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### महाकाली का 29वां विशाल भंडारा आयोजित



**चंडीगढ़।** समाजसेवा और लोक कल्याण की भावना से प्रेरित होकर, सेक्टर 22 बी में महाकाली का 29वां विशाल भंडारा और भजन संध्या धूमधाम से आयोजित की गई। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व प्रख्यात समाजसेवी विनोद शाही ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत माता महाकाली की विधिवत पूजा-अर्चना और अनुष्ठान से हुई, जिसके उपरांत माता की जोत प्रज्वलित की गई। इस अवसर पर अशोक शाही, विवेक शाही, दिव्या शाही, भद्र शाही और अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। भंडारे से पहले भजन संध्या का विशेष आयोजन किया गया। भजन गायकों हैप्पी शर्मा और सोनू शर्मा ने माता के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या की शुरुआत श्री गणेश वंदना 'मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे, मनाओ जी गणेश भक्त ों' से हुई। इसके बाद 'अज मैं दर्श मैया दा किता,' 'चलो बुलावा आया है,' 'मेरी माँ पंच रंग सतरंग,' और 'रण में कूद पड़ी महाकाली' जैसे भजनों ने भक्ति मय वातावरण बना दिया।

### करंट लगने से फरीदाबाद में श्रमिक की मौत

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद शहर के सेक्टर-15 में शनिवार को काम करने आये मजदूर की मौत हो गई। टाइल तोड़ते समय उसे करंट लग गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सामान्य अस्पताल भिजवाया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मरने वाले श्रमिक की पहचान मनोज (30) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि मरने वाले के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### पटियाला में सिख कार्यकर्ता पर गोलीबारी

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला जिले में अज्ञात हमलावरों ने सिख कार्यकर्ता बख्शीश सिंह की कार पर गोलीबारी की जिसमें वह बाल-बाल बच गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना अर्बन एस्टेट के पास पटियाला साउथ बाईपास रोड पर देर रात करीब डेढ़ बजे घटी। पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नानक सिंह के अनुसार घटना की जांच की जा रही है और अर्बन स्टेट पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बाबा बख्शीश सिंह समाना के पास गुरुद्वारा करहाली साहिब से एसएसटी नगर स्थित अपने आवास पर लौट रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उनकी कार पर गोलीबारी की। बख्शीश सिंह बंदी सिंहों सहित विभिन्न मुद्दों को उठाते रहे हैं। सूत्रों के अनुसार बख्शीश सिंह की कार पर दो या तीन गोलियां चलाई गईं, लेकिन वह सुरक्षित बच निकलने में सफल रहे। बंदी सिंह वे लोग हैं जिनके बारे में शिरोमणि अकाली दल जैसे राजनीतिक दलों का दावा है कि वे अपनी सजा पूरी होने के बाद भी जेलों में हैं।

### सिद्धू ने राष्ट्रपति मुर्मू को पत्र लिखा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस की पंजाब इकाई के वरिष्ठ नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि राजघाट परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने के संबंध में वह केंद्र सरकार को निर्देश दें। सिद्धू का यह पत्र कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार पर देश के पहले सिख प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अपमान करने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद सामने आया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि सिंह के अंतिम संस्कार के लिए कोई यथोचित स्थान नहीं दिया गया जहां बाद में उनका स्मारक बनाया जा सके।

### ओडिशा में बस पलटी, चार की मौत, 40 जख्मी



**कोरापुट।** ओडिशा के कोरापुट जिले में रविवार सुबह एक बस के पलट जाने से चार यात्रियों की मौत हो गई और 40 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा बोइपारीगुडा थाना क्षेत्र में गुप्तेश्वर के पास डोकरीघाट में तड़के करीब साढ़े पांच बजे हुआ। बस कटक के नियाली से लगभग 50 श्रद्धालुओं को लेकर गुप्तेश्वर मंदिर जा रही थी। एक अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ और पुलिस ने घायल यात्रियों को बचाया तथा उन्हें बोइपारीगुडा अस्पताल में भर्ती कराया। संदेह है कि पहाड़ी सड़क के कठिन मोड़ पर वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया।

### गोलीकांडः हरियाणा में 15 पुलिस कर्मी सस्पेंड

**यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर में लेडी लखा सिंह गोलीकांड में बड़ा एक्शन हुआ है। एसपी ने जांच के बाद 15 पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। खेडी लखा सिंह चौकी इंचार्ज सहित चौकी में तैनात सभी कर्मचारियों को सस्पेंड किया। एसपी ने माना कि 100 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी होने पर पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

### असम में 15 करोड़ की ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में दो लोगों को गिरफ्तार कर 15 करोड़ रुपए की कीमत की मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप जब्त की है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर कहा कि 15 करोड़ रुपए की कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए गए। विश्वसनीय जानकारी के आधार पर कछार पुलिस ने घुंघुर बाईपास पर एक विशेष अभियान चलाया और पड़ोसी राज्य से आ रहे एक वाहन को रोका। शर्मा ने कहा कि गहन तलाशी के बाद शनिवार को पांच पैकेटों में छिपाकर रखी गई 50,000 याबा की गोलियां बरामद की गईं।

### अरुणाचल में चीन निर्मित 'असॉल्ट' राइफलें बरामद

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में चीन निर्मित 'असॉल्ट' राइफलें बरामद की गईं। रक्षा विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि सेना और असम राइफल्स ने पुलिस के साथ मिलकर ड्रोन, खोजी कुत्तों व धातु का पता लगाने वाले उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए एक संयुक्त अभियान चलाया, जिसमें यह बरामदगी की गई।

# पंजाब में महिलाओं को 1000 रुपए देने में विफल रही 'आप': रवनीत बिट्टू

**एजेंसी, लुधियाना**

केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी पंजाब में हर महिला को 1,000 रुपए देने का अपना चुनावी वादा पूरा करने में विफल रही और अब चुनाव से पहले दिल्ली में भी इसी के 'समान झूठ फैला रही' है।

रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री बिट्टू ने आरोप लगाया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री का धोखा देने का सिद्ध रिकॉर्ड है, और उनके खोखले वादे ऐसे नहीं जिस पर भरोसा किया जा सके।

उन्होंने आगे कहा कि पंजाब में आप सरकार ने अभी तक महिलाओं को 1,000 रुपए प्रति माह नहीं दिए हैं, जो कि 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी द्वारा किया गया वादा था। भारतीय जनता पार्टी के नेता बिट्टू ने 'एक्स' पर कहा, 'केजरीवाल का 2022 में पंजाब की हर महिला को 1,000



**भाजपा नेता ने कहा- अब 'आप' फिर से दिल्ली में इसी तरह का झूठ फैला रही**

रुपए देने का वादा एक सरासर झूठ था, मतदाताओं को लुभाने की एक धोखेबाजी थी। तीन साल बीत चुके हैं और पंजाब की महिलाएं अब भी इस वादे के मुताबिक वित्तीय सहायता का इंतजार कर रही हैं।'

बिट्टू ने आरोप लगाया, 'अब वह फिर से दिल्ली में इसी तरह का झूठ फैला रहे हैं और दिल्ली की महिलाओं को 2,100 रुपए देने का वादा कर रहे हैं। यह एक बार फिर मतदाताओं को गुमराह करने का एक विश्वासघाती प्रयास है।'

बिट्टू ने कहा, 'मैं दिल्ली के मतदाताओं से अनुरोध करता हूं केजरीवाल पर भरोसा न करें। उनका धोखा देने का पुराना रिकॉर्ड है, और उनके खोखले वादे भरोसे के लायक नहीं हैं। पंजाब की महिलाएं पहले ही उनके झूठे आश्वासनों का शिकार हो चुकी हैं; दिल्ली की महिलाओं को भी उनका शिकार न होने दें।''

दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के अपने बजट में सभी वयस्क महिलाओं को 1,000 रुपए प्रति माह प्रदान करने की योजना की घोषणा की।

अरविंद केजरीवाल ने हालांकि, हाल ही में घोषणा की कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद अगर उनकी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटती है तो यह राशि बढ़ाकर 2,100 रुपए कर दी जाएगी।

## बाइक शोरूम में भड़की आग, करोड़ों का नुकसान

**लुधियाना।** लुधियाना के बस्ती जोधेवाल के पास स्थित टीवीएस अलियांस मोटरसाइकिल शोरूम में रविवार सुबह करीब तीन बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने इतना भयानक रूप ले लिया कि दूर-दूर तक आग की लपटें दिखाई देने लगी। राहगीर ने आग की लपटें देख इसकी जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद एक एक कर फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंची जिन्होंने करीब चार घंटे बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह से शोरूम मालिकों का करीब दो से अढ़ाई करोड़ रुपए का नुकसान हो गया। शोरूम के ऊपर वाली मजिल पर पड़े करीब 100 दो पहिया वाहन और बाकी ग्राहकों के खड़े वाहन के साथ साथ स्पेयर पार्ट्स जल कर राख हो गए। आशंका जताई जा रही है कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी है।

## औली को बनाएंगे विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल: सांसद बलूनी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

उत्तराखंड के सांसद अनिल बलूनी ने रविवार को राज्य के लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट स्थल औली को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर जोर दिया।

लोकसभा में गढ़वाल का प्रतिनिधित्व करने वाले बलूनी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि औली की यात्रा के दौरान उन्हें स्कीयर, प्रशिक्षकों और व्यवसाय से जुड़े लोगों से मिले सुझावों ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि स्थल को एक प्रमुख साहसिक क्रीड़ा केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। भाजपा नेता ने कहा कि वह औली में विश्व स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित कराने का प्रयास कर रहे हैं, जहां स्कीयर को भी प्रशिक्षण दिया जा सके।

बलूनी ने कहा कि वह रात्रि स्कीइंग के लिए बुनियादी ढांचा भी विकसित करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि पर्यटक खेल और मनोरम दृश्यों का भी आनंद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर साल बड़ी संख्या में भारतीय स्की-प्रेमी यूरोप जाते हैं। उन्होंने कहा कि औली में उनके और पर्यटकों के लिए एक भव्य गंतव्य विकसित किया जाएगा।

सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि इस जगह की उल्लेखनीय स्कीइंग ढलानें विदेश से भी लोगों को आकर्षित करेंगी।

## डल्लेवाल से जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने की भेंट

**एजेंसी, चंडीगढ़**

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने खनौरी सीमा प्रदर्शन स्थल पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से भेंट की, जो किसानों की विभिन्न मांगों के समर्थन में एक महीने से अधिक समय से अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं।

वांगचुक ने आंदोलन की अगुआई कर रहे दो किसान संगठनों के विभिन्न नेताओं की मौजूदगी में डल्लेवाल (70) से मुलाकात की।

भेंट के बाद वांगचुक ने मीडियाकर्मियों से कहा कि उनकी मुलाकात ''मुख्य रूप से, लद्दाख के लोगों की ओर से शुभकामनाएं देने और समर्थन जताने देने के लिए थी।'' उन्होंने कहा कि लंबे समय से अनशन कर रहे डल्लेवाल



मुश्किल से बोल पा रहे थे और उनसे मिलने का उद्देश्य कोई लंबी बातचीत नहीं बल्कि सिर्फ समर्थन देना था।

वांगचुक ने लोगों से किसानों के प्रति सहानुभूति रखने की अपील करते हुए कहा, ''हम जो भोजन करते हैं, वह किसानों द्वारा पैदा किया जाता है।'' डल्लेवाल की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का रविवार को 34वां दिन था।

## छह लाख सैनिटरी पैड्स बांटे

**चंडीगढ़ ।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3080 इंडिया द्वारा 24 घंटे के भीतर 6 लाख सैनिटरी पैड्स बांटकर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया।

इस अवसर पर करवाए गए कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डीजी, आरटीएन राजपाल सिंह और विशेषातिथि के रूप में गुरजोत सिंह महासचिव, चंडीगढ़ गुरुद्वारा स्थापना कमेटी सेक्टर 22-डी और हर्षहिंदर पाल सिंह बराड़, डायरेक्टर स्कूल शिक्षा चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन ने शिरकत की।

राजपाल सिंह ने रोटरी क्लब के कामों को सराहते हुए कहा कि रोटरी क्लब ऐसे सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहता है। उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाने पर रोटरी क्लब सेंट्रल को बहुत बहुत बधाई दी।

## अंबाला में युवाओं को दिए सरकारी परीक्षाओं में कामयाबी के टिप्स

**जगदीश शर्मा, अंबाला**

अंबाला में आज क्रैक अकादमी ने 'सरकारी नौकरी मेला' का आयोजन किया। यह मेला सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए खास मौका लेकर आया। सैकड़ों छात्रों और प्रोफेशनल्स ने इसमें हिस्सा लिया और तैयारी से जुड़ी अहम जानकारियां हासिल की। इस मेले में एक्सपर्ट मेंटर्स और शिक्षकों ने छात्रों को सरकारी परीक्षाओं के पैटर्न, कठिन सवालों को हल करने के तरीके और पढ़ाई का सही तरीका अपनाने जैसे विषयों पर सलाह दी।

अलग-अलग वकशॉप्स के जरिए पढ़ाई की तकनीक और परीक्षा में सफलता के लिए जरूरी टिप्स भी



दिए गए। अकादमी के फाउंडर और सीईओ नीरज कंसल ने कहा कि सरकारी नौकरी मेला सिर्फ एक इवेंट नहीं है, बल्कि युवाओं को उनकी मंजिल तक पहुंचाने का हमारा प्रयास है। हम चाहते हैं कि हर उम्मीदवार मेहनत के साथ सही तैयारी और आत्मविश्वास से सरकारी परीक्षाओं में कामयाब हो।

ऐसे आयोजनों से युवाओं को न सिर्फ प्रेरणा मिलती है, बल्कि तैयारी के सही तरीके भी सीखने को मिलते हैं, ताकि वे हर चुनौती का डटकर सामना कर सकें। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

## सूरज के सबसे करीब पहुंचा स्पेसक्रॉफ्ट 982 डिग्री तापमान में भी सुरक्षित रहा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** की अंतरिक्ष एजेंसी नासा के स्पेसक्राफ्ट पार्कर सोलर प्रोब ने सूरज के बेहद करीब पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया है। नासा का यह यान सूरज से करीब 61 लाख किलोमीटर की दूरी से गुजरा। यह दुनिया का पहला यान है, जिसने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है।

**एक जनवरी से भेजेगा डाटा**

एजेंसी ने कहा कि पार्कर सोलर प्रोब यान पहली जनवरी को अपनी स्थिति और खोजों का विस्तृत डाटा भेजेगा। सूरज के पास से गुजरते समय स्पेसक्राफ्ट की स्पीड 6.9 लाख किमी/घंटा से अधिक थी। उस वक्त यह यान



982 डिगी सेल्सियस गर्मी झेल रहा था। इतनी तेज गर्मी के बावजूद यान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पार्कर सूरज के जिस बाहरी वातावरण से गुजरा उसे कोरोना कहते हैं। यह सूर्य और हमारे सौर मंडल पर इसके प्रभाव को समझने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नासा के इस मिशन का मकसद पृथ्वी के सबसे करीबी तारे सूरज के बारे में ज्यादा जानकारी इकट्ठा करना है।

## अफगान की गोलीबारी में एक पाक सैनिक की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सीमा चौकियों पर अफगान तालिबान बलों की ओर से की गई गोलीबारी में पाकिस्तानी अर्धसैनिक बल के एक जवान की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। गोलीबारी की यह घटना पाकिस्तान की ओर से प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकवादियों को निशाना बनाकर किए गए हमलों के कुछ दिन बाद हुई। रक्षा विभाग के सूत्रों ने कहा कि अफगान सैनिकों ने शनिवार सुबह 'अपर कुर्रम' जिले में कई पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर बिना उकसावे के गोलीबारी की। सूत्रों ने बताया कि अफगान सैनिकों ने घोजगढ़ी, माथा संगर, कोट राघा और तारी मेंगल इलाकों में स्थित सीमा चौकियों पर हल्के व भारी हथियारों से गोलीबारी की।

## भाजपा अनुचित तरीके से जीतना चाहती चुनाव, मतदान सूची से छेड़छाड़: केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भाजपा पर दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में हेरफेर करने का आरोप लगाया।




राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के साथ संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा मजबूत उम्मीदवार या मुद्दे पेश करने में विफल रहने के बाद अनुचित तरीकों से चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा पहले ही चुनाव हार चुकी है। उसके पास मुख्यमंत्री पद का चेहरा या उचित उम्मीदवार भी नहीं है। उसका लक्ष्य केवल जोड़-तोड़ करके जीतना है, लेकिन हम उसे सफल नहीं होने देंगे। आरोप लगाया कि भाजपा ने अकेले एक निर्वाचन क्षेत्र में 11,000 मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन दाखिल किए थे, लेकिन मुख्य निर्वाचन आयुक्त के हस्तक्षेप के बाद इस कदम को रोक दिया गया। केजरीवाल ने कहा कि 15 दिसंबर को बड़े पैमाने पर अभियान शुरू हुआ, जिसके तहत उनके विधानसभा क्षेत्र नई दिल्ली में अब तक 5,000 मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन और 7,500 मतदाताओं के नाम जोड़ने के अनुरोध दाखिल किए गए हैं।

## 2025 में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए उत्पादन, पारेषण ढांचे को बढ़ाएगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** 2025 में सभी को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अधिक कोयला आधारित और पनबिजली संयंत्र स्थापित करेगा तथा पारेषण ढांचे को मजबूत करेगा।

बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए सरकार ने बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि और पारेषण बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए एक बड़ी योजना तैयार की है।

बिजली राज्यमंत्री श्रीपद येसो नाइक के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मंत्रालय के सभी प्रयासों से भारत निश्चित रूप से सभी के लिए चौबीसों घंटे सातों दिन बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल कर सकता है।

## दिल्ली में मुठभेड़ के बाद 2 वांछित अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को पश्चिमी दिल्ली में मुठभेड़ के बाद सशस्त्र डकैती समेत करीब 80 मामलों में शामिल दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि संदिग्धों को तड़के करीब साढ़े चार बजे देखा गया। जब पुलिस ने उन्हें रुकने के लिए कहा तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जो कुछ पुलिस कर्मियों की बुलेटप्रूफ जैकेट पर जा लगीं, हालांकि कोई घायल नहीं हुआ।

## लोकसभा चुनाव 2024: प्रवासी भारतीय वोटरों की चुनावी भागीदारी कम: निर्वाचन आयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रवासी** भारतीयों ने मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने में काफी उत्साह दिखाया और करीब 1.2 लाख लोगों ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया, लेकिन इस साल लोकसभा चुनाव में बहुत कम लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने आए। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में 1,19,374 प्रवासी भारतीय मतदाताओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें केरल में सबसे अधिक 89,839 प्रवासी भारतीयों ने पंजीकरण कराया। 2019 में, 99,844 प्रवासी भारतीयों ने पंजीकरण कराया था। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए केवल 2,958 प्रवासी मतदाता ही भारत आए। इनमें से 2,670 मतदाता अकेले केरल से थे। कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जैसे कई बड़े राज्यों में प्रवासी मतदाताओं का मतदान में कोई योगदान नहीं देखा गया।

## भारत का ऑस्ट्रेलिया को निर्यात 64.4% बढ़ा: वाणिज्य मंत्रालय

**एजेंसी, दिल्ली**

**भारत** का ऑस्ट्रेलिया को निर्यात नवंबर में सालाना आधार पर 64.4 प्रतिशत बढ़कर 64.37 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया का भारत के साथ व्यापार करार है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। कपड़ा, रसायन और कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि की वजह से ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात बढ़ा है।

हालांकि, अप्रैल-नवंबर, 2024-25 के दौरान ऑस्ट्रेलिया को वस्तुओं क निर्यात सालाना में आधार पर 5.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 5.56 अरब डॉलर रह गया। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने 29 दिसंबर, 2022 को एक अंतरिम व्यापार समझौता-आर्थिक सहयोग



और व्यापार समझौता (ईसीटीए) लागू किया था। अब समझौते के दायरे को व्यापक बनाने और इसे व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सीईसीए) बनाने के लिए दोनों देश बातचीत कर रहे हैं। ईसीटीए के दो साल पूरे होने पर वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि इस समझौते से भारतीय निर्यातकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ी है और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले (एमएसएमई) उद्योगों तथा किसानों के लिए अवसरों का विस्तार हुआ है।

## 100 मीटर पानी के नीचे और जमीन से 120 मीटर ऊपर ड्रोन से होगी निगरानी

**एजेंसी, महाकुंभ नगर**

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने नए वर्ष की शुरुआत में आयोजित होने वाले प्रयागराज के महाकुंभ में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं, जिसके तहत 100 मीटर पानी के नीचे और जमीन से 120 मीटर ऊपर निगरानी करने में सक्षम ड्रोन की तैनाती की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस भव्य आयोजन में 45 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के शामिल होने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश में अगले साल 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले ग्रह के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक महाकुंभ के दौरान पहली बार संगम क्षेत्र में पानी के नीचे ड्रोन तैनात किए जाएंगे और 'टेथर्ड ड्रोन'



हवाई क्षेत्र से रक्षा करेंगे। इस साल अयोध्या में राम मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान जिस ड्रोन रोधी प्रणाली को पहली बार तैनात किया गया था, उसका इस्तेमाल महाकुंभ के दौरान भी किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने ने कहा था कि संगम स्नान के दौरान हर व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत व्यवस्था की गई है। पानी के नीचे नजर रखने वाले ये ड्रोन संभवत: चौबीसों घंटे निगरानी करेंगे और ये कम रोशनी में भी प्रभावी ढंग से काम कर सकते हैं।

## जयपुर में गैस रिसाव मामले में अधिकारियों को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने राजस्थान की राजधानी में संदिग्ध गैस रिसाव के बाद कई विद्यार्थियों के अस्पताल में भर्ती होने से संबंधित मामले में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जयपुर के जिलाधिकारपी से जवाब तलब किया है। जयपुर के महेश नगर क्षेत्र में 15 दिसंबर को एक कोचिंग संस्थान के 10 बच्चों को पास के नाले से संदिग्ध गैस रिसाव के कारण बेहोश होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने 24 दिसंबर को दिए आदेश में कहा कि खबर में यह नहीं बताया गया कि गैस रिसाव के पीड़ितों को कोई मुआवजा दिया गया या नहीं।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन की अस्थियां यमुना में विसर्जित



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पूर्व** प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियां उनके परिवार के सदस्यों ने सिख रीति-रिवाजों के अनुसार मजनू का टीला गुरुद्वारा के निकट यमुना नदी में विसर्जित कर दीं। इस दौरान मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर, उनकी तीन बेटियां उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह अन्य रिश्तेदारों के साथ इस मौके मौजूद थीं। परिवार सिख रीति-रिवाजों के अनुरूप एक जनवरी को 3, मोतीलाल नेहरू मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास पर 'अखंड पाठ' का आयोजन करेगा। संसद परिसर के पास रकाबगंज गुरुद्वारे में 3 जनवरी को भोग, अंतिम अरदास और कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

# भारतीय खेलों के लिए ऐतिहासिक सफलताओं से भरा रहा वर्ष 2024

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एक क्रिकेट विश्व कप, आधा दर्जन ओलंपिक पदक और दो शतरंज विश्व चैंपियन। वर्ष 2024 ने भारतीय खेल प्रशंसकों को जश्न मनाने के कई मौके दिए, जिससे खेलों की दुनिया में देश का भविष्य उज्जवल नजर आता है।

यूं तो वर्ष 2024 ने भारतीय खेलों में कुछ यादगार पल जोड़े, लेकिन जिन तारीखों को याद किया जाएगा उनमें 29 जून, 30 जुलाई, 12 दिसंबर और 28 दिसंबर शामिल हैं। भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम 2036 ओलंपिक की मेजबानी के इरादे का औपचारिक आशय पत्र सौंपना रहा। यह एक ऐसा कदम है, जिसमें देश के खेल परिदृश्य को बदलने की क्षमता है।

बारबाडोस में 29 जून की उमस भरी शाम को रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मैचों में बाहर होने से एक दशक से भी अधिक समय तक चल इंतजार को खत्म करते हुए टी-20 विश्व कप खिताब जीता। यह देश के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण उपलब्धि थी।

30 जुलाई को पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर आजादी के बाद एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी। दूसरी तरफ टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को पेरिस ओलंपिक में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत को मौजूदा विश्व चैंपियन से स्वर्ण पदक की उम्मीद थी, लेकिन अंततः ऐसा नहीं हुआ क्योंकि वह पाकिस्तान के अरशद नदीम से हार गए, जिन्होंने खेलों के 16 साल पुराने रिकॉर्ड को एक बार नहीं बल्कि दो बार तोड़ा।



भारत पेरिस में ओलंपिक इतिहास फिर से लिख सकता था, लेकिन आखिर में वह एक रजत और पांच कांस्य सहित छह पदकों के साथ इस खेल महाकुंभ में भाग लेने वाले 206 देशों के बीच 71वें स्थान पर रहा। पिछले चार महीनों में शतरंज बोर्ड भारत के लिए खुशहाली का मैदान बन गया है, जहां पुरुष और महिला दोनों टीमों ने सितंबर में पहली बार ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीते हैं वहीं डी गुकेश और कोनेरू हम्पी ने दिसंबर में विश्व खिताब के साथ नई ऊंचाइयों को छुआ। गुकेश 12 दिसंबर को 18 साल की उम्र में चीन की डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने जबकि 37 वर्षीय हम्पी ने 28 दिसंबर को अपने करियर में दूसरी बार महिलाओं का रैपिड विश्व खिताब जीता।

पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए एक और प्रमुख आकर्षण पुरुष हॉकी टीम का लगातार दूसरा पदक (कांस्य) जीतना भी रहा। पेरिस ओलंपिक में हालांकि कुछ चूक भी हुई, जिसका मलाल आगे भी रहेगा। पेरिस पैरालिंपिक में अपने रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन के साथ पैरा खिलाड़ियों और अनुभवी टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना की 44 वर्ष की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल खिताब की जीत ने भी एक अमिट छाप छोड़ी।

भारत ने पैरालंपिक खेलों में सात स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य सहित कुल 29 पदक जीते। वह पदक तालिका में 18वें स्थान पर रहा। अवनी लेखरा, सुमित अंतिल, मरियप्पन थंगावेलु, शीतल देवी, नितेश कुमार, प्रवीण कुमार, नवदीप सिंह, हरविंदर सिंह और धरमबीर जैसे पैरा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन के कारण नए नायक बनकर उभरे।

मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला, अयहिका मुखर्जी, सुतीर्था मुखर्जी और दीया चितले की महिला टेबल टेनिस टीम ने भी इतिहास रचा। उन्होंने कजाकिस्तान के अस्ताना में एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक (कांस्य) हासिल किया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### नस्लवादी घटना के बाद अर्जेंटीना की महिला फुटबॉल खिलाड़ी रिहा

**साओ पाउलो।** साओ पाउलो राज्य के जेल प्रशासन सचिवालय ने कहा कि रिवर प्लेट महिला फुटबॉल टीम की चार खिलाड़ियों को रिहा कर दिया गया है, जिन्हें एक मैच के दौरान कथित नस्लीय अपशब्द बोलने के लिए गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश फर्नांडो ओलिवेरा कैमार्गो ने अर्जेंटीना की फुटबॉल खिलाड़ियों कैंडेला डियाज, कैमिला डुआर्टे, जुआना कैंगारो और मिलाग्रोस डियाज को इस शर्त पर जेल से रिहा कर दिया कि वे मामले के खत्म होने तक हर महीने साओ पाउलो की अदालत में पेश होंगी।

### असमान उछाल में बल्लेबाजी करना हो सकता है मुश्किल : लाबुशेन

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया की तरफ से चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले मार्नस लाबुशेन ने कहा कि भारत के लिए ऐसे विकेट पर लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो सकता है, जिसमें असमान उछाल है। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में नौ विकेट पर 228 रन बनाए हैं और उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो गई है। लाबुशेन से जब पूछा गया कि 5वें दिन पिच का व्यवहार कैसा होगा, उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है की पहली पारी में पिच से कुछ मूवमेंट मिल रहा था। निश्चित रूप से पहले 40 से 50 ओवर तक रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ उछाल कम और असमान हो गई। इसलिए हमने देखा कि अधिकतर गेंद विकेट को निशाना बनाकर की गई।'' उन्होंने कहा, ''सीम मूवमेंट शायद पहले जैसा ही है लेकिन अब कम गेंद उछाल ले रही है और ऐसे में बल्लेबाजी करना मुश्किल हो जाता है।''

### आशी चौकसे ने महिला थ्रीपी में पहला राष्ट्रीय खिताब जीता

**भोपाल।** स्थानीय निशानेबाज आशी चौकसे 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा में अंजुम मौदगिल और श्रेयंका सदांगी जैसी बेहतरीन निशानेबाजों को पछाड़कर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीतने में सफल रही। आशी ने अपनी घरेलू रेंज (एमपी स्टेट अकादमी) में 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप 466.7 का शानदार स्कोर किया। वह दो बार की ओलंपियन अंजुम से 3.1 अंक के बड़े अंतर से आगे रही। महाराष्ट्र की उभरती निशानेबाज साक्षी सुनील पाडेकर ने 451.3 के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

### क्रिकेटर जावेरिया खान बहुत आकर्षक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की 31 वर्षीय महिला क्रिकेटर जावेरिया खान बहुत आकर्षक और खूबसूरत है। वे हमेशा अपने परफॉर्मेंस के दम पर सभी का दिल जीतती आई हैं और खूबसूरती में भी वे किसी से कम नहीं है। उन्होंने 98 वनडे और 90 टी-20 मैच खेले हैं।



### अगर नतीजे नहीं आए तो टेनिस को कह देगी अलविदा : ओसाका

**वेलिंगटन।** चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने कहा कि अगर उनके नतीजे उनकी उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे तो वह टेनिस को अलविदा कह देंगी। जापान की 27 वर्षीय खिलाड़ी



अक्तूबर में चाइना ओपन में लगी पीठ की चोट के बाद वापसी करते हुए अपना पहला मैच सोमवार को ऑकलैंड में एएसबी टेनिस क्लासिक में खेलेंगी जिसमें पहले दौर में उनका सामना इस्राइल की लिना ग्लूश्को से होगा। ओसाका ने ऑकलैंड में टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 2024 में उन्होंने अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए लगभग 15 महीने के ब्रेक के बाद अपना पेशेवर करियर फिर से शुरू किया और वह सत्र का अंत 58वें स्थान पर रहीं। ओसाका ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसी खिलाड़ी हूं जो उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं रहने पर खेलती रहे।'' उन्होंने कहा, ''मैं टूर पर मौजूद सभी खिलाड़ियों का बहुत सम्मान करती हूं, लेकिन मैं अभी अपने जीवन के जिस मुकाम पर हूं, उसे देखते हुए अगर मैं एक निश्चित रैंकिंग से ऊपर नहीं हूं तो मैं खुद को खेलते हुए नहीं देखूंगी।''

## मेलबोर्न टेस्ट

### ऑस्ट्रेलिया का दूसरी पारी में स्कोर 228/9, बुमराह ने झटके चार विकेट

# कंगारुओं की बढ़त 300 पार

**एजेंसी, मेलबोर्न**

जसप्रीत बुमराह की तूफानी गेंदबाजी के बाद निचले क्रम की उम्दा बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में नौ विकेट पर 228 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 333 रन करके मैच पर शिकंजा कस दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 105 रन की बढ़त हासिल करने के बाद बुमराह और मोहम्मद सिराज की धारदार गेंदबाजी के सामने दूसरी पारी में 91 रन तक छह विकेट गंवा दिए थे। मार्नस लाबुशेन और कप्तान पैट कमिंस ने इसके बाद 7वें विकेट के लिए 57 और फिर नाथन लियोन और स्कॉट बोलैंड ने अंतिम विकेट के लिए 55 रन की अटूट साझेदारी करके टीम की कुल बढ़त को 300 रन के पार पहुंचाया।

ऑस्ट्रेलिया के 8वें, 10वें और 11वें नंबर के बल्लेबाजों ने लगभग 35 ओवर बल्लेबाजी की और अगर भारतीय बल्लेबाज अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन नहीं करते हैं तो मेजबान टीम के निचले क्रम का यह प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है।

बुमराह ने सटीक लेंथ, परेशान करने वाली उछाल और अंतिम समय में मिल रही मूवमेंट से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने अंतिम सत्र में टीम का पलड़ा भारी रखने का मौका गंवा दिया। बुमराह हालांकि दुर्भाग्यशाली भी रहे जब लियोन के रूप में पारी में 5वां विकेट नहीं ले पाए क्योंकि गेंदबाजी करते हुए उनका पैर क्रीज से बाहर निकल गया और यह नोबॉल हो गई।

लोकेश राहुल ने तब स्लिप में कैच लपक लिया था। भारत के लिए जीत अब भी असंभव नहीं है, लेकिन इसके लिए उसे अपने सीनियर बल्लेबाजों और ऋषभ पंत से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लाबुशेन ने काफी जुझारू पारी खेली, लेकिन भारत को अधिक नुकसान यशस्वी जायसवाल के तीन कैच छोड़ने से हुआ।

लाबुशन भी 47 रन पर पैवेलियन लौट जाते अगर जायसवाल ने आकाश दीप की गेंद पर तीसरी स्लिप में उनका आसान कैच लपक लिया होता।

भारत ने सुबह के लंबे सत्र में नीतिश कुमार रेड्डी (114) के शानदार शतक की बदौलत पहली पारी में 369 रन बनाए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को 105 रन की बढ़त हासिल करने में नहीं रोक पाया।





### स्कोर बोर्ड

ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) 474/10

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल (रन आउट) | 82 | 118 | 11/1 |
| रोहित क. बोलैंड ब. कमिंस | 03 | 05 | 0/0 |
| राहुल ब. कमिंस | 24 | 42 | 3/0 |
| कोहली क. कैरी ब. बोलैंड | 36 | 86 | 4/0 |
| आकाशदीप क. लियोन ब. बोलैंड | 00 | 13 | 0/0 |
| पंत क. लियोन ब. बोलैंड | 28 | 37 | 3/0 |
| जडेजा पगबाधा ब. लियोन | 17 | 51 | 3/0 |
| नीतिश क. स्टॉर्क ब. लियोन | 114 | 189 | 11/1 |
| सुंदर क. स्मिथ ब. लियोन | 50 | 162 | 1/0 |
| बुमराह क. ख्वाजा ब. कमिंस | 00 | 03 | 0/09 |
| सिराज (नाबाद) | 04 | 15 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 11 | | |
| कुल : (119.3 ओवर) | 369/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-8, 2-51, 3-153, 4-154, 5-159, 6-191, 7-221, 8-348, 9-350, 10-369.

**गेंदबाजी :** स्टॉर्क 25-2-86-0, कमिंस 29-6-89-3, बोलैंड 27-7-57-3, लियोन 28.3-4-96-3, मार्श 7-1-28-0, हैड 3-0-11-0.

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सैम ब. बुमराह | 08 | 18 | 1/0 |
| ख्वाजा ब. सिराज | 21 | 65 | 2/0 |
| लाबुशेन पगबाधा ब. सिराज | 70 | 139 | 3/0 |
| स्मिथ क. पंत ब. सिराज | 13 | 41 | 1/0 |
| हैड क. नीतिश ब. बुमराह | 01 | 02 | 0/0 |
| मार्श क. पंत ब. बुमराह | 00 | 04 | 0/0 |
| कैरी ब. बुमराह | 02 | 07 | 0/0 |
| कमिंस क. रोहित ब. जडेजा | 41 | 90 | 4/0 |
| स्टॉर्क (रन आऊट) | 05 | 13 | 0/0 |
| लियोन (नाबाद) | 41 | 54 | 5/0 |
| बोलैंड (नाबाद) | 10 | 65 | 1/0 |
| अतिरिक्त | 16 | | |
| कुल : (82 ओवर) | 228/9 | | |

**विकेट पतन** : 1-20, 2-43, 3-80, 4-85, 5-86, 6-91, 7-148, 8-156, 9-173.

**गेंदबाजी :** बुमराह 24-7-56-4, आकाशदीप 17-4-53-0, सिराज 22-4-66-3, जडेजा 14-2-33-1, नीतिश 1-0-4-0, सुंदर 4-0-7-0.

### बुमराह के 200 टेस्ट विकेट पूरे

मेलबोर्न। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के चौथे दिन के खेल के दौरान टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट पूरे करने वाले रवींद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बन गए। वह दुनिया के पहले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 20 से कम के औसत से यह उपलब्धि हासिल की है।

बुमराह ने लंच के बाद के सत्र में ट्रेविस हेड (01) को अपना 200वां शिकार बनाया, जिससे उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में जडेजा की बराबरी की।

बुमराह ने भारतीय तेज गेंदबाजों के बीच सबसे कम मैच में यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने महान ऑलराउंडर कपिल देव को पीछे छोड़ा, जिन्होंने अपने 50वें टेस्ट में 200 विकेट के आंकड़े को छुआ था।

बुमराह और जडेजा दोनों ने अपने 44वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की और वह टेस्ट क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले 12वें भारतीय गेंदबाज हैं।

हाल ही में संन्यास लेने वाले भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 200 विकेट लेने वाले भारतीयों की सूची में सबसे तेज हैं। उन्होंने अपने 37वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की थी। अश्विन सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दुनिया में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे आगे दो लेग स्पिनर हैं- पाकिस्तान के यासिर शाह (33 टेस्ट) और ऑस्ट्रेलिया के क्लेरी ग्रिमेट (36 टेस्ट)।

## खिलाड़ियों को सिनर, स्वियातेक के डोपिंग मामलों पर अंधेरे में रखा गया : जोकोविच

**एजेंसी, ब्रिसबेन**



दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को इस खेल में डोपिंग से जुड़े हाई-प्रोफाइल मामलों से निपटने में 'दोहरे मापदंड' अपनाने की आलोचना की। जोकोविच चोट से उबर कर सोमवार से शुरू होने वाले 'ब्रिसबेन इंटरनेशनल' से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच 2009 के बाद पहली बार 'ब्रिसबेन इंटरनेशनल' में भाग लेंगे। उन्होंने कहा, ''मैं यह सवाल नहीं कर रहा हूं कि (सिनर ने) जानबूझकर प्रतिबंधित पदार्थ लिया था या नहीं। हमने अतीत और वर्तमान में बहुत सारे खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थों के लिए जांच में पॉजिटिव आने के कारण निलंबित होते देखा है। 'कम रैंकिंग वाले कुछ खिलाड़ी एक साल से अधिक समय से अपने मामले के सुलझने का इंतजार कर रहे हैं। मैं वास्तव में निराश हो हूं। हमें (सिनर मामले पर) कम से कम पांच महीने तक अंधेरे में रखा गया।'' इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने सिनर और पूर्व महिला विश्व नंबर एक इगा स्वियातेक दोनों पर साल की शुरुआत में डोपिंग रोधी उल्लंघन का आरोप लगाया था।

## दक्षिण अफ्रीका डब्ल्यूटीसी के फाइनल में

**एजेंसी, सेंचुरियन**

दक्षिण अफ्रीका के पुछल्ले बल्लेबाजों कैगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने मोहम्मद अब्बास की घातक गेंदबाजी के बावजूद 9वें विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके रविवार को यहां अपनी टीम को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में दो विकेट से रोमांचक जीत दिलाकर उसकी अगले साल जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भी जगह पक्की की।



दक्षिण अफ्रीका के सामने 148 रन का लक्ष्य था, लेकिन मैच के चौथे दिन एक समय उसकी टीम आठ विकेट पर 99 रन के स्कोर पर हार के कगार पर खड़ी थी। रबाडा (नाबाद 31) और यानसन (नाबाद 16) ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली और अपनी टीम का स्कोर आठ विकेट पर 150 रन पर पहुंचाकर उसे अप्रत्याशित जीत दिलाई।

यानसन ने अब्बास पर चौका लगाकर दक्षिण अफ्रीका को लक्ष्य तक पहुंचाया। अब्बास ने 54 रन देकर छह विकेट लिए, लेकिन तीन साल से भी अधिक समय के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले इस तेज गेंदबाज का यह प्रयास आखिर में नाकाफी साबित हुआ।

## शतरंज

### पुरुष वर्ग का खिताब रूस के 18 वर्षीय वोलोडर मुर्जिन ने जीता

# कोनेरू हंपी ने विश्व रेपिड शतरंज खिताब जीता

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

भारत की कोनेरू हंपी ने रविवार को यहां इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर ऐतिहासिक दूसरी बार विश्व रेपिड शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीता। हंपी ने 2019 में जॉर्जिया में यह प्रतियोगिता जीती थी और भारत की नंबर-1 महिला खिलाड़ी चीन की जू वेनजुन के बाद एक से अधिक बार यह खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं। सैंतीस वर्षीय हंपी ने संभावित 11 में से 8.5 अंक के साथ टूर्नामेंट का अंत किया।

हंपी ने जीत दर्ज करने के बाद कहा, ''मैं बहुत उत्साहित हूं और मुझे बहुत खुशी है। मुझे उम्मीद थी कि यह बहुत कठिन दिन होगा, किसी तरह के टाई-ब्रेक की तरह, लेकिन जब मैंने बाजी खत्म की, मुझे तब पता चला जब मध्यस्थ ने मुझे बताया और यह मेरे लिए एक तनावपूर्ण क्षण था।''



काले मोहरों के साथ खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने कहा, ''यह काफी अप्रत्याशित है क्योंकि पूरे साल मैं संघर्ष करती रही हूं और कई टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी खराब था जहां मैं अंतिम स्थान पर रही। इसलिए यह मेरे लिए आश्चर्य की तरह है।''

हंपी की उपलब्धि के साथ भारतीय शतरंज के लिए एक शानदार वर्ष का अंत हुआ। इससे पहले डी गुकेश हाल ही में सिंगापुर में क्लासिकल प्रारूप विश्व चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को हराकर चैंपियन बने थे। हंपी ने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि यह मेरे परिवार के समर्थन की वजह से संभव हुआ। मेरे पति और मेरे माता-पिता...वे मेरा बहुत समर्थन करते हैं। जब मैं यात्रा करती हूं तो मेरे माता-पिता मेरी बेटी की देखभाल करते हैं।''

हंपी ने कहा, ''37 साल की उम्र में विश्व चैंपियन बनना आसान नहीं है। जब आपकी उम्र बढ़ती है तो उस प्रेरणा को बनाए रखना और जरूरत पड़ने पर चुस्त बने रहना काफी मुश्किल होता है। मुझे खुशी है कि मैं यह कर पाई।'' अनुभवी हंपी ने स्वीकार किया कि पहले दौर की हार के बाद वह खिताब के बारे में नहीं सोच रही थीं।

रूस के 18 वर्षीय वोलोडर मुर्जिन ने पुरुष वर्ग का खिताब जीता। नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बाद मुर्जिन दूसरे सबसे युवा फिडे विश्व रेपिड चैंपियन हैं। नोदिरबेक ने 17 वर्ष की उम्र में खिताब जीता था।

### कोनेरू हंपी की दृढ़ता और प्रतिभा लाखों लोगों को प्रेरित करने वाली: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी की अपने करियर में दो बार फिडे महिला विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतने की उपलब्धि की सराहना की।



मोदी ने 'एक्स' पर हंपी को टैग करते हुए लिखा, '' हंपी को 2024 फिडे महिला विश्व रैपिड चैंपियनशिप जीतने पर बधाई। उनकी दृढ़ता और प्रतिभा लाखों लोगों को प्रेरित करती है।'' हंपी की उपलब्धि के साथ भारतीय शतरंज के लिए एक शानदार वर्ष का अंत हुआ। इससे पहले डी गुकेश हाल ही में विश्व चैंपियनशिप में डिंग लिरेन को हराकर चैंपियन बने थे।

### अर्शदीप और मंधाना आईसीसी पुरस्कार के लिए नामांकित

**दुबई।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को इस सत्र में संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने और भारत की टी-20 विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए 'आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार' के लिए नामांकित किया गया है।

अर्शदीप इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और जिंबाब्वे के सिकंदर रजा के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। वहीं भारत की स्मृति मंधाना भी आईसीसी पुरस्कार की दौड़ में शामिल रहेंगी जिन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर' के लिए नामांकित किया गया है। लॉरा वोल्वार्ड्ट (दक्षिण अफ्रीका), चामरी अटापट्टू (श्रीलंका) और अनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया) अन्य अनुभवी क्रिकेटर हैं जो इस पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।